* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

30 अगस्त, 2022
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 07, अंक 310

कलम कलम बढ़ाये जा


# आजाद सिपाही


हिमंत बिस्वा सरमा बोले : मदरसे आतंक का हब, यहां पढ़ाई के बदले आतंकियों की ट्रेनिंग हो रही




SURJABASHA





# जस्टिस फॉर अंकिता

# अंकिता की मौत पर झारखंड में उबाल

- दुमका से लेकर हर जगह हो रही न्याय की मांग
- दुमका में बाजार रहे बंद धारा 144 लागू
- एडीजी मुरारीलाल मीणा और सीआइडी के आइजी असीम विक्रांत मिंज पहुंचे घर
- मामले में महिला आयोग ने लिया संज्ञान डीजी से मांगी रिपोर्ट
- राज्यपाल रमेश बैस ने मुख्य सचिव और डीजीपी को किया तलब
- पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी का वीडियो जारी किया

## हेमंत सरकार ने अंकिता के परिजनों को दी 10 लाख की सहायता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/दुमका।** अंकिता जब तक जिंदा थी, खबर न बन सकी। जैसे ही वह जिंदगी की जंग हार गयी, पूरा झारखंड हिल गया। उसने झारखंड को रूला दिया। अब तो पूरे देश में अंकिता पर ढाये गये जुल्म की चर्चा हो रही है। राज्य सरकार से लेकर राजभवन तक, महिला आयोग से लेकर राजनीतिक दलों तक में खलबली मच गयी है। हर कोई एक्शन में आ गया है। जैसे ही इस मामले को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गंभीर हुए, पूरा पुलिस-प्रशासनिक अमला हिल गया। हेमंत सोरेन ने अंकिता के परिजनों को दस लाख रुपये की मुआवजा राशि देने की घोषणा की। उनके आदेश देते ही राज्य के एडीजी मुरारीलाल मीणा अंकिता के घर पहुंच गये जांच करने। उनके साथ सीआइडी के आइजी असीम विक्रांत मिंज भी थे। दुमका के एसपी खुद बार-बार अंकिता के घर जा रहे हैं। इधर झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस ने मामले में सज्ञान लेते हुए राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह और डीजीपी नीरज सिन्हा को तलब किया है। राजभवन ने भी अंकिता के परिजनों को दो लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की। महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने भी डीजीपी से रिपोर्ट मांगी है। अब अंकिता को न्याय दिलाने में लोग जुटे हैं। हर तरफ से अंकिता पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगाने और अंततः उसे मौत की नींद सुलानेवाले शाहरुख हुसैन को फांसी देने की मांग उठ रही है। जैसे ही अंकिता का शव रांची के रिम्स से दुमका पहुंचा, पूरे शहर में उबाल आ गया। वहां के दुकानदारों ने स्वतः अपनी दुकानें बंद कर दीं। युवक सड़कों पर उतर आये। इसे देखते हुए पूरा प्रशासनिक अमला डोलने लगा। उधर अंकिता की मौत के बाद भाजपा विधायक दल के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने स्थानीय पुलिस और खासकर वहां के डीएसपी नूर मुस्तफा की भूमिका पर सवाल उठाया। इस मामले को लेकर राजनीतिक दल भी रेस हो गये हैं। सत्ता से लेकर विपक्ष तक दोषी को फांसी देने की मांग कर रहा है। सोशल मीडिया पर अंकिता के मरने से पहले उसका एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसने लोगों को झकझोर कर रख दिया है। वीडियो में अंकिता कह रही है कि उसके गुनाहगार को कड़ी से कड़ी सजा मिले। उसने आरोपियों का नाम भी लिया है। उसने प्रशासन से अपील की है कि जिस तरह से तड़पते हुए वो मर रही है, उसी तरह से उसके गुनहगारों को भी मौत की सजा दी जाये। इन सभी को देखने के बाद सभी की एक ही मांग है-'जस्टिस फॉर अंकिता।'



सीएम हेमंत सोरेन के आदेश के बाद अंकिता के परिजनों को सहायता राशि देते दुमका डीसी।

### कड़ी सुरक्षा के बीच हुआ अंतिम संस्कार

दुमका में व्यवसायी संजीव सिंह की बेटी अंकिता को पड़ोस में ही रहने वाला शाहरूख हुसैन दो साल से काफी समय से परेशान कर रहा था। अंकिता 12वीं कक्षा की छात्रा थी। शाहरूख ने कहीं से अंकिता का नंबर हासिल कर लिया था। तभी से वह एकतरफा प्यार में अंकिता पर दोस्ती करने का दबाव डाल रहा था। अंकिता जब राजी नहीं हुई तो उसने जघन्य घटना को अंजाम दिया। अंकिता 23 अगस्त को घर में सोयी हुई थी। इसी बीच शाहरुख उसके घर पहुंचा और खिड़की से उस पर पेट्रोल फेंक दिया। जब तक वह कुछ समझ पाती आरोपी ने माचिस जला कर उसको आग के हवाले कर दिया। स्थानीय अस्पताल में तात्कालिक इलाज के बाद उसे रिम्स में भर्ती कराया गया था, जहां शनिवार रात को उसकी मौत हो गयी। सोमवार को भारी सुरक्षा और डीसी-एसपी की मौजूदगी में अंकिता का अंतिम संस्कार किया गया। सोमवार सुबह नगर थाना क्षेत्र के बेदिया श्मशान घाट पर कड़ी सुरक्षा के बीच दाह संस्कार हुआ। श्मशान घाट पर उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक अंबर लकड़ा समेत काफी संख्या में लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। अंकिता की अंतिम विदाई में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी।

### बहुत दुखद घटना है यह : राष्ट्रपति



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि दुमका की बेटी जिनको पेट्रोल डाल कर जलाया गया था, वह अब इस दुनिया में नहीं रहीं। अंकिता सिंह जीवन का जंग हार गयीं। भगवान उनकी अत्मा को शांति दे। एक बेटी को इंसाफ चाहिए। मैं झारखंड सरकार से निवेदन करती हूं कि बेटी को इंसाफ दिलायें।

## हमारी कोशिश आरोपी को मिले कड़ी सजा: मुख्यमंत्री




रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि दुमका की घटना हृदय विदारक है। सभ्य समाज में ऐसी घटनाओं के लिए जगह नहीं है। हमारी कोशिश होगी कि आरोपी को कड़ी सजा मिले। इससे पहले स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि सरकार गंभीर है। दोषी को बख्शा नहीं जायेगा। हमने दो बार डीसी से बात की है। स्पीडी ट्रायल कराया जायेगा। किसी तरह की कोताही नहीं बरती जायेगी। इस बीच मुख्यमंत्री के आदेश के बाद उपायुक्त दुमका ने दिवंगत अंकिता के परिजनों को सहायता राशि के रूप में कुल 10 लाख रुपये उपलब्ध कराया है। मुख्यमंत्री को उपायुक्त दुमका ने बताया कि मामले में संबंधित सह-अभियुक्त को भी गिरफ़्तार किया जा चुका है।

## डीएसपी आरोपी को बचाने का प्रयास कर रहे: बाबूलाल



रांची। भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि डीएसपी नूर मुस्तफा के खिलाफ दुमका समेत पूरे राज्य के लोगों में भारी आक्रोश है। उनके वहां रहते लोगों को न्याय की उम्मीद नहीं है। मरांडी ने एक के बाद एक ट्वीट में कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इससे पहले मामला और बिगड़े, इस षड्यंत्रकारी डीएसपी नूर मुस्तफा पर एफआइआर दर्ज करा कर उसे जेल भिजवाइये। उन्होंने यह भी लिखा है कि डीएसपी नूर मुस्तफा घोर आदिवासी विरोधी है। उस इलाके में कोयला, बालू, पत्थर चोरी के सरगनाओं का संरक्षक और हिस्सेदार रहा है। मरांडी ने कहा कि खबरों के मुताबिक दुमका में अंकिता को जलाये जाने के मामले में वहां के डीएसपी नूर मुस्तफा ने शुरू से ही अभियुक्त शाहरुख हुसैन को बचाने का प्रयास किया। एफआइआर में युवती अंकिता को नाबालिग की जगह बालिग लिखवा दिये जाने की बात खबरों में आ रही है।

## राज्यपाल ने जताया दुख, दो लाख अनुदान की घोषणा की



रांची। राज्यपाल रमेश बैस ने अंकिता की मौत पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि एक लड़की जिसने अभी पूरी दुनिया भी नहीं देखी थी, उसका इस प्रकार से अंत बहुत ही पीड़ादायक है। राज्यपाल ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। सोमवार को उन्होंने अंकिता के पिता से बात कर उनसे पूरी घटना की जानकारी ली एवं व्यक्तिगत रूप से सांत्वना दी। राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि ऐसी घटनाओं से राज्य की छवि पर विपरीत असर पड़ता है। उन्होंने पुलिस महानिदेशक से फोन पर बात की। इस मामले में स्थानीय पुलिस की भूमिका की जांच करने का आदेश दिया। राज्यपाल ने इस घटना की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में करने की बात कही। राज्यपाल ने पीड़ित के परिवार को तत्काल दो लाख रुपये अपने विवेकाधीन अनुदान मद से देने की भी घोषणा की।

## गुलाम नबी ने की मोदी की तारीफ,बोले मैं उन्हें 'कठोर' समझता था, पर उनमें इंसानियत है

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद गुलाम नबी आजाद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि मैं उन्हें बहुत कठोर आदमी समझता था, लेकिन उनमें इंसानियत तो है। मुझे लगता था कि उनकी बीवी नहीं है, बच्चे नहीं हैं तो उनको कोई परवाह नहीं होगी, लेकिन ऐसा नहीं है। आजाद ने कांग्रेस वर्किंग कमेटी पर हमला भी बोला है। उन्होंने कहा कि इस संस्था का कोई मतलब नहीं रह गया है। चौकीदार चोर है का नारा सिर्फ राहुल गांधी का था। उसके समर्थन में कोई वरिष्ठ नेता नहीं आया था। गुलाम नबी आजाद ने कहा है कि इस्तीफे की चिट्ठी लिखने के पहले और उसके बाद 6 दिन तक मैं सोया नहीं हूं। इस पार्टी को मैंने अपने खून से सींचा है। उसमें कहां-कहां से लोग आ गये हैं, जो किसी काम के नहीं हैं। कहीं की ईंट, कहीं का रोड़ा वो हमसे मुकाबला कर रहे हैं। जिन्हें अपने घर का पता नहीं है और वो हमसे सवाल करते हैं। सोनिया गांधी के लिए मेरे मन में आज भी वही इज्जत है, जो 30 साल पहले थी। राहुल गांधी के लिए भी वही इज्जत है, क्योंकि वे इंदिरा गांधी का परिवार हैं, राजीव-सोनिया के बेटे हैं। निजी तौर पर मैं उनके लंबे जीवन की कामना करता हूं। आजाद ने कहा कि उन पर आरोप लगाये जा रहे हैं कि उन्होंने पीएम मोदी से नजदीकी के चलते कांग्रेस से इस्तीफा दिया है। उन्होंने कहा कि मुझसे कहा जा रहा है कि मैं मोदी से मिला हुआ हूं।

# सियासी हलचल के बीच राज्यपाल से मिलना चाहते हैं यूपीए विधायक

## महागठबंधन को हॉर्स ट्रेडिंग का डर, साथ ही 50 विधायकों का दावा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में जारी सियासी संकट के बीच महागठबंधन की सरकार अब राज्यपाल पर नोटिफिकेशन जारी करने का दबाव बनाने लगी है। महागठबंधन के विधायकों ने आरोप लगाया है कि राज्यपाल नोटिफिकेशन जारी करवाने में जानबूझ कर देरी कर रहे हैं, ताकि भाजपा को हॉर्स ट्रेडिंग करने का समय मिल जाये। महागठबंधन के विधायकों ने राज्यपाल रमेश बैस से मुलाकात के लिए समय मांगा है।

महागठबंधन के विधायकों का एक प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिलकर चुनाव आयोग के फैसले को सार्वजनिक करने की मांग करेगा। हालांकि राज्यपाल ने समय दिया है या नहीं अभी ये स्पष्ट नहीं हो पाया है।

**महागठबंधन को हार्स ट्रेडिंग का डर :** राजनीतिक गलियारे में चर्चा है कि महागठबंधन को हार्स ट्रेडिंग का डर है। इसलिए वह लगातार अपने विधायकों को एकजुट रखने का प्रयास कर रहा है। कभी पिकनिक के बाहने तो कभी बैठक के बहाने विधायकों की उपस्थिति दर्ज करायी जा रही है। कास कर कांग्रेस विधायकों को लेकर सभी काफी सशंकित हैं। कांग्रेस अपने विधायकों को एकजुट करने की कोशिश में जुटी है। इसलिए कांग्रेस प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे पिछले दो दिनों से झारखंड में डेरा डाले हुए हैं और विधायकों से वन टु वन मीटिंग कर रहे हैं।

### राजभवन पर बना रहे दबाव

इस बीच, अब महागठबंधन के नेता राजभवन पर दबाव बनाने लगे हैं। वे सीधा राज्यपाल को चुनौती दे रहे हैं। चंपई सोरेन ने कहा कि राजभवन के पास अगर निर्वाचन आयोग ने कोई रिपोर्ट भेजी है, तो उसे तत्काल ही सार्वजनिक करना चाहिए। वहीं, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि रोज-रोज घुट-घुट कर मरने से अच्छा है शेर की तरह मरना। कायर की तरह मरना सही नहीं है। इस लिए हम लड़ेंगे ना झुके हैं ना झुकेंगे। जनता ने जो बहुमत दिया है उसका पाई-पाई काम करके जनता को दिखाएंगे। हमारे पास 50 से ज्यादा विधायक हैं।

### सरकार का कामकाज न रूका है, न रूकेगा: हेमंत सोरेन




पिछले कुछ दिनों से झारखंड में चल रही राजनीतिक उठापटक के बीच सोमवार से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उनके कैबिनेट के मंत्रियों ने एक बार फिर से अपने-अपने विभागों में कामकाज को संभाल लिया है। सभी अपने-अपने विभाग पहुंच कर अधिकारियों के साथ लंबित फाइलों का निपटारा कर रहे हैं। प्रोजेक्ट भवन पहुंचने वालों में ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, कल्याण मंत्री हफिज़ुल अंसारी, शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो शामिल हैं। वहीं स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने नेपाल हाउस जाकर अपने विभाग में लंबित फाइल निपटायी। शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने अपने विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर शिक्षा से जुड़े कई कार्यों की समीक्षा बैठक की। प्रोजेक्ट भवन पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मीडियाकर्मियों से भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि सरकार का कामकाज न रूका है न रुकेगा। सरकार जनता के हित में लगातार अपना काम करती रहेगी।

### जल्दबाजी ना दिखायें हेमंत सोरेन : बाबूलाल मरांडी

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने यूपीए नेताओं से संवैधानिक संस्थाओं को निष्पक्ष काम करने देने को कहा है। उन्होंने कहा कि यूपीए के नेता संवैधानिक संस्थाओं पर भरोसा रखें। उन्हें निष्पक्ष काम करने दें। मुख्यमंत्री से जुड़े मामले में चुनाव आयोग या राज्यपाल की भूमिका पर जबरन सवाल उठा कर निष्पक्ष संस्थाओं को घेरने का काम किया जा रहा है। बेहतर होता कि महागठबंधन के नेता पहले आयोग के फैसले का इंतजार करते। फैसला आने के पूर्व ही संस्थाओं को कटघरे में खड़ा किया जा रहा है। महागठबंधन के लोग बतायें कि चुनाव आयोग ने मुख्यमंत्री को पक्ष रखने का हर मौका दिया या नहीं। कई बार सुनवाई टाली गयी। मामले में जानबूझ कर देरी की गयी। बाबूलाल मरांडी के मुताबिक बीमारी से लेकर तमाम तरह के बहाने बनाकर संवैधानिक संस्थाओं से बार-बार समय सीएम मांगते रहे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अब इतनी जल्दबाजी है कि चुनाव आयोग, राज्यपाल तक पर निर्णय तुरंत करने का दवाब बना रहे हैं। ऐसा लगता है कि सीएम को अपने विधायकों पर विश्वास नहीं है।

### बसंत सोरेन केस पर हुई सुनवाई

दुमका के झामुमो विधायक बसंत सोरेन के मामले में केंद्रीय चुनाव आयोग में सोमवार सुनवाई हुई। झारखंड भाजपा की तरफ से लीगल टीम के प्रतिनिधि शैलेश मंडियाल ने बताया कि सोमवार को (प्रारंभिक आपत्ति) पर बहस हुई है। आगे की बहस के लिए अभी तारीख तय नहीं की गयी है। सोमवार को दोनों पक्षों ने अपनी बात रखी है। वहीं विधायक बसंत सोरेन की लीगल टीम के प्रतिनिधि वरीय अधिवक्ता एस के मेहंदी ने कहा कि अगर यह मामला डिसक्वालीफिकेशन का केस है, तो भी यह प्री-इलेक्शन डिसक्वालीफिकेशन केस है।

आजाद सिपाही
187200 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 48,800 रु./10 ग्राम |
| सोना (खरीद) | 45,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 58,000 रु./प्रति किलो |



# कई समानताएं हैं सोनिया और नीतीश की शख्सियत में

## इसलिए दोनों की राजनीतिक गाड़ी अक्सर एक ही स्टेशन पर रुकती है

**आजाद सिपाही विशेष**

बरसों पहले हिंदी की एक फिल्म आयी थी इंकलाब। इसका एक डायलॉग बहुत चर्चित हुआ था, जिसमें नायक कहता है: यह राजनीति भी अजीब ब्रांड की गाड़ी है, जिसके दो मॉडल में इंजन से लेकर सब कुछ अलग-अलग होता है, यहां तक कि पहिये का साइज भी। यदि कोई दो मॉडल एक जैसा निकले, तो समझ लेना कि दोनों का बंटाधार निश्चित है। भारत के वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में यह डायलॉग बहुत फिट बैठता है, क्योंकि यहां हर दल अलग-अलग रंग में रंगा नजर आता है, लेकिन कम से दो ऐसे राजनीतिक व्यक्तित्व ऐसे हैं, जिनमें बहुत सारी समानताएं हैं। भारतीय राजनीति के ये दो नेता अलग-अलग पार्टियों के हैं, लेकिन वे अपने आपमें विशिष्ट हैं। इनके जैसा कोई नहीं है। ये हैं कांग्रेस की सोनिया गांधी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार। नीतीश कुमार राजनीति में पूरी तरह सक्रिय हैं, जबकि सोनिया गांधी स्वास्थ्य कारणों से राजनीति में अधिक सक्रिय नहीं हैं। इसके बावजूद इन दोनों के व्यक्तित्व में इतना अधिक साम्य है कि किसी को भी आश्चर्य लग सकता है। वैसे तो गोस्वामी तुलसीदास ने कहा है, प्रभुता पाये काहे मद ना आये, यानी जिसको भी पद मिलता है, उसमें अहंकार या घमंड आ ही जाता है और यह बात समान रूप से सारे सत्ताधारियों के लिए सही है। वे चाहे सरकार में हों, किसी संगठन या किसी कंपनी में हों, कहीं भी हों, जो सत्ता में हैं, उनमें यह बात होती ही है। सोनिया गांधी और नीतीश कुमार भी इसी बीमारी से ग्रस्त हैं। उन्हें लगता है कि उनके सामने दूसरा कोई भी उनकी बराबरी नहीं कर सकता है और उनका यही अहंकारी भाव उन्हें राजनीति के मैदान में अब भी सेंटर फॉरवर्ड के रूप में खेलने से रोक रहा है और वे रक्षात्मक भूमिका में ही नजर आते हैं। सोनिया गांधी और नीतीश कुमार के व्यक्तित्व की इन्हीं समानताओं का बारीक अध्ययन कर उनका विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

राजनीति के बारे में चाणक्य नीति कहती है कि इसमें दूसरे के गुणों को बिना जांचे-परखे आत्मसात नहीं करना चाहिए, लेकिन भारत की आधुनिक राजनीति में कम से कम दो शख्सियतों ने इससे कोई सबक नहीं सीखा है। ये दो हैं सोनिया गांधी और नीतीश कुमार, जो हमेशा खुद को सर्वश्रेष्ठ मानते हैं। राजनीति में ऐसे नेताओं की तीन-चार तरह की श्रेणी होती है। पहला, जिन्होंने इसे अर्जित किया है, यानी अपनी लोकप्रियता और जनाधार से जिन्होंने अपने वर्चस्व या प्रभुत्व को अर्जित किया है। दूसरी श्रेणी में वे आते हैं, जिन्होंने अपनी लोकप्रियता और जनाधार के कारण इसे अर्जित तो किया है, लेकिन जब वह खत्म हो गया, तब भी उनको अहसास नहीं होता है कि समय बदल गया है, अब उनके पास वह अधिकार नहीं है। अब उनकी बातें लोग उस तरह से नहीं सुनेंगे। उनको इस बात का कभी जरा भी अहसास नहीं होता कि समय के साथ उनको बदल जाना चाहिए और वास्तविकता को स्वीकार कर लेना चाहिए। तीसरी श्रेणी उन लोगों की है, जो पद के कारण यह अधिकार पा जाते हैं। पद मिल गया, तो उनको लगता है कि अब वह सर्वेसर्वा हैं। अब उन पर कोई सवाल नहीं उठा सकता, उनसे कोई सवाल नहीं पूछ सकता। उनकी बात अंतिम सत्य की तरह स्वीकार की जानी चाहिए। ऐसे लोगों के साथ पद जाने के बाद जो होता है, वह उनके लिए बड़ा कष्टदायी होता है। चौथी श्रेणी ऐसे लोगों की है, जो अपनी पारिवारिक पृष्ठभूमि के कारण यह अधिकार समझते हैं। इन सबको अगर जोड़ कर कहें, तो मनोविज्ञान की भाषा में इसे 'सेंस ऑफ इनटाइटलमेंट' कि हम इस परिवार से हैं, हमारा ऐसा जनाधार है, हमारी ऐसी लोकप्रियता है, हमारे पास सत्ता की बागडोर है, इसलिए हम सर्वश्रेष्ठ हैं। हम पर कोई सवाल नहीं उठा सकता। सब लोग हमारे खिलाफ षडयंत्र कर रहे हैं। यह जो भाव है, यह इनको कभी चैन से बैठने नहीं देता है। सोनिया गांधी और नीतीश कुमार के व्यक्तित्व का विश्लेषण करने पर यह समानता बेहद मजबूती से सामने आती है।

### वर्चस्व की गलतफहमी

पहले बात करेंगे नीतीश कुमार की। नीतीश कुमार एनडीए छोड़ कर महागठबंधन के साथ चले गये हैं। उनको लग रहा था कि भाजपा उनकी पार्टी तोड़ने की कोशिश कर रही है। उन्हें किसी पर भरोसा नहीं है। वह किसी पर भरोसा कर ही नहीं सकते। उनका कोई करीबी नहीं होता, वरना आरसीपी सिंह से ज्यादा करीबी नीतीश कुमार का तो कोई था ही नहीं। मगर नीतीश कुमार को सबसे ज्यादा शक आरसीपी पर ही था कि वह भाजपा से मिल गये हैं और साजिश कर रहे हैं। 2017 में भी उन्होंने महागठबंधन इसीलिए छोड़ा था। उनको डर था कि मोहम्मद शहाबुद्दीन के जरिये लालू यादव उनकी पार्टी को तोड़ने और उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटाने की कोशिश हो रहे हैं। नीतीश कुमार शुरू से ऐसे नहीं थे। उन्होंने जॉर्ज फर्नांडीस के अनुयायी के रूप में जूनियर नेता के रूप में जनता दल में शुरुआत की। यह अलग बात है कि जैसे ही उनको सत्ता मिली, उन्होंने सबसे पहला निशाना जॉर्ज फर्नांडीस को ही बनाया। उन्हें राजनीतिक हाशिये पर धकेल दिया। अब नीतीश कुमार की उम्र बढ़ रही है। वह अपनी आखिरी पारी खेल रहे हैं, लेकिन अभी भी अपनी शर्तों पर ही खेलना चाहते हैं। अब यह निर्भर करता है कि तेजस्वी उन्हें कितना खेलने देते हैं। अब बात करते हैं सोनिया गांधी की। सोनिया गांधी नेहरू-गांधी परिवार की सदस्य हैं, इंदिरा गांधी की बहू हैं। हर बात पर कहती हैं कि मैं इंदिरा गांधी की बहू हूं, डरती नहीं हूं। वह यह नहीं बतातीं कि उन्हें डरने को कौन कह रहा है। लेकिन कानून से तो डरना पड़ता है। सोनिया गांधी ने कांग्रेस का अध्यक्ष पद कैसे हासिल किया, यह किसी से छिपा नहीं है। किस तरह से सीताराम केसरी, जो उस समय कांग्रेस अध्यक्ष थे, को धक्का देकर सोनिया गांधी को अध्यक्ष बनाया गया। जिन लोगों ने बनवाया, वही लोग बाद में पछताये। जब तक मनमोहन सिंह की सरकार थी, सोनिया गांधी एक तरह से समानांतर सत्ता का केंद्र थीं। वहां से सब कुछ तय होता था। उनके इस अहं का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है कि वह सत्ता में रहें या सत्ता से बाहर रहें, उनकी चलती थी, अपनी और यहां तक कि विपक्षी दल की सरकार में भी।



### सच्चाई स्वीकार करने को तैयार नहीं

अब नीतीश कुमार के साथ जो समस्या है, वही समस्या सोनिया गांधी के साथ है कि इस सरकार ने सबको बराबरी पर ला दिया है। कानून की नजर में सब बराबर हैं। अगर आपने घोटाला किया है, तो जांच एजेंसियों के सामने और अदालत में पेश होना पड़ेगा। इस सच्चाई को स्वीकार करने के लिए सोनिया और नीतीश तैयार नहीं हैं। नीतीश कुमार को यह समझ में नहीं आ रहा है कि ऐसा भाजपा में कैसे हो सकता है कि उनकी बात अंतिम सत्य न मानी जाये। वह इस बात को स्वीकार करने को ही तैयार नहीं हैं। उनको लग रहा है कि उनके खिलाफ साजिश हो रही है। यह शक उनको खाये जा रहा है। इसी शक में वह भागते रहते हैं। यही हाल सोनिया गांधी का है। उनको लग रहा है कि पूरी सरकार उनके खिलाफ बहुत भारी साजिश कर रही है। उनको इस बात से कोई मतलब नहीं है कि उन्होंने नेशनल हेराल्ड के मामले में क्या किया है। उन्होंने गलत किया है, तो क्यों किया है। उसकी जिम्मेदारी किसकी बनती है? अगर नेशनल हेराल्ड में 76 प्रतिशत शेयर होल्डिंग सोनिया गांधी और राहुल गांधी की हो गयी, तो इसमें मोदी और भाजपा की क्या भूमिका है? यह तो उन्होंने ही किया है। अगर मनी-लांड्रिंग हुई है, जो जमीन सस्ते दाम पर दी गयी थी अखबार के लिए, उस पर मॉल बना दिया गया, दुकानें बना दी गयीं, उनका किराया लिया जा रहा है, तो इसमें गलती भाजपा या नरेंद्र मोदी की क्या है, इसका तो जवाब उनको ही देना पड़ेगा। मगर समस्या यह है कि उनको लगता है कि उनसे कैसे सवाल पूछा जा रहा है। हम किसी के लिए जवाबदेह नहीं हैं। हम तो फैसला सुनाते हैं और हमारा फैसला अंतिम सत्य माना जाना चाहिए।

### कांटों भरा आगे का रास्ता

यही दो नेता ऐसे नहीं हैं, लेकिन इनके साथ समस्या ज्यादा है। ये दोनों एक ही रोग के मरीज हैं और दोनों की दवा एक ही है कि इनको बार-बार इस बात का अहसास कराया जाये कि आप उतने ही वीआइपी हैं, उतने ही विशिष्ट हैं, जितने कि भारत का कोई सामान्य नागरिक। आपको जो विशेष अधिकार मिला हुआ था, वह अनधिकृत था। उसके लिए आप फिट नहीं थे। आपके मन में यह जो अहंकार था, उसके लायक आप नहीं हैं। लोकतंत्र में आपको इस सच्चाई को स्वीकार करना पड़ेगा, लेकिन इस सच्चाई को न तो नीतीश कुमार और न सोनिया गांधी स्वीकार करने को तैयार हैं। इसलिए दोनों का आगे का रास्ता बड़ा कांटों भरा होनेवाला है।

# झारखंड को मिले आठ नये आइपीएस

## दो अधिकारियों को मिला होम कैडर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड को आठ नये आइपीएस मिले हैं। इनमें दो आइपीएस को होम कैडर मिला है। 2020 यूपीएससी से आइपीएस बने 200 आइपीएस अफसरों में से आठ को झारखंड कैडर अलॉट किया गया है। यूपीएससी में 133 से लेकर 627 रैंक तक लानेवाले अफसरों को झारखंड कैडर मिला है। शुभम कुमार खंडेलवाल और ऋत्विक श्रीवास्तव को होम कैडर मिला है।

**ये हैं आठ नये आइपीएस अधिकारी, जिन्हें मिला है झारखंड कैडर**

- शुभम कुमार : रैंक 133
- ऋत्विक श्रीवास्तव: रैंक 155
- पारस राणा: रैंक 388
- राकेश सिंह: रैंक 412
- सुमन नाला: रैंक 439
- गौरव गोस्वामी: रैंक 443
- मोहम्मद याकूब: रैंक 450
- ललित मीना: रैंक 627

### झारखंड में है आइपीएस की कमी

राज्य में कानून व्यवस्था की कमान संभालने में मुख्य भूमिका निभानेवाले आइपीएस अधिकारियों की कमी है। झारखंड कैडर में आइपीएस अधिकारियों के स्वीकृत पदों की संख्या 157 है, जिसमें अभी 103 अधिकारी ही हैं। यानी 54 पद सीधे तौर पर खाली पड़े हैं। इसके अलावा झारखंड पुलिस के 19 आइपीएस के पास अपने काम के अलावा अतिरिक्त विभाग का प्रभार है। ये सभी आइपीएस अपने-अपने विभाग के कामकाज के अलावा दूसरे विभाग का कामकाज देख रहे हैं। इसके अलावा कई जिलों के एसपी भी अपने जिला की सुरक्षा और विधि व्यवस्था से संबंधित कामकाज देखने के साथ-साथ जैप, आइआरबी और एसआइआरबी जैसी बटालियन के कामकाज को भी देख रहे हैं। वर्तमान में राज्य में 82 आइपीएस अधिकारियों की ही तैनाती है।

# रणधीर कुमार सिंह को हाइकोर्ट से मिली राहत

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की अदालत में सोमवार को मधुपुर अनुमंडल अंतर्गत चितरा थाने से जुड़े एक मामले में सारठ विधायक रणधीर कुमार सिंह की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने रणधीर कुमार सिंह की याचिका स्वीकृत करते हुए उन्हें अग्रिम जमानत की सुविधा प्रदान की। मामले को लेकर झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड की ओर से प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। इसमें कहा गया था कि इनके एक संबंधी के यहां जले हुए 37 ट्रांसफार्मर रखे पाये गये हैं। प्रार्थी की ओर से हाइकोर्ट के वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार एवं ललित यादव ने पैरवी की।

## प्रेम प्रकाश के घर से एके-47 की बरामदगी का मामला

# इडी ने रांची पुलिस को एफआइआर दर्ज करने को कहा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय ने रांची पुलिस से प्रेम प्रकाश के घर से एके-47 बरामदगी मामले में प्राथमिकी दर्ज करने को कहा है। यदि पुलिस आपराधिक जांच के लिए शिकायत दर्ज नहीं करती है, तो इडी उपयुक्त निर्देश के लिए सक्षम अदालत का दरवाजा खटखटायेगा। इडी पहले ही दोनों हथियार रांची पुलिस की हिरासत में जमा करा चुकी।

### जवानों ने कहा, बलि का बकरा बनाया गया

इस बीच, अपने आधिकारिक हथियारों को गलत तरीके से रखने के लिए निलंबित किये गये कांस्टेबल मुकेश कुमार और श्यामल होरो ने इडी को बताया कि उन्हें बलि का बकरा बनाया गया है, और वे अपने वरिष्ठ के आदेशों का पालन कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि इन पुलिस वालों ने इडी को बताया है कि वे निर्देश के मुताबिक, प्रेम प्रकाश के बॉडीगार्ड के तौर पर काम कर रहे थे। गौरतलब है कि दोनों हथियार रांची पुलिस के हैं और इसी सिलसिले में रांची के एसएसपी किशोर कौशल ने आरक्षी मुकेश कुमार और श्यामल होरो को सरकारी हथियार निजी आवास में रखने के आरोप में निलंबित कर दिया है। इसके अलावा रांची के सार्जेंट मेजर अभिनव नंद पाठक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

**प्रेम प्रकाश ने किये कई खुलासे**

इडी ने इस संबंध में प्रेम प्रकाश से भी पूछताछ की है। कहा जाता है कि प्रेम प्रकाश ने स्वीकार किया था कि अपने दबदबे के कारण उसे रघुबर दास की सरकार के दौरान और हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली वर्तमान सरकार के दौरान सुरक्षा के लिए अंगरक्षकों सहित कई विशेषाधिकार प्राप्त थे। जानकारी के मुताबिक प्रेम प्रकाश ने इडी को बताया कि शुरुआत में एक वरिष्ठ अफसर ने उनकी सिफारिश के बाद अंगरक्षक प्राप्त करने में उनकी मदद की। कहा जाता है कि उक्त नौकरशाह के साथ उसके अच्छे संबंध थे, जो कुछ प्रमुख विभागों के बड़े पदों पर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक प्रेम प्रकाश ने पूछताछ में इडी को बताया है कि कैसे वह ट्रांसफर पोस्टिंग करवा देता था। उसने बताया है कि कैसे एक पोस्टिंग के लिए भुगतान करने के लिए तैयार थे, उन्हें एक वांछनीय पोस्टिंग प्राप्त करने के लिए भुगतान किया था। प्रेम प्रकाश पर शीर्ष अफसर के तबादले और पोस्टिंग में बेवजह दखल देने का आरोप है। एक बार जब उसने एक वरिष्ठ आइपीएस द्वारा अपमानित और उपेक्षित महसूस किया, तो उसने उक्त आइपीएस अधिकारी के स्थानांतरण के लिए पैरवी की ताकि उन्हें हटा दिया जाये।

## कई बीमारियों से थे ग्रसित, रांची चुटिया के रहनेवाले थे सीओ

# साहिबगंज:उधवा अंचल के सीओ का शव बंद कमरे से मिला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज जिले के उधवा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में पदस्थापित अंचल अधिकारी (सीओ) विक्रम महली का शव सोमवार को संदिग्ध परिस्थिति में उनके किराये के आवास में पाया गया। वह अनुमंडल क्षेत्र राजमहल निवासी अंजनी नंदन चौरसिया उर्फ मुन्ना बाबू के मकान में किराया में रहते थे। फिलहाल वह कुछ दिनों से अकेले ही रह रहे थे। सोमवार की सुबह घर में काम करने वाली नौकरानी काम करने के लिए आयी, तो देखा कि दरवाजा अंदर से बंद है और वह फर्श पर गिरे हुए थे। इसके बाद उसने सीओ के चालक मनोज मंडल को इसकी सूचना दी।

### दरवाजा तोड़कर निकाला गया शव

इधर सीओ के चालक मनोज घटनास्थल पर पहुंचा और खिड़की के सहारे उनके चेहरे पर पानी का छिड़काव किया, लेकिन कोई हलचल नहीं हुई। इसके बाद मकान मालिक और अन्य लोगों को सूचना दी। सीओ के किराये के मकान के ठीक बगल में ही कार्यपालक दंडाधिकारी विशाल पांडेय और थाना प्रभारी प्रणित पटेल रहते हैं। ये सभी घटना की सूचना मिलते ही सीओ के मकान के पास पहुंच गये और थाना प्रभारी दरवाजे को तोड़ कर अंदर पहुंचे। वहां पर राजमहल अनुमंडल अस्पताल के प्रभारी उदय टुडू को बुलाया गया। उन्होंने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

> घर में काम करने वाली नौकरानी काम करने के लिए आयी तो सभी को जानकारी हुई

### कई बीमारियों से थे ग्रस्त

प्राप्त जानकारी के अनुसार सीओ कई बीमारियों से ग्रसित थे। पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिला स्थित धुलियान के एक निजी क्लीनिक में उनका इलाज चल रहा था। वहां वह करीब एक माह तक इलाज के लिए भर्ती थे। वह ब्लड प्रेशर, हृदय संबंधी कई तरह की बीमारी से पीड़ित थे। उनके यहां काम करने वाली महिला ने बताया कि वह रविवार की रात करीब आठ बजे खाना बना कर अपने घर गयी थी। इधर आशंका जतायी जा रही है कि तबीयत बिगड़ने पर वह बिछावन पर जाकर लेट गये। शुगर और ब्लड प्रेशर के लो होने की से वजह उनकी मौत हो गयी होगी।

### 9 मार्च 2021 को हुई थी पोस्टिंग

सीओ विक्रम महली रांची स्थित चुटिया के रहनेवाले थे। अंचल प्रखंड कार्यालय उधवा में सीओ के पद पर उन्होंने 9 मार्च 2021 को निवर्तमान बीडीओ सह सीओ राजेश एक्का से पदभार ग्रहण किया था। इससे पहले वह अंचल निरीक्षक के पद पर कार्यरत थे।

### पत्नी व बच्चों के साथ रहते थे किराये के मकान में


अंचल सह प्रखंड कार्यालय उधवा सीओ के पद पर पोस्टिंग होने के बाद विक्रम महली कुछ दिनों बाद ही अपनी पत्नी और बच्चों को लेकर गये थे। वहां राजघाट स्थित किराये के मकान में रहते थे। कुछ दिन पहले पत्नी और बच्चे रांची आये थे और सीओ अकेले वहां रह रहे थे।

# नोएडा के ट्विन टावर को गिराने में झारखंड के वैज्ञानिक भी थे शामिल

> सिंफर के वैज्ञानिकों ने ब्लास्टिंग की डिजाइन एवं विस्फोट की मॉनिटरिंग की

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** नोएडा के बहुचर्चित ट्विन टावर गिराने में धनबाद के वैज्ञानिकों की भी भूमिका रही। धनबाद की केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान (सिंफर) और सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट, रुड़की को नोएडा का ट्विन टावर गिराने के पूरे अभियान की मॉनिटरिंग के लिए बतौर फीस 70 लाख मिले हैं। दोनों ही संस्थाएं सीएसआइआर की यूनिट हैं। सिंफर के वैज्ञानिकों ने टावर में ब्लास्टिंग की डिजाइन एवं विस्फोट की मॉनिटरिंग की। आपको बता दें कि सीएसआइआर



की धनबाद में केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान की प्रयोगशाला है। सिंफर के दो वैज्ञानिक सहित छह टेक्निकल सदस्यों ने इस काम में बिल्डिंग को धराशायी करने वाली अफ्रीकी कंपनी को तकनीकी तौर पर मदद की। अगल-बगल के भवनों की सुरक्षा में भी तकनीकी सहयोग किया। सिंफर की टीम में डॉ. सी सोमिलियाना (मुख्य वैज्ञानिक), डॉ हर्ष वर्मा (सीनियर प्रधान वैज्ञानिक), डॉ रंजीत पासवान, राकेश कुमार सिंह, पुष्पेंद्र पटेल एवं सैकत बनर्जी ने काम किया। जानकारी के अनुसार ब्लास्टिंग के बाद आसपास के भवन पूरी तरह सुरक्षित हैं। कुछ बिल्डिंग में कांच आदि टूटे हैं, बाकी कोई नुकसान नहीं हुआ है। ट्विन टावर से 25 मीटर की दूरी पर स्थित गेल की पाइपलाइन भी पूरी तरह सुरक्षित है। गिराने में कंपन तेज हुआ, लेकिन सब कुछ सामन्य रहा। कंपन यानी वाइब्रेशन मॉनिटरिंग के लिए 19 सिस्मोग्राफ लगाये गये थे।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

# सावित्रीबाई फुले
# किशोरी समृद्धि योजना



सावित्रीबाई फुले
देश की पहली
महिला शिक्षिका

**अब झारखण्ड राज्य की लाखों किशोरियों की उम्मीदों को लगेंगे पंख**



झारखण्ड की बेटी को अच्छी शिक्षा के लिए मिलेगा **₹40,000** की सहायता

## यह मिलेगा लाभ

कक्षा 8वीं में ₹2,500


कक्षा 9वीं में ₹2,500

कक्षा 10वीं में ₹5,000

कक्षा 11वीं में ₹5,000

कक्षा 12वीं में ₹5,000

18 वर्ष से अधिक उम्र को एकमुश्त ₹20,000 अनुदान



सरकारी तथा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त और Right To Education (RTE) के अंतर्गत प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाली सभी किशोरियों को मिलेगा लाभ

योजना के अंतर्गत ड्रॉप आउट किशोरियों को स्कूल/कॉलेज से जोड़ने की होगी विशेष पहल

*योजनांतर्गत मिलने वाली राशि छात्रवृत्ति के अतिरिक्त होगी

P.R. 276705 (IPRD) 22-23

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## खेल दिवस पर बच्चों को हौसला बढ़ाने के लिए क्रिकेट मैदान में उतरे शिक्षक



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** खेल दिवस के मौके पर बड़कागांव हाई स्कूल के खेल मैदान में बच्चों को हौसला बढ़ाने के लिए प्लस टू हाई स्कूल एवं आदर्श मध्य विद्यालय व राजकीय कन्या मध्य विद्यालय के बीच क्रिकेट मैच खेला गया।आदर्श मध्य विद्यालय के कप्तान देवेंद्र कुमार एवं प्लस टू हाई स्कूल के कप्तान कृष्ण कुमार कन्हैया के बीच टॉस हुआ ।जिसमें आदर्श विद्यालय व कन्या मध्य विद्यालय टॉस में जीत हासिल की। जबकि 2 विकेट से प्लस टू हाई स्कूल जीत हासिल की है।मैच 12-12 ओवर का था ।प्लस टू हाई स्कूल की ओर से ओपनिंग में निकास कुमार एवं दीपक प्रकाश उतरे। निकास कुमार एक छक्का के बदौलत 7 रन बनाए। दीपक प्रकाश 11रन ,अशोक कुमार राम 5 रन, कृष्णा कन्हैया 1 रन ,मनीष चंद्र पांडेय 2 रन बनाकर आउट हो गए ।उक्त मैच में पहली पारी आदर्श मध्य विद्यालय एवं राजकीय कन्या मध्य विद्यालय के शिक्षकों ने खेला ।जिसमें से ओपनिंग रवि कुमार रवि एवं देवनाथ कुमार उतरे रवि कुमार रवि 1 रन, देवनाथ कुमार 2 रन, देवेंद्र कुमार (कप्तान) 8 रन ,राजू कुमार 7 रन दीपक राणा 3 रन, कमलेश श्रीवास्तव एक चौका के बदौलत 6 रन बनाए ।श्री नाथ 5 रन राजकीय कन्या मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक एक छक्का मारकर आउट हो गए .संजय सागर व नकुल कुमार कैच आउट हो गए ।बॉलिंग में देवेंद्र कुमार एवं श्रीनाथ ने दो-दो विकेट लिए रवि शंकर पाठक दो विकेट लिए। प्लस हाई स्कूल की ओर से अमित कुमार, मदन कुमार अशोक कुमार राम, राजेश रंजन, कृष्णा कन्हैया, ने एक -एक विकेट लिया । अंपायरिंग प्लस टू हाई स्कूल के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संदीप कुमार व लेग अंपायर देवेंद्र कुमार ने किया।

## खेती से अधिक मुनाफा कमाने के लिए बागवानी एक सर्वश्रेष्ठ तरीका है : किसान



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** कांडतरी पंचायत के ग्राम सोनपुरा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत बिरसा हरित ग्राम योजना के माध्यम से कैलाश नाथ चौबे एवं सुधीर कुमार चौबे के द्वारा एक - एक एकड़ जमीन में आम बागवानी लगवाया जा रहा है। जिसमें मुखिया पारसनाथ प्रसाद,पंसस रंजीत कुमार चौबे द्वारा पौधारोपण कर शुरुआत की गई। किसानों से जब इसके बारे में जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया की खेती के तरीकों को बदल कर खेती से अधिक मुनाफा कमाने के लिए बागवानी एक सर्वश्रेष्ठ तरीका है। जिससे कम लागत में अधिक मुनाफा कमाया जा सकता है साथ ही प्रकृति एवं शुद्ध वातावरण हेतु पौधारोपण बहुत आवश्यक है हर एक किसान को बृहद पैमाने पर पौधारोपण करना जरूरी है तभी हम वातावरण को शुद्ध रख सकते हैं दोनों किसानों ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि 40 से50 साल पहले ना तो इतनी गर्मी पड़ती थी और ना ही इतना कम बरसात होता था आज तो लोग गर्मी और बारिश ना होने के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है इसलिए पर्यावरण को सुरक्षित करने हेतु वृक्ष लगाना अति आवश्यक है ।मौके पर ग्राम अध्यक्ष ओमप्रकाश कुमार,पूर्व रोजगार सेवक महेंद्र कुमार, वर्तमान रोजगार सेवक अजय समाजसेवी भवानी महतो,राजकुमार राणा,महेश राम,राजेंद्र कुमार, भादो महतो,सरवन राम,रितिक राम उपस्थिति थे।

## एनसीसी 22 झारखंड बटालियन का थल सैनिक एवं संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर शुरू



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** 29 अगस्त :22 झारखंड बटालियन हजारीबाग का सात दिवसीय थल सैनिक एवं संयुक्त वार्षिक परीक्षण शिविर विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर में शुरू हो गया। इस शिविर के उद्घाटन समारोह में अपने संबोधन में एनसीसी 22 झारखंड बटालियन के कमांडिंग आफिसर कर्नल हरमीत सिंह ने कहा कि शिविर में एनसीसी कैडेट्स को तीन बातों पर ध्यान देने की जरुरत है। पहला प्रशिक्षण, दूसरा प्रशासन एवं तीसरा अनुशासन। उन्होंने कहा कि यह शिविर सत्र 2022 - 23 के लिए आयोजित की गई है। कर्नल सिंह ने कहा कि फिजिकल एक्टिविटी से शरीर स्वस्थ रहता है। इसलिए एनसीसी कैडेट्स को इस पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस वर्ष थल सैनिक कैंप का लॉन्चिंग दिल्ली में 22 सितंबर से होगा। विनोबा भावे विश्वविद्यालय स्थित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में पांच सौ से अधिक एनसीसी कैडेट्स उपस्थित थे। इस शिविर के उद्घाटन समारोह में एडम आफिसर कर्नल विक्रम कश्यप, एसएम अशोक कुमार समेत सभी प्रतिनियोजित एएनओ एवं पीआई स्टाफ उपस्थित थे।

## बी आर इंटरनेशनल स्कूल में खेल दिवस का आयोजन

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बी आर इंटरनेशनल स्कूल चाराडीह में हॉकी के जादूगर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में जूनियर बच्चों के बीच खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से विद्यालय के प्रबंधक ओपी राय प्राचार्या डॉ राखी शर्मा विद्यालय प्रशासक सुनील कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।विद्यालय की प्राचार्या डॉ राखी राय ने खेल का शुभारंभ किया, साथ ही छात्रों को आपसी सौहार्द की भावना से खेल में विजय प्राप्त करने को कहा। सोमवार को शारीरिक शिक्षक की देखरेख में विभिन्न खेल की प्रतियोगिता हुई, जिसमें जूनियर वर्ग 100 मीटर दौड़, रीले दौड़, मटकी फोड़, गोला फेंक, एवं किड्स के बच्चों के लिये विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक आलम अंसारी ने किया।सभी सफल छात्रों को मैडल देकर सम्मानित किया गया।

## सरस्वती विद्या मंदिर में खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर, झुमरी तिलैया में खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके पूर्व महान हॉकी खिलाड़ी ध्यानचंद के चित्र पर प्राचार्य शर्मेन्द्र कुमार साहू ने माल्यार्पण करते हुए उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि -जर्मनी में हिटलर द्वारा दिए जाने वाले ऊंचे पद को ठुकरा कर इन्होंने भारत के लिए ही हॉकी खेला। हॉकी के प्रति समर्पण व देशभक्ति को देखते हुए भारत सरकार ने इनके जन्मदिवस को खेल दिवस घोषित किया। इसी अवसर पर विद्या विकास समिति, बरगंडा गिरिडीह में आयोजित विभाग स्तरीय प्रश्न मंच में विजेता प्रतिभागियों में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया- बहनों को विद्यालय स्तर पर सम्मानित किया गया। जिसमें विज्ञान प्रश्न मंच के तरुण वर्ग में द्वितीय स्थान अंशु सिंह,काजल कुमारी और रितेश वर्मा ने प्राप्त किया। वैदिक गणित प्रश्न मंच के किशोर वर्ग में प्रथम स्थान कृष्णा शंकर मिश्रा, आयुष कुमार और आलोक कुमार ने प्राप्त किया। वही तरुण वर्ग में प्रथम स्थान सचिन कुमार यादव, शुभम प्रसाद यादव और रौशन कुमार ,बाल वर्ग में द्वितीय स्थान अमन कुमार ,रौशन वर्मा और हिमांशु कुमार ने प्राप्त किया। वहीं संगणक प्रश्न मंच के शिशु वर्ग में प्रथम स्थान पंखुरी एकघरा ,आर्यन राज और आर्यन कुमार , बाल वर्ग में द्वितीय स्थान श्रेया सुमन,पारूल वर्मा और आदिती कुमारी को प्राप्त हुआ। अंग्रेजी प्रश्न मंच के तरुण वर्ग में द्वितीय स्थान विनय यादव ,यशस्वी और उपासना कृति ने प्राप्त किए। वहीं तत्क्षण भाषण के तरुण वर्ग में प्रथम स्थान अनन्या राज और आचार्य पत्र वाचन में प्रथम स्थान आचार्य प्रदीप कुमार को प्राप्त हुआ। साथ ही खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ,जिसमें इन- आउट,फील्ड बोतल विथ वाटर ,दौड़ ,लंबी कूद, मेंढक दौड़ आदि खेल का आयोजन किया गया। जिसमें विजयी होने वाले भैया बहनों को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्राचार्य शर्मेन्द्र कुमार साहु ,प्रभारी प्राचार्य मनोज कुमार सिंह ,प्रदीप कुमार, रामानुज पांडे ,डॉक्टर धीरेंद्र कुमार सिंह नीरज कुमार सिंह,सुनील कुमार,विजय तिवारी, उमा शंकर कुमार ,मुरलीधर ,वीरेंद्र प्रसाद ,वीरेंद्र मिश्र, पवन कुमार शर्मा, श्वेता श्रीवास्तव, रानी प्रसाद ,शर्मिष्ठा साहा, अर्चना सिन्हा,अनीता ठाकुर ,चंद्र कावेरी निहाल, गीतांजली, प्रिया राज आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## वज्रपात से एक व्यक्ति की मौत

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना अंतर्गत मेघातरी आरअरिया जंगल में देर शाम गाय चराने गये एक व्यक्ति की वज्रपात से मौत हो गई। मृतक की पहचान विरेंद्र तुरिया (उम्र 35 वर्ष, पिता सरजू तुरिया ग्राम मेघातारी) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार घटना रविवार की देर शाम की है। जंगल में गाय चराने के दौरान अचानक तेज बारिश के दौरान वज्रपात से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों की मदद से निजी अस्पताल ले आया गया जहां उस व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया गया।

### जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

# सरकारी योजनाओं के तहत ऋण मुहैया करायें बैंक : डीसी



**हजारीबाग(आजाद सिपाही)।** जिला स्तरीय परमर्शदात्री समिति की समीक्षा बैठक सोमवार को जिला समाहरणालय सभागार मे हुई। अध्यक्षता उपायुक्त नैंसी सहाय ने की। इस बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष किशुन यादव, उप-विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित, आरबीआई रांची से अमित विश्वकर्मा, जिले के समस्त बैंक समन्वयक, जिला कृषि, मत्स्य, पशुपालन पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस, डीडीएम नाबार्ड, जीएम डीआईसी, निदेशक आरएसईटीआई,एफएलसी, सीएफएल ने हिस्सा लिया। अग्रणी जिला प्रबन्धक सुधाकर पांडेय ने बताया कि वित्तीय वर्ष 22-23 के प्रथम तिमाही के दौरान बैंको द्वारा एसीपी के तहत 32%, एमएसएमई के तहत 52.85%, कृषि क्षेत्र मे 18.85%, कुल प्राथमिकता क्षेत्र मे 30.52% की प्राप्ति वार्षिक एसीपी लक्ष्य के तहत प्राप्त किया। उपायुक्त ने विभिन्न सरकारी योजनाओ के तहत ऋण मुहैया कराने हेतु सभी बैंको को निर्देश दिया। अध्यक्ष जिला परिषद उमेश प्रसाद मेहता ने सभी बैंको को दिये एसीपी लक्ष्य हासिल करने एवं ग्राहको को बैंको द्वारा पूर्ण सहयोग हेतु आग्रह किया। आरबीआई के श्री विश्वकर्मा ने भी विभिन्न योजनाओ के तहत ऋण मुहैया कराने एवं एसीपी के लक्ष्य को प्रत्येक त्रैमासिक मे सभी बैंक निश्चित रूप से प्राप्त करने हेतु सलाह एवं निर्देश दिया। जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव ने बैंको को केसीसी के तहत खेती, पशुपालन एवं मत्स्य क्षेत्र मे ऋण मुहैया करने हेतु जोर देने को कहा। साथ ही केसीसी हेतु प्राइवेट बैंको को भी आगे आने की सलाह दी गई। महाप्रबंधक डीआईसी ने सभी बैंको को पीएमईजीपी के तहत लक्ष्य प्राप्ति हेतु आग्रह किया। डीपीएम जेएसएलपीएस ने सभी बैंको को उनके लिए निर्धारित तिथिवार क्रेडिट लिंकेज कैंप करने हेतु शाखावार सूची उपलब्ध कराया है और इसमे पूरा सहयोग कर लक्ष्य को 15 सितंबर तक प्राप्त करने हेतु आग्रह किया है। अग्रणी जिला प्रबन्धक ने आश्वासन दिया कि बैंको द्वारा जिले के विकास हेतु सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओ का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

## प्रखंड स्तरीय झूमर प्रतियोगिता का आयोजन

**बड़कागांव(आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सांढ़ पंचायत में महा मुकाबला प्रखंड स्तरीय झूमर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम 4 सितंबर दिन रविवार को सुबह 10:00 बजे से युवा विकास खेल मैदान में आयोजित किया जायगा। जिसमें नामांकन का अंतिम तिथि 3 सितंबर दिन शनिवार तक है। नियम व शर्तें नामांकन शुल्क 501 रुपैया समय प्रति टीम 20 मिनट गाना का बोल दहेज प्रथा, शिक्षा, नशाखोरी, परिवारिक नियोजन, भ्रूण हत्या, कृषि से संबंधित, 1932 खतियान पर है। आगे आयोजक कताओं ने बताया कि सभी टीम अपना वादय यंत्र एवं पोशाक स्वयं लाएंगे सभी प्रतिभागी टीम से 1-1 निर्वाचक सदस्य रहेंगे एवं आयोजक टीम से कोई निर्णायक सदस्य नहीं रहेंगे। पुरस्कार इनाम प्रथम नगाड़ा द्वितीय नाल ढोलक तृतीय नाल ढोलक मीडियम में चतुर्थ ढोलक एवं सभी टीमों को सांत्वना पुरस्कार इनाम दिया जाएगा। नामांकन के लिए तपेश्वर कुमार, जितेंद्र कुमार, किशोर कुमार से संपर्क करें।


## पुलिस ने अवैध पशु लदा पिकअप वैन को किया जब्त



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा पुलिस ने अवैध पशुओं से लदा एक पिकअप वैन को पकड़ा। इस बाबत थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने बताया कि बीते रात्रि गुप्त सूचना के आधार पर एक पिकअप गाड़ी नम्बर डब्ल्यू बी 39 सी 1693 को बरकट्ठा थाना गेट के सामनें चेकिंग के दौरान रोका गया जिस पर क्रुरता पूर्वक एवं क्षमता से अधिक अव्यवस्थित ढंग से कुल आठ मवेशी(04 गाय एवं 04 बैल) लोड़ था। पकड़ाये चालक ने अपना नाम इमाम हुसैन पिता मो जब्बार अंसारी ग्राम नया मोहल्ला साउथ बाजार अंडाल,थाना अंडाल जिला बर्दवान(पश्चिम बंगाल) का रहने वाला बताया। उसने कहा कि उक्त मवेशियों को बरही थाना क्षेत्र के धनवार से लोड़ कर आसनसोल, बंगाल ले जाया जा रहा था। इस संबंध में बरकट्ठा थाना कांड संख्या-148/22 अंकित किया गया है तथा पकड़ाये पिकअप चालक को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है तथा अन्य शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है। जप्त मवेशियों को सुरक्षा जिम्मेनामा पर दिया गया है। विश्व हिन्दू परिषद बरकट्ठा के प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव ने बताया कि विश्व हिन्दू परिषद बरही के कार्यक्रताओं को सूचना मिली कि धनवार बरही से एक वैन पर गौकशी के लिए जानवरों को लादकर बंगाल की ओर ले जाया जा रहा है। उन्होंने इसकी सूचना मुझे दी तो हमने भी उक्त गाडी का पिछा किया। इसी दौरान उक्त गाड़ी को बरकट्ठा थाना के समीप रोक कर बरकट्ठा पुलिस को सुपुर्द किया। संजय यादव ने बताया कि प्रत्येक दिन दर्जनों पिकअप वैन पर पशुओं को क्रुरता पूर्वक लादकर बंगाल ले जाया जा रहा है। इस काम में जिले के बड़े पदाधिकारी एवं सफेदपोश लोग भी शामिल हैं।

## बड़कागांव के नयाटांड़ पेट्रोल पंप के पास बालू कारोबारियों के साथ गोलीबारी

**अवैध बालू ढोने वाले हाइवा के चालक से 15000 की लूट व मार पीट**



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव थाना क्षेत्र के नयाटाँड़ - सिमरातरी स्थित पेट्रोल पंप के पास रविवार की गत रात्रि 10:30 बजे अवैध बालू लदे हाईवे पर अज्ञात अपराधियों द्वारा गोलीबारी की गई। चालक से ?15000 चक्का रेंच एक रेट छीन कर ले गए।सूत्रों का कहना है कि अपराधियों द्वारा बालू ढोने वाली हाइवा के चालक से और पैसे की मांग किये जाने लगे।चालक के पास पैसे नहीं रहने पर मारपीट की गई। बालू को पेट्रोल पंप के आसपास गिरा दिया गया।तत्पश्चात दहशत फैलाने को लेकर गोलीबारी की गई। सूत्रों के अनुसार चार गोली अपराधियों द्वारा चलाई गई थी।अपराधी 6-7 की संख्या में बताए जाते हैं। अपराधी मोटरसाइकिल से पहुंचे हुए थे। घटना से एक घंटा पहले 9:30 बजे रात्रि में पसरिया घाटी के पास भी अपराधियों ने लेवी वसूले थे।नयाटाँड़ में गोलीबारी करने के बाद अपराधी नापोकला की ओर भाग निकले।हालांकि इस मामले में बड़कागॉव थाना में अब तक कोई आवेदन नहीं दी गई है।लेकिन मामले को लेकर बड़कागांव पुलिस द्वारा पुष्टि की गयी है। गोलीबारी सूचना पाकर बड़कागांव पुलिस एवं उरीमारी ओपी पुलिस घटनास्थल पहुंच अस्पताल की अपराधी द्वारा चलाई गई।खोखा को भी पुलिस ने बरामद की। पुलिस रात भर अपराधियों पकड़ने के लिए छापामारी करती रही.

**2 सप्ताह से अपराधी द्वारा वसूली जा रही हैं लेवी**

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बालू का कारोबार करने वाले हाईवा एवं ट्रैक्टरों से अपराधियों द्वारा पिछले 2 सप्ताह से अवैध वसूली किए जाने की चर्चा है। अपराधियों द्वारा कभी जोभिया घाटी पसरिया घाटी,तो कभी भगवान बागी के पास वसूली किए जाते हैं।एक सप्ताह पूर्व भी बालू ढोने वाले वाहनों के चालकों एवं मजदूरों के साथ अपराधियों द्वारा मारपीट व लूटपाट भी की गई थी।बालू के अवैध कारोबारी होने के कारण घटना से संबंधित मामले बड़कागॉव थाने तक नहीं पहुंची थी।

## अलौंजा कला की गडौतिया नदी पर पुलिया बनाने की मांग

**इचाक(आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अलौन्जा कला के गडौतिया नदी पर पुलिया बनाने की मांग समाजसेवी डॉ सुनील दास ने की है। उन्होंने बताया की इस बरसाती नदी पर पुलिया नही होने से लोग जान-माल को जोखिम में डाल कर भरे बरसात में पोल के सहारे आते-जाते है। इस रास्ते से कई गांव के लोग अपने जीवकोपार्जन के लिए साप्ताहिक बाजार झुमरा आते-जाते हैं। साथ ही आनाज और साग सब्जी को झुमरा बाजार ले जाकर खरीद-बिक्री करते है। पुलिया के अभाव में कई राहगीर बरसात में नदी में डूबे भी है, कई मवेशियों की जान भी गई है। आज स्थिति यह है कि बरसात में राहगीर जान को हथेली में रखकर नदी पार करते है। इसको लेकर जनप्रतिनिधियों तथा विभाग को कई बार आवेदन देकर पूल निर्माण की गुहार लगाई गई है, लेकिन कोई इस ओर ध्यान नही दे रहा। अगर विभाग ने जल्द इस ओर ध्यान नही दिया तो ग्रामीण गांधीवादी तरीके से आंदोलन करेंगे।

## लगभग 4.5 करोड़ की लागत से किया जायेगा उच्च स्तरीय पुल का निर्माण : अंबा प्रसाद

**▸▸ विधायक अंबा प्रसाद के प्रयासों की बदौलत अंबाटोला एवं चेलंगदाग के बीच हहारो नदी पर पुल निर्माण का रास्ता साफ**



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के आगों पंचायत के अंबाटोला एवं चेलंगदाग के बीच हहारो नदी पर पुल के निर्माण का रास्ता लगभग साफ हो गया है। ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग के द्वारा उक्त पुल निर्माण हेतु निविदा प्रकाशित की गई है एवं उच्च स्तरीय पुल निर्माण मे लगभग 4.5 करोड़ की लागत आएगी। उच्च स्तरीय पुल निर्माण की स्वीकृति प्राप्त होने पर विधायक अंबा प्रसाद ने हर्ष जताते हुए कहा कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में कई उच्च स्तरीय पुलों के निर्माण के लिए वे लगातार प्रायस कर रही थी। आजादी के लगभग 75 वर्षों के बाद भी पुल निर्माण के लिए तरस रहे चेलंगदाग के ग्रामीणों को हो रही समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए पुल निर्माण की स्वीकृति प्रदान करवाई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के कई हिस्सों में उच्चस्तरीय पुल निर्माण का होना अभी बाकी है जिसकी प्रक्रिया यथाशीघ्र प्रशासनिक स्वीकृति दिलवाकर कार्य को धरातल पर उतारा जाएग। ज्ञात हो कि विधायक अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल हजारीबाग के अधिकारियों की टीम ने उक्त नदी पर पुल निर्माण का निरीक्षण एवं संभाव्यता प्रतिवेदन बनाकर विभाग में भेजा था। प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त होने एवं निविदा प्रकाशित होने के मौके पर अंबा प्रसाद ने बताया कि इस पुल के निर्माण हो जाने से बड़कागांव प्रखंड के ग्राम अंबाटोला, चेलंगदाग, फटरियापानी, झीकझोर, बोटका, सुखलकटवा, बुंडू, लोहरसा, पचडा, बटुका, लुकइया, सिंगारसराय आगो समेत कई गांवों के हजारों लोग लाभान्वित होंगे।

## अभिनंदन समारोह आयोजित

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** संत कोलम्बा महाविद्यालय, हजारीबाग के ऐतिहासिक मुख्य छात्रावास के प्रांगण में 27 अगस्त 2022 को सायंकाल में वरिष्ठ विद्यार्थियों के द्वारा कनिष्ठ विद्यार्थियों का अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य रेव.(डा.) जे. आर. दास ने उपस्थित विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि 100 वर्ष से पूर्व स्थापित इस छात्रावास का गौरवशाली इतिहास रहा है।इस छात्रावास में रहकर अध्ययन करके निकलने वाले विद्यार्थियों ने बड़े पदो पर कार्य करते हुए देश और समाज के लिए उल्लेखनीय कार्य किए हैं।इस छात्रावास से मेधावी विद्यार्थियों के साथ ही अच्छे खिलाड़ी, कलाकार और समाजसेवी भी निकले हैं।यह छात्रावास हजारीबाग के लिए तो गौरव है ही पूरे शिक्षा जगत के लिए भी एक धरोहर है।उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर संकल्प लेना है कि इस धरोहर को स्वच्छ, सुन्दर रखते हुए इस छात्रावास में अभी रह रहे विद्यार्थियों में से ही अपने-अपने विषयों के लिए विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षाओं में अव्वल स्थान प्राप्त करें ,ऐसा उत्साहवर्धन करनेवाला शैक्षणिक वातावरण तैयार करना है।इस अवसर पर छात्रावास अधीक्षक डा.राज कुमार चौबे ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।इस अवसर पर विद्यार्थियों के द्वारा भव्य झारखंडी नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम का संचालन छात्रावास के प्रिफेक्ट संतोष हेम्ब्रम ने किया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संतोष हेम्ब्रम, ऋषभ राज,अभिषेक आनन्द, अयूब हेम्ब्रम, अमित वेदिया, नीरज कुमार, बबलू कुमार, विजय कुमार, विकास कुमार आदि ने सक्रिय भागीदारी की।

## शोक सभा का किया गया आयोजन



**हजारीबाग(आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय दहेज उन्मूलन सह समाज उत्थान राष्ट्रीय सवर्ण महासभा ने बड़ा अखाड़ा में शोक सभा का आयोजन किया। इस दौरान दुमका निवासी संजीव सिंह की पुत्री दिवंगत अंकिता सिंह को 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष सीडी सिंह ने कहा कि सरकार अंकिता के हत्यारे को मौत के बदले मौत की सजा दे। साथ ही अंकिता के परिवार को 10 करोड़ मुआवजा दिया जाए। साथ ही अंकिता के परिवार के किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिया जाए, अन्यथा महासभा आंदोलन को बाध्य होगी। उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह ने कहा कि अगर मांगे पूरी नहीं होती है तो यह चिंगारी पूरे भारत में फैलेगी। इस शोक सभा में मुख्य रूप से श्री निवास पांडे, विनोद कुमार सिंह, जीतनाथ सिंह, चंद्र भानु प्रताप सिंह, विजय पांडे, मुकुल कुमार तिवारी, सुधांशु पांडे, अरविंद सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## डाढ़ा निवासी प्रवासी मजदूर की मुंबई में मौत


**इचाक(आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के डाढा.निवासी प्रवासी मजदूर मुकेश भुइयां की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक मुंबई के एक होटल में मजदूरी करता था। अचानक तबीयत खराब होने पर उसे हॉस्पिटल विद्यानगर में भर्ती कराया गया जहां उसे ऑपरेशन किया गया, एक दिन बाद उसकी मौत हो गई। झारखंड के प्रवासी मजदूर मुंबई में चंदा इकट्ठा करके 25 हजार जुगाड़ किए। तत्पश्चात वहां से एंबुलेंस से मृतक के शव को गांव लाया गया। शव के गांव पहुंचते ही घर और आस पड़ोस में कोहराम मच गया। स्थानीय मुखिया सुनीता देवी ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि डाढा.पंचायत में ना जाने कौन सी मुसीबत आन पड़ी है 3 महीने में यह चौथी घटना है। झारखंडी एकता संघ के जिला अध्यक्ष दयानंद कुमार भी पीड़ित परिवार से लगातार संपर्क में रहे एवं एंबुलेंस किराया में आर्थिक सहयोग पहुंचाया। साथ ही दयानंद कुमार ने सरकार और प्रशासन से दूसरे शहरों में प्रवासी मजदूरों की मौत होने पर परिजनों को राहत स्वरूप मुआवजा देने की मांग की है।

## कोल परियोजना से विस्थापित प्रभावित भू - रैयतों की बैठक आयोजित



**केरेडारी(आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी के द्वारा संचालित चट्टी बरियातू कोल माइंस से विस्थापित व प्रभावित भू रैयतों की एक बैठक पंचायत भवन के प्रांगण में आयोजित की गई इस बैठक में परियोजना से प्रभावित व विस्थापित गाँव के सैकड़ों लोगों ने भाग लियो बैठक में जिले की उपायुक्त नैंसी सहाय के द्वारा की गई बातों को ग्रामीणों के समक्ष विस्तार पूर्वक रखा गयो इस बैठक में ग्रामीणों से एक स्वर में कहा की एनटीपीसी व ऋत्विक कंपनी के द्वारा जब तक हमारी मांगों पर विचार नहीं किया जाता है तब तक कोई भी कार्य नहीं होने दिया जायेगो बैठक की अध्यक्षता सुरेश महतो व संचालन अधिवक्ता तापेश्वर कुमार साव ने कियो मौके पर संतोष कुमार,पिंटू सिंह,मदन सिंह, हंसराज सिंह, बबलू कुमार, अजय दास, उपेंद्र गुप्ता, विकास कुमार, अभय नायक, आशीष कुमार,प्रमोद कुमार माली, धीरज कुमार मालाकार, सुनील कुमार नायक,विकास कुमार राम, चंदन सिंह, शिवदयाल साव,संतोष नायक, धर्मेंद्र कुमार, सिकंदर कुमार रजक, भवानी कुमार, सहदेव कुमार साहू,लखन मुंडा, रमेश मुंडा, संजय कुमार महतो, राजेश कुमार,जोशी कुमार महतो,उमेश कुमार, धनेश्वर महतो, पवन कुमार माली,कुशल साव, तुलसी महतो,दिनेश उरांव, परमेश्वर महतो, रविंद्र सोनी, नकुल महतो,विनोद भुइया,राजेश गंजू,भोला कुमार साव, जितेंद्र गोस्वामी,शंकर सिंह,तेतर महतो,राजेंद्र माली, ओम प्रकाश महतो, गणेश महतो,योगेंद्र पांडे,शिवम कुमार,पिंटू कुमार साव, प्रेम साव, कमल महतो,दीपक कुमार,पंकज कुमार महतो,महेश कुमार महतो, दिलीप कुमार, मनोज साव, शक्ति कुमार, अंजू देवी, कबूतरी देवी, शीतली देवी, जसोदा देवी, रीना देवी, प्रेम महतो, जगदीश कुमार सहित सैकड़ों भू रैयत मौजूद थे ।

## मेजर ध्यानचंद की जयंती पर खेल कूद कार्यक्रम



**विष्णुगढ़(आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड के करगालो स्थित जीवन ज्योति उच्च विद्यालय में मेजर ध्यानचंद जी के जन्म दिवस के मौके पर विद्यालय के सभी कक्षा के बीच अलग-अलग खेल कूद कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक प्रकाश साव ने कहा कि खेल कूद से तन मन स्वस्थ होता है ।जीवन में पढ़ाई के साथ साथ खेल कूद भी जरूरी है ।छात्र छात्राओ को पढ़ाई के साथ खेल कूद में भी अव्वल आने की जरूरत है ।तभी आपका नाम गाव के साथ आपके शहर व माता पिता का नाम रौशन होगा। विद्यार्थियों के बीच श्रेणी के अनुसार पुरस्कार बांटे गए इनमें उपस्थित सभी बच्चे ग्रामीण शिक्षा गण खेलों के सराहना किए और खेल को महत्व को बताया। मौके पर उपस्थित विद्यालय के प्राचार्य और प्रबंधक प्रकाश साव, राहुल, शाही इमाम अली, टहल ठाकुर, प्रेमचंद, टिंकु, पिंटू ,संतोष सर, सुरेश,भोला, उमा मैम,सरिता, प्रभा , सुमन आदि उपस्थित थे।

## बीडीजेजे इंटर महाविद्यालय में खेल सप्ताह का हुआ समापन



**दारू (आजाद सिपाही)।** डीडीजेजे इंटर महाविद्यालय में खेल सप्ताह के अवसर पर 21 अगस्त से विद्यार्थियों के बीच विभिन्न प्रकार के खेल का आयोजन किया गया। जिसका समापन सोमवार को फाइनल मैच के साथ क्या गया। महाविद्यालय में प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के छात्र छात्राओं की टोलियां बनाकर क्रिकेट ,रेस ,कबड्डी व बैडमिंटन आदि का गेम कराया गया। क्रिकेट में प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के छात्रों के बीच .टी 20 का मैच खेला गया। जिसमें प्रथम वर्ष के छात्रों ने मैच को जीता। वही छात्राओं के बीच कबड्डी के लिए प्रथम वर्ष वा द्वितीय वर्ष के दो- दो टीम बनाया गया। इसमें ट्वेल्थ क्लास ग्रुप बी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच अलग-अलग रेस का आयोजन किया गया। छात्रों के बीच 400 मीटर और छात्राओं के बीच एक सौ मीटर का दौड़ का आयोजन किया गया था। बैडमिंटन में दो राउंड होने के बाद भी खेल टाई रहा, तीसरे राउंड में बारहवीं के बच्चों ने खेल को जीता। इस खेल में विजेता टीम व विद्यार्थी को महाविद्यालय की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा। खेल को संपन्न कराने में गेम टीचर राजकुमार अग्रवाल धनेश्वर राम के साथ सुरेश प्रसाद वर्मा संजय प्रसाद अनुग्रह नारायण शर्मा ओम प्रकाश बैद्यनाथ प्रसाद दीपक कुमार मीना कुमारी सुनीता कुमारी शामिल थे। एक सप्ताह से चल रहे खेल का निगरानी प्राचार्य शंकर चन्द्र पाठक,मो सलीम,भुनेश्वर प्रसाद वर्मा व बसंत नारायण कर रहे थे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 30 अगस्त, 2022
www.azadsipahi.com
05

## जेएसपी फाउंडेशन ने मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस, खेल सामग्री का हुआ वितरण



भुरकुंडा(आजाद सिपाही)। जेएसपी फाउंडेशन ने हॉकी के महान और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को याद करते हुए सोमवार को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया। इस अवसर पर खेल को बढ़ावा देने के लिए जेएसपी फाउंडेशन द्वारा चलाये जा रहे लड़कियों के फुटबॉल कोचिंग टीम के 21 खिलाडियों के बीच खेल सामग्री के तहत बूट जूता, जर्सी, ट्रैक सूट, शिन गार्ड, मौजा, ग्लब्स आदि का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम देवरिया पंचायत भवन में चलाया गया। ज्ञात हो कि जेएसपी फाउंडेशन अपने कार्य क्षेत्र के लड़कियों को फुटबॉल जैसे खेल में मौके देने एवं बढ़ावा देने के लिए रामगढ़ डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल एसोसिएशन के सहयोग से नियमित कोचिंग करवाता है। साथ ही खिलाडियों को पोषक आहार, खेल कूद एवं ट्रेनिंग की सामग्री और विभिन्न स्तर के प्रतियोगताओं में भाग लेने के लिए सहयोग करता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में देवरिया पंचायत के मुखिया विकाश कुमार एवं रामगढ़ डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव मुस्तफा आजाद मुख्य रूप से मौजूद थे। मौके पर जेएसपी पतरातू सीएसआर विभाग के प्रमुख रवि निवास, अनुराग सिंह, रश्मिता दस, प्रकाश कुमार सहित खिलाडियों में नंदनी कुमारी, अंतरा कुमारी, निकिता कुमारी, राखी मुंडा, सुलेखा कुमारी, कृषि लिंडा आदि मौजूद थीं।

## बैजनाथ प्रसाद गुप्ता के निधन पर विद्यालयों में शोक सभा का आयोजन



कुजू(आजाद सिपाही)। इंटर महिला महाविद्यालय मुरपा (कुजू) के पूर्व सचिव सह संस्थापक व बालिका उच्च विद्यालय मुरपा कुजू के संस्थापक सह सचिव बैजनाथ प्रसाद गुप्ता उर्फ बैजू बाबू के निधन पर शोक सभा आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षक - शिक्षकेतर व विद्यार्थियों ने निधन पर शोक व्यक्त कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही उनके आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गयी। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ शशिबाला ने कहा कि उनके नहीं रहने से क्षेत्र में एक प्रमुख स्थान रिक्त हो गया है। उन्होंने क्षेत्र की जनता के लिए कई अभूतपूर्व कार्य किया। वहीं, विद्यालय के प्राचार्य कुलदीप प्रसाद ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि बालिकाओं के शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बैजनाथ प्रसाद गुप्ता ने सीसीएल, सांसद व विधायक के सहयोग से बालिका उच्च विद्यालय का निर्माण कर एक धरोहर खड़ा किया। उनके सपनों को आगे बढ़ाना हम सभी का प्रयास होगा। इंटर महिला महाविद्यालय में श्रद्धांजलि के पश्चात अवकाश घोषित कर दिया गया। इधर, पब्लिक उच्च विद्यालय कुजू में भी बैजनाथ प्रसाद गुप्ता के निधन पर शोक सभा का आयोजन कर उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक रविंद्र प्रसाद ने कहा कि वे एक समाजसेवी, शिक्षाप्रेमी, गरीबों के शुभचिंतक रहे। उनका इस विद्यालय के प्रति विशेष लगाव रहा है। विद्यालय परिवार को उनकी कमी खलती रहेगी। मौके पर इंटर महिला महाविद्यालय में डॉ अवधेश कुमार गुप्ता, प्रो जयनाथ प्रसाद गुप्ता, प्रो अर्चना, नरेश कुमार, महेश ठाकुर, संजय प्रसाद, सुमित्रा देवी तथा बालिका उच्च विद्यालय में बुलंद अख्तर रिजवी, शिशुपाल महतो, सुधीर कुमार पांडेय, बबीता कुमारी, सरेंद्रनाथ रजक, रामनरेश शर्मा व पब्लिक उच्च विद्यालय में गीतांजलि कुमारी, मरियानी सोरेंग, वीणा कुमारी, अर्चना सिंह, मनीषा धवन, अनिमेश महतो, नूतन कुमारी, श्रीनिवास शर्मा के अलावे छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## रंगदारी लेने पहुंचा एक अपराधी को कुजू पुलिस ने धर दबोचा, भेजा जेल

कुजू(आजाद सिपाही)। रंगदारी मांगने के मामले में कुजू पुलिस ने एक अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कुजू ओपी प्रभारी धनंजय प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि रंगदारी मामले में हमें गुप्त सूचना मिली कि मिसराईनमोढ़ा गिद्दी हजारीबाग निवासी तबारक अंसारी पिता स्व सादिक अंसारी तोपा पहुँचा है। पुलिस ने टीम गठित कर तबारक अंसारी को धर दबोचा। तबारक विकास तिवारी के नाम पर रंगदारी मांगता था। तबारक अंसारी पर जिले के कई थानों में हत्या सहित कई मामलों में प्राथमिकी दर्ज है। कुजू पुलिस ने बताया कि तबारक ट्रांसपोर्टर सह डीएस कंपनी के मालिक देवराज सिंह के पुत्र सुनील सिंह से मोबाइल पर पिता-पुत्र हत्या की धमकी देकर रंगदारी मांगता था। सुनील से रंगदारी लेने के लिए तबारक तोपा आया था। जिसकी सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कुजू पुलिस के सअनि उमेश शर्मा सशस्त्र बल के साथ पहुंचकर तबारक को गिरफ्तार किया। बाद में उसे जेल भेज दिया गया। इधर, गिरफ्तारी के बाद गिरोह द्वारा व्हाट्सएप पर मैसेज भेज कर तबारक को छोड़ने की धमकी भेजे जाने की खबर है।

## डीएवी विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस



टंडवा(आजाद सिपाही)। फिट इंडिया के बैनर तले हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद जयंती के शुभ अवसर पर सोमवार को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया।जिसके मुख्य अतिथि के रूप में एनटीपीसी समूह महाप्रबंधक तजिंदर गुप्ता ने हवन द्वीप प्रज्वलन एवं फीता काटकर तथा मेजर ध्यानचंद के तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। खेल दिवस के मौके पर स्कूल में कबड्डी, दौड़ प्रतियोगिता एवं स्कूल लेमन रेस का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मैदान में तजिंदर गुप्ता के हाथों नारियल फोड़कर किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र कुमार पाण्डेय एवं तजिंदर गुप्ता समूह महाप्रबंधक एनटीपीसी ने खेल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संदेश प्रेषित किया। बच्चों ने इस राष्ट्रीय खेल दिवस पर अपने उम्दा खेल का प्रदर्शन किया।विद्यालय द्वारा इस मौके पर प्राचार्य के हाथों मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को सम्मान स्वरूप मोमेंटो भेंट किया गया।इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में एल के बेहरा,वाइस चेयरमैन डीएवी एवम जीएम प्रोजेक्ट एनटीपीसी, बी आर प्रसून, एम प्लैनिंग एवम सेफ्टी, धीरज कुमार गुप्ता उप - महाप्रबंधक, अभिषेक आनंद सीनियर मैनेजर एचआर एवं अन्य गणमान्य मौजूद थे कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक गण तथा कर्मचारियों का योगदान सराहनीय रहा।

## उपायुक्त रामगढ़ ने पतरातू अंचल का किया निरीक्षण



पतरातू (आजाद सिपाही)। उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने सोमवार को पतरातू अंचल का दौरा किया। उनके साथ अपर समाहर्ता नेल्शन एयोन बागे, एसडीओ मो जावेद हसन, भुमि सुधार उप समाहर्ता मनोज कुमार रंजन, भु अर्जन पदाधिकारी लिली एनोला लकड़ा, पतरातू सीओ शिवशंकर पाण्डेय आदि अधिकारी शामिल थे। इस दौरान उन्होने अंचल का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने कैश बुक, निलाम पत्र, उपस्थिति पंजी, सेवा पुस्तिका, अतिक्रमण पंजी, अवकाश पंजी, दाखिल खारिज, मुख्यमंत्री जनशिकायत, जिला व अनुमंडल स्तरीय जनशिकायत, सूचना अधिकार, अतिक्रमण सहित अनेक पंजियों व संचिकाओं का निरीक्षण किया। जो पंजी और संचिका अद्यतन नहीं था। उसे अद्यतन करने का निर्देश उपायुक्त के द्वारा दिया गया। इसके साथ ही ऑनलाईन त्रुटी के सम्बन्ध में भी निर्देश दिया गया। और कहा गया कि दाखिल खारिज और त्रुटी सुधार को प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जाएगा। मौके पर प्रधान सहायक संजय नायक, प्रमोद कुमार सिंह, मनोज उरांव, कन्हैया कुमार, रविभुषण ठाकुर, गोपाल मांझी सहित अन्य अंचल कर्मी शामिल थे।

### श्री हरि कथा योजना के तत्वावधान में आयोजित श्रीराम कथा का पांचवां दिन

# धनुष भंग और सीता राम विवाह पर कथावाचक ने डाला प्रकाश



**ये लोग रहे मौजूद**

संरक्षक विजय अग्रवाल, संजीव बेरलिया, विजय जायसवाल, विमल बुधिया, डॉ संजय सिंह, रोबिन गुप्ता, अध्यक्ष भास्कर अग्रवाल, उपाध्यक्ष वसुध तिवारी, सचिव मनीष अग्रवाल, विशाल जायसवाल, पूजा प्रभारी मनोज गर्ग, कार्यक्रम संजोजक ब्रजेश पाठक, मीडिया प्रभारी संदीप शर्मा उर्फ लालू, प्रदीप बेरलिया, महावीर प्रसाद बोंदिया, सत्यप्रकाश गोयल, अंशु पांडे, मुकुंद कोटेचा, बबिता गोयल, सुमिरा गोयल, मल्लिका दत्ता, सुलोचना देवी, चांदना देवी, सारिका अग्रवाल, मंजू देवी, मधु देवी, राजकिशोर, गंगाधर, चंद्रशेखर, डॉ नारायण, संतोष वर्मा आदि उपस्थित थे।

रामगढ़(आजाद सिपाही)। एकल अभियान श्री हरि कथा योजना के तत्वावधान में आयोजित श्री राम कथा के पांचवे दिन कथावाचक संगीता किशोरी ने पुष्प वाटिका प्रसंग धनुष भंग, सीता राम विवाह और परशुराम संवाद पर चर्चा की। संगीता किशोरी ने कहा की जहां अहंकार होगा, वहा भक्ति नही हो सकती है और बिना भक्ति के भगवान से मिलन नही हो सकता। यहां धनुष अहंकार का प्रतीक है, सीता माता भक्ति और राम जी स्वयं भगवान हैं। माता सीता और प्रभु श्रीराम के विवाह पर चर्चा करते हुए संगीता किशोरी ने कहा की विवाह संस्कार का विषय है ना की करार का विवाह कागज में साइन से होता है और एक साइन से टूट जाता है, पर संस्कार का विवाह जन्म जन्मांतर का होता है। माता सीता स्वयं सक्ति है त्याग और बलिदान की, प्रतीक है तो प्रभु मयार्दा और कर्तव्य के प्रतीक है। पुरुष को ना तो अपनी मयार्दा और महिला को अपने संस्कार नही भूलने चाहिए। तभी एक महिला आदर्श पत्नी, आदर्श बहु और आदर्श माता का कर्तव्य निर्वहन कर सकेगी।

**पांचवें दिन के यजमान उत्तम चौधरी ने अपने परिवार के साथ की आरती**

श्री राम कथा के पांचवे दिन सोमवार के मुख्य यजमान उत्तम चौधरी सपत्नीक आशा चौधरी ने पूजन और संध्या आरती भाग ली। जबकि आज का भोग प्रसाद पारस सिन्हा के द्वारा किया गया।

## केंद्रीय विद्यालय रामगढ़ कैंट में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया

रामगढ़(आजाद सिपाही)। केंद्रीय विद्यालय रामगढ़ कैंट में राष्ट्रीय खेल दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में प्रभात फेरी निकाला गया। जिसमें विद्यालय की प्राचार्य शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं शामिल हुए। यह प्रभात फेरी विद्यालय से निकलकर पंजाब रेजिमेंटल सेंटर स्थित ध्यान चंद स्टेडियम में मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा तक सभी बच्चे कतार बंद होकर बैंड की ध्वनि के साथ पहुंचे। मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर विद्यालय की प्राचार्य सहित सभी शिक्षकों एवं बच्चों ने पुष्पांजलि अर्पित की एवं इस अवसर पर विद्यालय के शारीरिक शिक्षक ने मेजर ध्यानचंद के जीवन पर प्रकाश डाला । साथ ही विद्यालय के प्राचार्य ने बच्चों को मेजर ध्यानचंद के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न तरह के खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें कबड्डी खो खो एवं रस्साकाशी प्रमुख थे।

# सिकनी में दुर्गा पूजा समिति का गठन

### राजीव जायसवाल मुख्य संयोजक, अध्यक्ष उमाशंकर महतो बने



रजरप्पा(आजाद सिपाही)। दुलमी प्रखंड क्षेत्र के सिकनी गांव में दुगार्मंदिर परिसर में ग्रामीणों की एक बैठक की गई। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुगार्पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया संचालन समिति पर विस्तृत चर्चा हुई एवं विचार विमर्श हुआ साथ ही सर्वसम्मति से सिकनी दुगार्पूजा संचालन समिति का गठन किया गया, जिसमें रामगढ़ विधानसभा के युवा नेता राजीव जायसवाल को मुख्य संयोजक बनाया गया अध्यक्ष के रूप में उमाशंकर महतो का चयन किया गया, बिक्की महतो को सचिव बनाया गया वही संरक्षक मंडली में हरिकिसून महतो, दीपक जायसवाल, मोतीलाल साव,रामसेवक महतो,जलेश्वर महतो,तुलाराम महतो,देव कुमार राम,माथुर राम मुंडा,समिति का विस्तार करते हुए हरिकिशुन महतो, मोतीलाल साव, मथुरा प्रसाद मुंडा, अशोक टाइगर, दीपक जायसवाल, देवकुमार राम, झोदा चौकीदार को संरक्षक, मित्रलाल महतो, बलदेव ठाकुर, छोटेलाल महतो और संजीत महतो को उपाध्यक्ष, मुरली महतो, मुकेश जायसवाल, चंदेश महतो, गौतम पटेल और मेघनाथ महतो को सह सचिव, बालमुकुंद चौधरी और रोहित महतो को कोषाध्यक्ष, प्रेम कुमार, राजेश मुंडा, गिरधारी महतो, बलदेव ठाकुर को नवरात्रि आरती प्रभारी, बिक्की कुमार महतो, उमाशंकर महतो को जागरण कार्यक्रम प्रभारी, अरविंद जायसवाल को मीडिया प्रभारी बनाया गया। बैठक को संबोधित करते हुए श्री राजीव जायसवाल जी ने कहा कि दुगार्पूजा हिंदुओं का सबसे बड़ा त्योहार है, कोरोना महामारी के कारण पिछले दो वर्षों से दुगार्पूजा हम कोरोना गाइडलाइन के साथ मनाते आएं है इस वर्ष हमलोग दुगार्पूजा बड़े ही धूमधाम से और मिलजुल कर मनाएंगे। इस मौके पर बैठक में जलेश्वर महतो, तुलाराम महतो, शिवचरण कुमार, बबलू कुमार, तेजनाथ महतो, रामसेवक महतो, उपेंद्र, डब्लू, बबलू, सुनील, संभू डोम, दिलीप साव, त्रिभुवन महतो, मनु महतो, बिमल, मिथलेश, जयप्रकाश, खिरोधर, उमेश और सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया।

## दुर्गा पूजा समिति का पुनर्गठन

चतरा (आजाद सिपाही)। सदर प्रखंड के कमात गांव में ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से सरकारी निदेर्शों के अनुरूप दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने का निर्णय लिया गया। देवी मंडप प्रांगण में हुई बैठक की अध्यक्षता गोवर्धन सिंह व संचालन शिव शंकर सिंह ने किया। इस दौरान शांति पूर्ण तरीके से पूजा संपन्न कराने को लेकर नव दुर्गा पूजा समिति कमात का पुनर्गठन किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से पूर्व प्राचार्य अजय कुमार सिंह को समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जबकि सीताराम सिंह को सचिव व अक्षयवट दयाल सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा गांव के 50 युवकों को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि कार्यकारिणी सदस्य के तौर पर चुने गए युवकों की टोली को अलग-अलग भागों में बांट कर विधि-विधान से पूजा संपन्न कराया जाएगा। ये सभी कार्यकारिणी सदस्य अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष के नेतृत्व में प्राप्त जिम्मेदारियों को निभाएंगे। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी ना हो इसे लेकर देवी मंडप परिसर से मरमदीरी स्कूल तक रौशनी, साउंड और साज-सज्जा की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही शिव मंदिर परिसर और हनुमान मंदिर की भी साफ-सफाई समिति द्वारा कराई जाएगी। इसे लेकर युवा मंडली को भी विशेष तौर पर जिम्मेवारी सौंपी गई। बैठक में राजेश्वर सिंह, विजय सिंह, भरत सिंह, प्रभुनाथ सिंह, ओमप्रकाश सिंह, नीलेश सिंह, रंजीत सिंह, कामाख्या सिंह, उमेश सिंह, प्रदीप सिंह, महेश साव, दीपन साव, महेश साव, रूपन भारती, राजेन्द्र भारती, राजेश भारती, सुरेश भुईयां व नरेश भुईयां समेत कमात, असानी व सरौना के दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## जलवाहक पुलिसकर्मी ने पेड़ पर फंदे से झूलकर की आत्महत्या

भुरकुंडा(आजाद सिपाही)। भुरकुंडा ओपी परिसर में पुलिसकर्मी बीरबल राम ( 54 वर्षिय) ने पेड़ पर रस्सी के फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार जलवाहक के पद पर कार्यरत बीरबल राम का शव सोमवार की सुबह परिसर के एक पेड़ से झूलता हुआ पाया गया। मामले की सूचना पर रामगढ़ एसपी पीयूष पांडेय सहित मैनेजर एक्जेक्यूटिव मजिस्ट्रेट रामगढ़ प्रभात दत्ता, जिला पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष मंशू गोप, पतरातू सर्किल इंस्पेक्टर रोहित कुमार भुरकुंडा ओपी पहुंचे और मामले.की जानकारी ली। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। वहीं पुलिस हर पहलू की बारिकी से जांच कर रही है। घटना के कारण का खुलासा नहीं हो सका है। बताया जाता है कि बीरबल काफी मिलनसार और हंसमुख व्यक्ति थे। उनकी मौत से सहकर्मियों में गहरा शोक है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है ।

## बीडीओ ने आंगनबाड़ी भवन का किया उद्घाटन

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड के जयनगर के अम्बेदकर टोला में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का उद्घाटन पतरातू बीडीओ देवदत पाठक व पंचायत की मुखिया हीरा देवी ने फीता काटकर की। इस भवन का निर्माण करीब 12 लाख की लागत से की गई है। इस मौके पर बीडीओ ने कहा अब यहां बच्चे आएंगे और आराम से अपनी पढ़ाई करेंगे। इस मौके पर सेविका सुमंति देवी, ममता देवी, नुशरत जहां, रेणु शर्मा, विजेंदर मुंडा, विनोद मुंडा, सहित अन्य ग्रामीण शामिल थे।

# डीसी ने की समाज कल्याण विभाग से संचालित योजनाओं की समीक्षा

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

चतरा (आजाद सिपाही)। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त, अबु इमरान की अध्यक्षता में समाज कल्याण कि बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से स्थापना-परियोजना, सेविका, सहायिका, आंगनबाड़ी केन्द्र में बुनियादी सुविधा, प्रधानमंत्री मातृत्ववंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री सुकन्या योजना, पूरक पोषाहार कार्यक्रम, कुपोषण से संबंधित, समर अभियान वितीय वर्ष 2022-23 में आय-व्यय समेत अन्य से संबंधित प्राप्त प्रतिवेदनों की समीक्षा कर दिया आवश्यक दिशा निर्देश। बैठक में उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में मूलभूत सुविधाएं यथा पेयजल, शौचालय एवं बिजली की शतप्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित करने का निदेश दिया। साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आवश्यक सामग्री यथा बच्चों के लिए खिलौने, स्लेट, पेंसिल, दर्री आदि सामग्रियों के लिए आमसभा के माध्यम से प्रस्ताव की मांग संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी-सह-बाल विकास परियोजना पदाधिकारी से की गयी ताकि संबंधित आवश्यक सामग्रियों का क्रय डीएमएफटी से किया जा सकें। उपायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रधानमंत्री मातृत्ववंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना एवं मुख्यमंत्री सुकन्या योजना के तहत सभी योग्य लाभुकों को योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु निदेशित किया गया। विशेषकर बिरहोर समुदाय के योग्य लाभुक एवं गरीबी रेखा के नीचे गुजर-बसर करवाले व्यक्तियों का चयन विशेष अभियान के तहत चयन कर लाभ प्रदान करने हेतु निदेशित किया गया। उपरोक्त योजना के तहत प्रत्येक महिला पर्यवेक्षिका को प्रत्येक माह 08 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने का निदेश दिया गया। साथ ही उक्त योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि जन्म प्रमाण पत्र के अभाव में बिरहोर समुदाय के व्यक्ति लाभ से वंचित न हो इसके लिए संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को पंचायत सेवक के माध्यम से संबंधित लाभार्थी के गाँव/टोले में पहुँचकर उनका जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु निदेशित किया गया।जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि समाज कल्याण विभाग अन्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं का प्रचार/प्रसार तेजस्विनी क्लबकी युवा प्रेरक एवं किशोरी बालिकाओं के माध्यम से कराया जाय।

## रैयत विस्थापित मोर्चा का 12वां स्थापना दिवस को लेकर हुई बैठक



उरीमारी (आजाद सिपाही)। विस्थापित कार्यालय न्यू बिरसा पोटंगा समीप बरगद पेड़ के नीचे सोमवार को रैयत विस्थापित मोर्चा बरका सयाल क्षेत्र की बैठक क्षेत्रीय अध्यक्ष सूरज बेसरा की अध्यक्षता में हुई। संचालन क्षेत्रीय सचिव मोहन सोरेन ने किया। उपरोक्त बैठक में आगामी 21 सितंबर को रैयत विस्थापित मोर्चा का 12वां स्थापना दिवस रांची में क्षेत्र से भारी संख्या में शामिल होने को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस बैठक में बरका सयाल क्षेत्र के सभी परियोजना के अध्यक्ष, सचिव, पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण उपस्थित थे। जिसमें रैयत विस्थापित मोर्चा स्थापना दिवस के केंद्रीय कोषाध्यक्ष सोनाराम मांझी, सचिव सन्नी बेसरा, मुर्गीशलाल मांझी, उपाध्यक्ष विरेंद्र मांझी, बहादुर मांझी, रुस्तम सोहराब, न्यू बिरसा सचिव संजय करमाली, उरीमारी अध्यक्ष जुरा सोरेन, सचिव बिनोद हेंब्रम, राजू मांझी, प्रदीप हांसदा, महाबली मांझी, अरविंद मरांडी,बेनीराम मुर्मू, रामकुमार सोरेन,ठुडका मांझी, राजेंद्र सोरेन, पंकज हेंब्रम, विजय सोरेन,मनुलाल सोरेन, विजय टुडू, पिंटू मुर्मू, अनिल मुर्मू, पप्पू लाल मांझी, बंशीलाल मुर्मू, मुकेश मुर्मू, प्रेम सोरेन,अजय मरांडी,अजय करमाली, राजेश मुर्मू, धनीराम मांझी,जतन मुंडा, दिनेश मुंडा, गणेश सोरेन सहित कई लोग मौजूद थे।

## आइपीएल गोलीकांड के शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि



गोला(आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के बरियातू में 29 अगस्त 2016 को आईपीएल आंदोलन के दौरान शहीद हुए शहीद रामलखन महतो व शहीद दशरथ नायक का छठा शहादत दिवस सोमवार को मनाया गया। इस अवसर पर आंदोलन के नेतृत्वकर्ता रामगढ़ विधानसभा के युवा नेता राजीव जयसवाल, समाज सेवी बजरंग महतो, सुनील राज चक्रवर्ती, मनोज पुजहर सहित आंदोलन में शामिल सभी लोगों ने शहीदों के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उनकी श्रद्धांजलि दी। बताया गया कि 29 अगस्त 2016 को टोनागातू स्थित आईपीएल प्लांट में वहां के रैयत, विस्थापित एवं आस पास के हजारों ग्रामीणों की विभिन्न मांगो को लेकर नागरिक चेतना मंच के बैनर तले तत्काल झाविमो के जिला अध्यक्ष राजीव जायसवाल एवं वर्तमान रामगढ़ की विधायक ममता देवी के नेतृत्व में हजारों ग्रामीणों के साथ आंदोलन कर रहे थे। तभी अचानक प्लांट प्रबंधन ने षडयंत्र रच कर स्थानीय पुलिस प्रशासन के माध्यम से आंदोलनकारियों पर गोलियां चलवा दी। जिससे दो आंदोलनकारी राम लखन महतो व दशरथ नायक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं दर्जनों लोग पुलिस की गोली से घायल हो गए। प्लांट प्रबंधन का इससे भी मन नहीं भरा तो सैकड़ो आंदोलनकारियों पर केस करवा कर जेल भेज दिया गया। वहां शहादत दिवस के अवसर पर आंदोलनकारी नेता राजीव जायसवाल ने कहा कि हमारे शहीदों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। जिस उद्देश्य के साथ सैकड़ों आंदोलनकारियों ने प्लांट प्रबंधन के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूंका था। उस आंदोलन को अब पुन: शुरू किया जाएगा। प्लांट प्रबंधन ने सैकड़ों बेगुनाहों को जेल भेजकर और फर्जी मुकदमा दायर कर प्रताड़ित करने का जो कार्य किया है उसे हम भूले नहीं हैं। वही जोश, वही तेवर के साथ हमारी लड़ाई पुन: प्रारम्भ होगी। जबतक रैयत विस्थापितों की मांग पुरी नही की जाती यह आन्दोलन चलता रहेगा। मौके पर ज़िम्मी चक्रवर्ती, संतोष तिवारी, जनार्दन पाठक, सुधीर मंगलेश, प्रितम झा, रामविनय महतो, कमलेश महतो, बालेश्वर भगत, सुभाष महतो, वासुदेव प्रसाद, नीतीश महतो, मुखलाल महतो, तुलसीदास महतो, अभिषेक सोनी, बिक्की महतो, पवन कुमार पटेल, हर्षनारायण महतो, आदिल इनामी, कुंवर महतो, सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## आदिवासी विकास परिषद दुलमी प्रखंड समिति का गठन



रजरप्पा(आजाद सिपाही)। दुलमी बाजार टांड स्थित राज किशोर सिंह उच्च विद्यालय हरहद्द कंडियर में आदिवासी विकास परिषद की बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता कारू करमाली व संचालन गोपाल करमाली ने किया।बैठक में मुख्य रूप से समाज के जिलाध्यक्ष बासुदेव कुमार मुंडा उपस्थित थे ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज समाज शिक्षा के अभाव में पीछे होते दिख रहा है ।नतीजा है कि लोग अपने रीति रिवाज व सांस्कृतिक कार्यक्रम को भूलते जा रहे हैं ।उन्होंने समाज के लोगों के बीच शिक्षा का प्रचार प्रसार करने की बात कहा ।साथ ही आगे कहा कि शिक्षा के अभाव के अभाव के कारण समाज में तिलक प्रथा का चलन बढ़ते जा रहा है ।उस पर रोक लगाने की आवश्यकता है ।तभी समाज का विकास हो सकता है। बैठक में सर्व सम्मति से आगामी 8 सितंबर को दुलमी बाजार टांड में महिला झूमर प्रतियोगिता कराने का निर्णय लिया गया। साथ ही आदिवासी विकास परिषद दुलमी प्रखंड समिति का गठन किया गया ।जिसमें अध्यक्ष कारू करमाली उपाध्यक्ष कैलाश मुंडा,सचिव जागेश्वर गंझू,कोषाध्यक्ष विजय मुंडा के अलावे कपिल देव करमाली,सुलेंद्र मुंडा, सहित कई लोगों को कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया।

HOLY CROSS COLLEGE (EVENING)
HAZARIBAG, JHARKHAND-825301
PH. 06546-224773 (O), 224727 (R),
Website: www.hcvtihazaribag.com E-mail- hccollegehzb@gmail.com
College Code :157

Walk-in-Interview
(To be held on 7th & 8th September)

Applications on plain paper along with passport size photograph and photo copy of all documents are invited from the eligible candidates for the post of lecturers in the following subjects of Arts for Holy cross evening College, Hazaribag. The details of eligibility, etc. are given below:
Please contact Mob. No. 7061540578 for any query.
**Hindi, English, Political Science, History, Sociology, Home Science, Economics** (One post in each Subject)
**Eligibility: -**
Lecturer- At least 55% marks in concerned Subject
**Note:** Preference will be given to **Ph.D./NET/SLET** holder and experienced candidates
**Date of interview :**
07.09.2022 (10.00 AM to 02:00 PM)
Hindi, English, Political Science, History
08.09.2022 (10.00 AM to 02:00 PM)
Sociology, Home Science, Economics
Venue - Holy Cross College premises.
Sd/-
Principal/Director
Date : 29.08.2022

VINOBA BHAVE UNIVERSITY
HAZARIBAG-825301
Post Box No.-31
phone Nos V.C-264279 (O), 262342 (R), P.V.C.264724 (O), 262301 (R), Registrar-270982 (O), 267272 (R), CE-263330 (O), 262387 (R)
P.O : 270983 (O) FAX-06546-267878, 270982 (O), 264066 (R)

TENDER NOTICE

Sealed Tenders are invited for **Digitization of Tabulation Registers/Data entry of Records** from lending, reputed, professionally financially sound and duly registered companies/agencies/organizations which have minimum 05 years of experience in relevant execution for development, supply, implementation and maintenance of complete project in any **State Government/ Central Government University preferably of Jharkhand or Bihar.**
For detailed information tender documents can be downloaded from the website of the University at **www.vbu.ac.in.**
Sealed envelopes in two bid system may be submitted in triplicate either by **Registered/Speed Post** or directly to the **"Registrar, Vinoba Bhave University at Sindur, Hazaribag, Jharkhand, PIN-825301."** latest by **02:00 P.M.** on **27.09.2022.**
By order of the Vice-Chancellor
Sd/-
Registrar
Memo No.: VBU/CCDC/R/2464/2022
Date : 29.08.2022

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 30 अगस्त, 2022
www.azadsipahi.com


# अवैध निर्माणों पर रोक लगे

नोएडा के विवादित ट्विन टावर के नौ सेकंड के अंदर रविवार दोपहर ढाई बजे धूल-धूसरित होने की इमेज लंबे समय के लिए देशवासियों के जेहन में दर्ज हो गयी। ट्विन टावर को गिराने की कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक सरकारी एजेंसियों की देखरेख में और हर तरह की सतर्कता के साथ हुई। यही वजह रही कि दिल्ली की ऐतिहासिक कुतुब मीनार से भी ऊंची इन दोनों बिल्डिंगों को विस्फोटकों के जरिए ध्वस्त करने के बावजूद किसी तरह के जान-माल का नुकसान नहीं होने दिया गया। हालांकि इसके संभावित परोक्ष दुष्प्रभावों के बारे में अभी से कोई नतीजा नहीं निकाला जा सकता, इसके लिए विशेषज्ञों को ज्यादा गहरी जांच-पड़ताल करनी होगी, जिसमें वक्त लगेगा। फिर भी यह नोएडा अथॉरिटी समेत तमाम एजेंसियों और विशेषज्ञ टीमों की सफलता कही जायेगी कि इस पूरी कवायद को ठीक उसी तरह अंजाम दिया गया जैसा कि तय हुआ था। यह ट्विन टावर वर्षों से विवादों में था और देश में बिल्डर-नौकरशाही-राजनेताओं की सांठगांठ का प्रतीक बन गया था। पिछले कुछ समय से देश में यह आम धारणा बनती जा रही थी कि अपने यहां सब चलता है। नियम-कानूनों को धता बताते हुए जैसे भी हो जमीन लेकर बिल्डिंग खड़ी कर दो, एक बार फ्लैट्स बिक गये, लोग उसमें रहने लगे तो फिर कुछ नहीं होता। भ्रष्टाचार का टावर कहे जाने वाले इस ट्विन टावर को गिराये जाने से इस परसेप्शन को तोड़ने में थोड़ी मदद जरूर मिलेगी, लेकिन इस प्रकरण ने कई गंभीर सवाल उठाये हैं। एक तो यही कि अवैध बिल्डिंग तो गिरी, पर बिल्डिंग बनाने वालों का क्या? इस सिलसिले में पहली बात यह याद रखने की है कि बिल्डिंग को पूरी तरह से कंस्ट्रक्शन कंपनी के खर्च पर गिराया गया है। दूसरी और ज्यादा महत्वपूर्ण बात यह कि इसे गलत तरीके से मंजूरी देने वाले भी कार्रवाई के दायरे में लिये गये हैं। कई अफसरों के खिलाफ कार्रवाई हुई है और जांच चल रही है। फिर भी यह बहस अपनी जगह है ही कि क्या पूरी तरह से तैयार ऐसी बिल्डिंगों को यों जमींदोज करना ही सबसे अच्छा विकल्प है? क्या सरकार द्वारा जब्त कर अस्पताल या किसी और रूप में इसका इस्तेमाल नहीं किया जा सकता था? सब जानते हैं कि नियम-कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए बनायी गयी यह देश की इकलौती इमारत नहीं है। तो क्या बाकी इमारतों को भी इसी तरह ध्वस्त करना पड़ेगा? जाहिर है, ऐसी कार्रवाई सांकेतिक ही हो सकती है। सो इस ट्विन टावर के जरिए जो संदेश देना था, वह दिया जा चुका है। अब आगे का काम यह सुनिश्चित करना है कि इस संदेश को बिल्डर-अफसर-नेता बिरादरी गंभीरता से ग्रहण करे और अपने कार्य व्यवहार में आवश्यक बदलाव लाये।

**भ्रष्टाचार का टावर कहे जाने वाले इस ट्विन टावर को गिराये जाने से इस परसेप्शन को तोड़ने में थोड़ी मदद जरूर मिलेगी, लेकिन इस प्रकरण ने कई गंभीर सवाल उठाये हैं।**

**विदर्भ में लोक नायक बापूजी अणे ने 'जंगल सत्याग्रह' की रूपरेखा तैयार की और इस सत्याग्रह में शामिल होने के लिए डॉ हेडगेवार ने सरसंघचालक के अपने दायित्व को छोड़ कर लक्ष्मण वासुदेव परांजपे को कार्यकारी सरसंघचालक नियुक्त किया था। डॉ हेडगेवार नें 1930 के गुरु पूर्णिमा समारोह दौरान दिये अपने भाषण में जंगल सत्याग्रह को लेकर अपनी भूमिका स्पष्ट की थी। उन दिनों मध्य प्रांत की सरकार ने जंगल को काटने से प्रतिबंधित कर रखा था, इसलिए कोई भी व्यक्ति चारे के लिए घास और निर्माण कार्य के लिए लकड़ी नहीं काट सकता था।**

# जंगल सत्याग्रह और डॉक्टर हेडगेवार



सुखदेव वशिष्ठ

भारत की स्वतंत्रता का 75वां वर्ष चल रहा है। आजादी के अमृत महोत्सव' में पूरे देश में एक नयी उमंग छा रही है। जब गांधी जी ने 6 अप्रैल 1920 को सविनय अवज्ञा आंदोलन की शुरूआत अपनी ऐतिहासिक दांडी यात्रा के माध्यम से की और नमक सत्याग्रह के माध्यम से अंग्रेज सरकार द्वारा बनाये गये नमक कानून को तोड़ा और देशवासियों से अंग्रेजों के बनाये गये काले कानूनों को तोड़कर सत्याग्रह में शामिल होने का आग्रह किया तो सारे भारत में सत्याग्रह द्वारा सभी प्रकार के तानाशाही कानूनों को तोड़ने का सिलसिला प्रारंभ हो गया।

इसी 'दांडी यात्रा 'का या नमक सत्याग्रह का महाराष्ट्र के विदर्भ में रूप जंगल सत्याग्रह है। यह सत्याग्रह संघ के संस्थापक डॉ हेडगेवार की अगुवाई में हुआ था।

विदर्भ में लोक नायक बापूजी अणे ने 'जंगल सत्याग्रह' की रूपरेखा तैयार की और इस सत्याग्रह में शामिल होने के लिए डॉ हेडगेवार ने सरसंघचालक के अपने दायित्व को छोड़ कर लक्ष्मण वासुदेव परांजपे को कार्यकारी सरसंघचालक नियुक्त किया था। डॉ हेडगेवार नें 1930 के गुरु पूर्णिमा समारोह दौरान दिये अपने भाषण में जंगल सत्याग्रह को ले कर अपनी भूमिका स्पष्ट की थी। उन दिनों मध्य प्रांत की सरकार ने जंगल को काटने से प्रतिबंधित कर रखा था, इसलिए कोई भी व्यक्ति चारे के लिए घास और निर्माण कार्य के लिए लकड़ी नहीं काट सकता था। इस कारण अनेक लोगों के कारोबार प्रभावित हुए तथा चार- घास की कमी के कारण पशुपालन भी प्रभावित हो रहा था। तत्कालीन सर संघचालक हेडगेवार जी ने जंगल को काट कर कानून का उल्लंघन करके सत्याग्रह करने का निर्णय लिया। 21 जुलाई को जंगल कानून तोड़ने का फैसला किया गया। सत्याग्रह का स्थान यवतमाल से आगे दस किलोमीटर पर लोहारा जंगल के एक गांव में था। इस सत्याग्रह को देखने के लिए हजारें लोग उपस्थित थे। भारत माता की जय और वंदेमातरम के उद्घोष के साथ डॉ हेडगेवार और उनके साथियों ने जंगल की कटाई शुरू कर दी।

इस प्रकार जंगल का जंगली कानून टूट गया। सभी को गिरफ्तार कर लिया गया। उसी दिन सायं को मुकद्दमा चला और हेडगवार जी को 9 महीने का कठोर कारावास तथा अन्य साथियों को 4 महीने का ऐसा ही कारावास दिया गया। वह पहले यवतमाल और बाद में अकोला जेल में कैद रहे। डॉक्टर हेडगेवार ने इस दौरान संघ कार्य के विस्तार कि योजना बनायी और पूरे मध्य भारत में शाखाओं का विस्तार किया।

1930 के इसी जंगल सत्याग्रह की स्मृति में केंद्र सरकार महाराष्ट्र के यवतमाल जिले में स्थित पुसद में एक संग्रहालय का निर्माण करवाने जा रही है। यवतमाल में दीनदयाल बहुउद्देशीय प्रसारण बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गजानन परसोडकर ने इस संग्रहालय को लेकर प्रस्ताव दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों में, इतिहास साक्षी है कि किसी राष्ट्र का गौरव तभी जाग्रत रहता है, जब वो अपने स्वाभिमान और बलिदान की परंपराओं को अगली पीढ़ी को भी सिखाता है, संस्कारित करता है, उन्हें इसके लिए निरंतर प्रेरित करता है। किसी राष्ट्र का भविष्य तभी उज्ज्वल होता है जब वो अपने अतीत के अनुभवों और विरासत के गर्व से पल-पल जुड़ा रहता है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघ चालक मोहन भागवत के शब्दों में, यह स्वतंत्रता हमें गुलामी, कठिनाइयों और निरंतर लड़ाइयों के लंबे दौर की भी याद दिलाती है, जो भारतीय पूर्ण स्वतंत्रता के एकमात्र लक्ष्य से विचलित हुए बिना लड़े थे। समाज के सभी वर्गों ने अपनी क्षमता, शक्ति और शक्ति के अनुसार स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान दिया। समाज धीरे-धीरे उन घटकों के प्रति जागरूक हुआ, जो हमारी स्वतंत्रता के मार्ग में बाधा उत्पन्न कर रहे थे। जंगल सत्याग्रह की स्मृति में संग्रहालय का निर्माण निश्चित ही आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा देगा।

**1930 के इसी जंगल सत्याग्रह की स्मृति में केंद्र सरकार महाराष्ट्र के यवतमाल जिले में स्थित पुसद में एक संग्रहालय का निर्माण करवाने जा रही है।**



**1930 के इसी जंगल सत्याग्रह की स्मृति में केंद्र सरकार महाराष्ट्र के यवतमाल जिले में स्थित पुसद में एक संग्रहालय का निर्माण करवाने जा रही है। यवतमाल में दीनदयाल बहुउद्देशीय प्रसारण बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गजानन परसोडकर ने इस संग्रहालय को लेकर प्रस्ताव दिया था।**

## जमशेदपुर की खबरें

### जमशेदपुर में गणेश पूजा को लेकर प्रशासन हाइ अलर्ट

# कदमा पूजा मैदान में पुलिस पदाधिकारी समेत दंडाधिकारी नियुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में गणेश पूजा को लेकर प्रशासन हाई अलर्ट है। गणेश पूजा 31 अगस्त को मनाया जायेगा। इस दौरान असामाजित तत्वों द्वारा लड़कियों के साथ छेड़खानी अथवा भीड़ का लाभ उठाकर विधि-व्यस्था की समस्या उत्पन्न करने की आशंका को देखते हुए प्रशासन द्वारा इस पर प्रतिनियुक्ति की गयी है। गणेश पूजा को लेकर शांति एवं विधि-व्यवस्थआ बनाये रखने के लिए दंडाधिकारी एवं पुलिस बस की प्रतिनियुक्ति की तैनाती होती। इस दौरान मुख्य पूजा पंडालों एवं थाना सुरक्षित सह गशती दल, दंडाधिकारी के रूप में विसर्जन तक तैनात रहेंगे। इसमें प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि पूजा पंडालों पर शांति एवं विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए विशेष निगरानी रखी जायेगी। वहीं सरकार द्वारा कोरोना के संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव के लिए भी दिशा निर्देश का पालन किया जायेगा। वहीं दूसरी ओर कदमा गणेश पूजा मैदान में मेला समाप्ति तक के लिए दंडाधिकारी तैनात किया जायेगा। वहीं यातायात नियंत्रण को लेकर पुलिस उपाधीक्षक यातायात जमशेदपुर से आठ दंडाधिकारी और सात पुलिस पदाधिकारी को सुनिश्चित किया जाया है। वहीं कदमा गणेश पूजा मैदान के लिए छह दंडाधिकारी और तीन पुलिस पदाधिकारी तैनात किये जायेंगे। वहीं विसर्जन जुलूस के साथ थाना प्रभारी एवं थाना दंडाधिकारी को सुनिश्चित किया गया है। विसर्जन जुलूस के लिए 40 दंडाधिकारी और 41 पुलिस पदाधिकारी की तैनाती होगी।

# बेटियां सभी की बराबर, फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई हो : काले

**भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले सम्मिलित हो कर पुण्यआत्मा को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि-सभ्य समाज में इस प्रकार की जघन्य घटनाओं का कोई स्थान नहीं है।**

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** अंकिता को न्याय दिलाने के लिये राष्ट्रवादी जनमंच द्वारा आज संध्या 6 बजे श्री हनुमान मंदिर, बसंत सिनेमा चौक पर आयोजित जन आक्रोश मार्च में भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले सम्मिलित हो कर पुण्यआत्मा को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि-सभ्य समाज में इस प्रकार की जघन्य घटनाओं का कोई स्थान नहीं है। इस घटना की जितनी भी निंदा की जाये कम है, हमें ना केवल इसकी भर्त्सना करनी चाहिए बल्कि अभियुक्त को कड़ी से कड़ी सजा हो इसके लिये हर संभव लोकतांत्रिक प्रयत्न करना चाहिए, असामाजिक तत्वों, अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ गया है। आज जब हमारे घर में ही हमारी बहनें, बेटियां, मातायें सुरक्षित नहीं है तो कहां सुरक्षित रहेंगे। इस प्रकार की घटना से मन व्यथित हो जाता है, अब समय आ गया है कि हमें एकजुट होकर अंकिता बिटिया को न्याय मिले इसके लिए प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि बहू-बेटियां सभी की बराबर है और ऐसी हृदय विदारक घटनायें समाज की परिस्थिति पर बड़ी प्रसन्न चिन्ह है और घोर चिंतनीय है।

## जमशेदपुर पश्चिम क्षेत्र में मच्छरों से बचाव के लिए कराया गया फॉगिंग

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बारिश के मौसम आते ही मच्छरों की परेशानी बढ़ने लगी है। सोमवार को जमशेदपुर पश्चिम क्षेत्र में विधायक सह मंत्री बन्ना गुप्ता के निर्देश पर स्थानीय लोगो के लिये फॉगिंग का सुबिधा उपलब्ध कराया गया। युवा कांग्रेस जमशेदपुर पश्चिम के विधानसभा अध्यक्ष भवानी सिंह के नेतृत्व में पारडीह क्षेत्र में बरसात के मौसम में मच्छरों के बढ़ते प्रकोप को कम करने के लिए गोराई पथ, चांदनी चौक, नीचे बस्ती के आलावे विभिन्न एलाकों में फॉगिंग कराया गया। मौके पर पिंटू महतो, प्रकाश यादव, अजय पाल, रवि रजक, रंजन सिंह व अन्य शामिल रहे।

## कपाली पुलिस ने चोरी की घटना का 24 घंटे में किया खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बीती रात सरायकेला खरसावां जिले के कपाली ओपी अंतर्गत गौसनगर मैं नाजिया परवीन के घर में हुए चोरी के मामले का पुलिस ने 24 घंटे के खुलासा कर दिया। पुलिस बने इस घटना में 3 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को सभी आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस संबंध में जानकारी देते कपाली के एएसआइ मोहम्मद जुल्फिकार अली ने बताया गौसनगर निवासी नाजिया परवीन के घर में बीते रात चोरो ने मोबाइल फोन समेत नगद 45000 हजार की चोरी कर ली थी। कपाली पुलिस को लिखित शिकायत मिलने के बाद करवाई शुरू की गई। कपाली पुलिस ने 24 घंटे में करवाई करते हुए चोरी की मोबाइल फोन समेत तीन बदमाशों गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त में महफूज उर्फ शाखा, मोहम्मद सोनू उर्फ जींद सोनू एवं मोहम्मद इशाक शामिल रहा। जांच के बाद सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापेमारी के दौरान सब इंस्पेक्टर अमित कुमार, मोहम्मद कासिम, दिनेश कुमार, रामनाथ बांद्रा समेत टाइगर पेट्रोलिंग के जवान मौजूद रहे।

# रेनकोट उपलब्ध कराया



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिला के लौह नगरी जमशेदपुर में वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिये लगातार प्रयास जारी है। उधर सोमवार को टाटा स्टील फाउंडेशन के द्वारा 200 से ज्यादा ट्रैफिक पुलिस को बारिश से बचाव के लिए रेनकोट उपलब्ध कराया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया बारिश के मौसम में चेकिंग अभियान के दौरान ट्राफिक पुलिस परेशानियों को देखते हुए टाटा स्टील फाउंडेशन के द्वारा पुलिस जवान को रेनकोट उपलब्ध कराया गया। एसएससी ने टाटा स्टील प्रबंधन एवं टाटा स्टील फाउंडेशन के किए गए कार्य की सराहना की।

## आदिवासी कुड़मी समाज कर्म पूजा को लेकर की बैठक

# हर्ष उल्लास के साथ पर्व मनाने का लिया गया निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** आदिवासी कुड़मी समाज के द्वारा कर्म पूजा प्रत्येक वर्ष धूमधाम से मनाया जाता है। समाज के बिरसानगर व टेल्को नगर कमेटी के द्वारा करम पर्व को हर्ष उल्लास के साथ मनाने के लिये तैयारी शुरू कर दी गई।सोमवार को बिरसानगर के नगर अध्यक्ष धीरेंद्र नाथ महतो के आवास में आयोजित बैठक में समाज के सभी पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से टेल्को रोड नंबर 18 आखड़ा मैदान में कार्यक्रम आयोजन करने पर सहमति बनी। इस बार आदिवासी कुड़मी समाज के द्वारा कुड़मालि नेगाचारि परम्परा के माध्यम से हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के दौरान आखड़ा के कर्मावती बहनों के द्वारा जाउआ पाता किया जायेगा। जाउआ पाता का देखरेख के लिये नगर सचिव निरानंद महतो के टीआर को दायित्व सौंपा गया। कर्मावती बहनों के द्वारा प्रतिदिन संध्या बेला जाउआ बेड़हा किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान 4 सितंबर को करम आखड़ा का साफ सफाई, 5 सितंबर को जागरण में कुड़मालि पारम्परिक पांता नाच, आखड़ा के लाइआ प्रकार महतो केटिआर के द्वारा किया जायेगा। आखड़ा के करम गांछ में करम गोसाञ को आह्वान किया जायेगा। ताकि शुक्ल पक्ष भादर एकादशी के दिन करम सेउरन सफलतापूर्वक हो सके। नियम पूर्वक शुक्ल पक्ष भादर एकादशी के दिन 7 अगस्त को दोपहर 3 बजे आखड़ा के करम गांछ पर कुड़मालि नेगाचारि परंपरा के अनुसार नाइआ के द्वारा करम सेउरन किया जायेगा।

**बैठक में इनकी रही उपस्थिति**

**बैठक का संचालन नगर सचिव निरानंद महतो केटीआर और धन्यवाद ज्ञापन नगर उपाध्यक्ष नेपाल महतो बानुआर ने किया। बैठक में जगत महतो, रंजीत महतो, नमिता महतो, निरानंद महतो, धीरेंद्र नाथ महतो, अनीता महतो,मनोहर महतो,देव दुलाल महतो, कविता महतो एवं अनुज कुमार महतो के आलावे अन्य उपस्थित रहे।**

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 30 अगस्त, 2022
www.azadsipahi.com



## महत्वपूर्ण न्यूज

### बाइपास निर्माण मामले में उपायुक्त कार्यालय से बिना मिले लौटाये जाने पर खजूरी के रैयतों में आक्रोश




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** एनएच-75 बाईपास खजुरी में हो रहे निर्माण कार्य में हो रहे भूमि अधिग्रहण को लेकर ग्राम खजुरी के रैयतों ने रैयतीकरण के लिए 2018 ई. से जिला समाहरणालय व अंचल कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं, परंतु अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है, जबकि जब जब वांछित कागजात मांगा जाता रहा है तब तब ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत किया गया है। परंतु अधिकारी ग्रामीणों से मिलते नहीं हैं। मीटिंग के बहाने टाल-मटोल कर बिना ग्रामीणों से मिले वापस कर दिया जाता है। सोमवार को लगभग 50 से ज्यादा लोग उपायुक्त कार्यालय में उपायुक्त से मिलने गए थे परंतु उपायुक्त मिलने से इंकार कर दिये, जिससे ग्रामीणों में काफी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि अब जोरदार आंदोलन करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 2018 ई. से हमलोग परेशान हैं परंतु गरीब, लाचार व असहाय ग्रामीणों का दर्द सुनने की बात तो दूर, अधिकारी ग्रामीणों से बात करना भी नहीं चाह रहे हैं। मौके पर राजद जिला अध्यक्ष सूरज सिंह, मुखिया प्रतिनिधि श्री कांत दुबे, राजेंद्र दुबे, मदन कुमार ठाकुर, शंभू दुबे, हरी बिंद, रामाशंकर ठाकुर, रवि प्रकाश उर्फ लड्डू, हरि ओम प्रकाश, मनोज कुमार ठाकुर, अविनाश बिंद, एकलव्य बिंद, रंजन ठाकुर, लक्ष्मण दुबे, गोपाल प्रसाद गुप्ता, शशि साह, चिंता देवी, प्रमोद यादव, बहादुर शाह, राजेश कुमार, सुमेर दत्त दुबे, प्रताप कुमार पांडेय, गौरी शंकर बिंद, अमित कुमार गुप्ता, उपी कुंवर सहित मौके पर दर्जनों हितबद्ध रैयत उपस्थित थे।

### पंचायत सचिवालय में मुखिया कक्ष का उद्घाटन



**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नवनिर्मित पंचायत सचिवालय मुकुन्दपुर के मुखिया मूंगा साह ने अपने कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया। यह पंचायत सचिवालय वर्षों से अधूरा था। जिससे पंचायत वासियों को मुखिया एवं पंचायत कर्मी से आवश्यक कार्य के लिए भटकना पड़ता था। ससमय कर्मी से पंचायत वासियों को कार्य संपन्न नहीं हो पाता था। हेमंत सरकार के कार्यकाल में पंचायत सचिवालय का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया। पहली बार मुखिया अपने कक्ष में बैठकर आवश्यक कार्य का निपटारा अब करेंगे। इस दौरान मुखिया ने 14 ग्रीन कार्ड का वितरण किया। मौके पर मुखिया मूंगा साह ने कहा कि अब किसी भी पंचायत कर्मी या प्रतिनिधि को खोजना नहीं पड़ेगा। पंचायत सचिवालय में ही बैठकर पंचायत वासियों का कार्य आसानी से सम्पन्न करेंगे। इस पंचायत को विकास के दृष्टि से जिला मे नंबर वन लाना मेरा प्रयास रहेगा। इस मौके पर रोजगार सेवक धीरेन्द्र विश्वकर्मा, उपमुखिया दयानन्द विश्वकर्मा, वार्ड सदस्य नंदकिशोर प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार सिंह, कसमुद्दीन अंसारी, शम्भू साह, कौशल्या देवी, फूलकुमारी देवी, संतोष राम, स्वयंसेवक रविकांत चंद्रवंशी, योगेंद्र कुमार सिंह, रामप्रवेश वर्मा, मनिलाल गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### सरस्वती विद्या मंदिर बंशीधर नगर में राष्ट्रीय खेलकूद दिवस मनाया गया



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। सरस्वती विद्या मंदिर में सोमवार को राष्ट्रीय खेलकूद दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर की। तत्पश्चात विद्यालय स्तरीय पारंपरिक खेलों का शुभारंभ किया गया। यह खेल वाटिका, शिशु, बाल, किशोर एवं कन्या कुल पांच वर्गों में खेला गया। जिसमें लगभग 700 विद्यार्थी, 50 अभिभावक एवं 17आचार्य-दीदी उपस्थित थे। इन पारंपरिक खेलों में कबड्डी, खो-खो, लूडो, आंख मिचौली, गोटी, लाल छड़ी, पोसम्पा इत्यादि खेल शामिल थे। इस मौके पर प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कहा कि मेजर ध्यानचंद खेल जगत के जाने-माने हस्ती थे। उन्हें खेल का जादूगर कहा जाता था। इस खेलकूद प्रतियोगिता में ऐसे खेल का आयोजन हुआ जो वर्तमान समय में अस्तित्व से बाहर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह खेल हमें पुराने दिनों की याद भी दिलाते हैं और आज के डिजिटल युग में जहां हम मोबाईल को अपना साथी बना रहे हैं और इन खेलों को भूलते जा रहे हैं। ये प्रतियोगिताएं खेल को फिर से जीवंत करने का एक माध्यम बनेंगी। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में आचार्य, दीदी एवं अभिभावक का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**प्रेस कांफ्रेंस :** जिला भाजपा ने दुमका में लड़की को पेट्रोल से जलाकर मारने की घटना पर जताया क्षोभ

# झामुमो सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं : संतोष दुबे

**पीड़िता अंकिता सिंह की मौत के बाद भी सरकार का कोई भी प्रतिनिधि देखने तक नहीं पहुंचा**

**एक तरफ पीड़िता अस्पताल में तड़प रही थी वहीं दूसरी तरफ मुख्यमंत्री विधायकों के साथ पिकनिक मना रहे थे**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा गढ़वा जिला महामंत्री संतोष दुबे ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि झामुमो सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। जिस तरह से दुमका में शाहरुख खान द्वारा अंकिता सिंह पर खुलेआम पेट्रोल फेंककर आग लगायी गयी इससे यह साबित होता है कि हेमंत सरकार में अपराधियों का मनोबल काफी ऊंचा हो चुका है। उन्होंने कहा कि एक तरफ पीड़िता अस्पताल में तड़प रही थी वहीं दूसरी तरफ झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने विधायकों के साथ पिकनिक मना रहे थे व नौका विहार कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बेशर्मी की पराकाष्ठा तब हो गई कि जब पीड़िता अंकिता सिंह की मौत के बाद भी सरकार का कोई भी प्रतिनिधि देखने तक नहीं पहुंचा। जबकि मुख्यमंत्री के भाई बसंत सोरेन दुमका से ही विधायक हैं लेकिन वे भी मुख्यमंत्री के पिकनीक पार्टी में शामिल होकर आनंद ले रहे थे। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार मुस्लिम समुदाय को खुश करने के लिए तुष्टिकरण की नीति अपना रही है। हिन्दू महिलाओं के ऊपर खुलेआम हमला हो रहा है लेकिन हेमंत सरकार में शामिल किसी मंत्री विधायक का एक बयान तक नहीं आता है। उन्होंने कहा कि दुमका कांड मामले में झामुमो कांग्रेस महागठबंधन के नेताओं ने कोई कार्रवाई नहीं की। झामुमो के लोग सत्ता भोगी हैं। झामुमो को जनता का किसी सुख दुख से कोई मतलब नहीं है। झामुमो जब से सत्ता में आयी है झारखंड में अपराधियों का तांडव जगजाहिर हो चुका है। इस सरकार में खुलेआम गुंडाराज चल रहा है। लूट, हत्या, बलात्कार जैसी घटनाएं आम हो चुकी हैं। झामुमो सरकार में महिला अत्याचार खुलेआम हो रहा है। झामुमो सरकार में महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जब से झामुमो सरकार बनी है सैकड़ों महिलाओं की मौत हो चुकी है। हेमंत सरकार के मंत्री विधायक खुलेआम झारखंड को लूटने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि गढ़वा सहित पूरे झारखंड में खनिज संपदा को लूटा जा रहा है। जनता त्राहि त्राहि कर रही है। हर विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। प्रदेश से भी बदतर स्थिति गढ़वा की बनी हुई है, जहां स्थानीय विधायक सह मंत्री भ्रष्टाचार एवं अपराधियों को संरक्षण दे रहे हैं। वर्तमान में मेराल की घटना को इसी कड़ी में देखा जा रहा है। नथुन चौधरी के हत्यारे आज बेखौफ घूम रहे हैं। अभी तक अपराधियों पर कार्रवाई नहीं हुई क्योंकि मंत्री जी का संरक्षण प्राप्त है। वर्तमान हालात को देखते हुए प्रदेश में एक ही विकल्प है, सिर्फ राष्ट्रपति शासन का। यह भ्रष्ट सरकार को तत्काल बर्खास्त कर यहां राष्ट्रपति शासन लगे, जिससे प्रदेश के हालात में सुधार हो सके।

मौके पर मुख्य रूप से भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी नवीन जायसवाल सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## मुखिया से हॉल की चाबी नहीं मिलने से नाराज सखी मंडल की महिलाओं ने खुले आसमान के नीचे की बैठक

**बैठक के बाद सभी महिलाओं ने बीडीओ से मुलाकात कर की मुखिया पति की शिकायत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** मकरी पंचायत भवन में बैठक करने के लिए हॉल की चाबी लेने सखी मंडल की महिलाएं रविवार को मुखिया सरिता देवी के घर पहुंची। मुखिया पति धनंजय साह ने चाबी देने से इनकार कर दिया। जिससे नाराज महिलाओं ने पंचायत भवन के सामने खुले आसमान में बैठक की।

रविवार को मकरी पंचायत भवन में सखी मंडल की महिलाओं की बैठक आयोजित की गयी थी। जिसमें भवनाथपुर, मकरी, बनसानी पंचायत की सखी मंडल को उपस्थित होना था। इस बैठक के लिए दो दर्जन से अधिक महिलाएं पंचायत भवन के हॉल की चाबी लेने मुखिया सरिता देवी के घर पहुंची, जहां मुखिया से मुलाकात नहीं हुई। महिलाओं का सामना मुखिया पति धनंजय साह से हो गया। महिलाओं ने मुखिया जी को बुलाने की बात कही, लेकिन मखिया पति ने कहा कि मुखिया से बात नहीं होगी, जो कहना है हमसे कहिये। सखी मंडल की रंजीता कुजूर, सुमित्रा देवी, अंजू देवी, माया देवी, रूबी देवी, ममता देवी आदि महिलाओं ने आरोप लगाया कि मुखिया पति ने मुखिया से मिलने नहीं दिया। इतना ही नहीं, बैठक के लिए हॉल की चाबी मांगे जाने पर कहा चाबी नहीं देंगे, जहां जाना है जाईये। महिलाओं ने कहा महिलाओं की समस्याओं के लिए महिला मुखिया बनाया गया है, लेकिन मुखिया पति महिलाओं से मिलने नहीं दे रहे हैं यह दुखद बात है। महिलाओं के द्वारा लाख मिन्नत के बाद भी मुखिया पति ने चाबी नहीं दी। वहां से नाराज होकर महिलाओं ने पंचायत भवन के सामने चिलचिलाती धूप में खुले मैदान में बैठक की। सखी मंडल की महिलाओं को बैठक के लिए हॉल की चाबी नहीं मिलने पर खुले आसमान में बैठक चर्चा का विषय बना हुआ है। बैठक के बाद सभी महिलाओं ने बीडीओ से मुलाकात कर शिकायत की।

पंचायत सचिव भुनेश्वर सिंह ने कहा कि सखी मंडल की महिलाओं को दो कमरों की चाबी दी गई है। साथ ही बैठक करने के एक दिन पूर्व सूचना मिलने पर हॉल की चाबी दी जाएगी।

### 11 सूत्री मांगों को लेकर अंचल के सभी उपनिरीक्षक रहे कलम बंद हड़ताल पर

**कांडी (आजाद सिपाही)।** राजस्व उप निरीक्षक महासंघ के आह्वान पर कांडी अंचल के सभी उपनिरीक्षक 11 सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय कलम बंद हड़ताल पर रहे। इस दौरान वे कार्यालय तो आये लेकिन उनके द्वारा कोई भी कार्य संपादित नहीं किया गया। इस संबंध में राजस्व उप निरीक्षक जगन्नाथ मांझी ने बताया कि 2019 में सरकार से वार्ता के दौरान न्यूनतम वेतनमान उपलब्ध कराने सहित अन्य कई मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया गया था। साथ ही सरकार द्वारा अपने घोषणा पत्र में भी कर्मचारियों की मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन दो वर्ष गुजर जाने के बाद भी राज्य सरकार की ओर से इस पर कोई सार्थक पहल नहीं की गयी। जिसके कारण राजस्व उपनिरीक्षक महासंघ द्वारा क्रमबद्ध ढंग से आंदोलन किया जा रहा है। इस हड़ताल में राजस्व उप निरीक्षक जगन्नाथ मांझी, राजस्व कर्मचारी बेलाशिस केरकेट्टा, दीपक यादव, गणेश सिंह चौधरी, वसीम अंसारी शामिल थे।

## फिरदोस अंसारी अध्यक्ष, मनोज ठाकुर सचिव एवं सिबिस्टयानी केरकेट्टा बनीं मुखिया संघ की उपाध्यक्ष



आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** प्रखंड के सभी मुखिया की बैठक सोमवार को महदेईया स्थित आकृति लाईन होटल में हुई, जिसमें मुखिया संघ के पदाधिकारियों के चयन का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से मुखिया संघ के अध्यक्ष कधवन पंचायत के मुखिया फिरदोस अंसारी, गरबांध पंचायत की मुखिया सिविस्टयानी केरकेट्टा को उपाध्यक्ष, नरही पंचायत के मुखिया मनोज कुमार ठाकुर को सचिव एवं बिलासपुर की मुखिया अनुराधा देवी को कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं कोलझिकी पंचायत के मुखिया अजय प्रसाद गुप्ता को संघ के संरक्षक के रूप में चयन किया गया। बैठक के अंत में उपस्थित मुखिया ने चयनित पदाधिकारियों को माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी। बैठक में मुखिया अजय प्रसाद गुप्ता, विवेक कुमार, ओमप्रकाश उरांव, फिरदोस अंसारी, मनोज कुमार ठाकुर, सनिधा सोनी, कुमारी रेखा, सिविस्टयानी केरकेट्टा, सुशीला देवी, सविता देवी व अनुराधा देवी मौजूद थी।

**DISTRICT LEGAL SERVICES AUTHORITY, HAZARIBAGH**
**CIVIL COURT, HAZARIBAGH**
**Mobile No:- 9939201624 e-mail:-dlsahazaribag@gmail.com**
**No. Date:- 29.08.2022**

Applications are hereby invited from eligible lawyers having requisite qualifications for contractual full time engagement for the following three posts:-

1. Chief Legal Aid Defence Counsel ( No. of Lawyers to be engaged - 01)
2. Deputy Chief Legal Aid Defence Counsel ( No. of Lawyers to be engaged – 02 )
3. Assistant Legal Aid Defence Counsel ( No. of Lawyers to be engaged - 03 )

The Scheme of engagement and requisite qualifications as well as application form are available on the website of the Civil Court, Hazaribagh i.e (https://districts.ecourts.gov.in/hazaribag) as well as on the Notice Board of DLSA, Hazaribagh. The duly filled application form along with self-attested copies of documents shall be submitted to the office of DLSA, Hazaribagh, through speed post or in an envelope personally in the office of Secretary, DLSA on or before 5th September 2022 by 17:00 Hrs. Any application received after due date and time shall not be considered.

sd/-
Principal District & Sessions Judge cum Chairman, DLSA, Hazaribagh

PR 276675 Law(22-23).D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG.**

**Short e-Procurement Re-Tender Notice**

**Two Envelope System**

**Tender Reference No. :- WRD/MID/HAZARIBAG/F2-17/2022-23**

**Letter no - 972 Date :- 27.08.2022**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Series Checkdam on Kajara Nala, Block - Barhi, Dist - Hazaribag. |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 92,73,600.00 |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4 | Date of Publication of Tender on website | 07.09.2022 at 1:00 P.M |
| 5. | Last date/Time for Submission of bids | 14.09.2022 up to 5:00 P.M |
| 6. | Date of opening of e-Tender | 16.09.2022 at 03:00 P.M |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag |
| 8 (a)<br>(b) | Contact no. of Procurement officer<br>E-mail of e- Procurement officer | 06546-270485<br>eemidhbg-cemr-jhr@nic.in |
| 9. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651- 2214784 |
| 10 | Last Date of receipt of bids fee, security and other Documents. | 15.09.2022 up to 5:00 P.M At office of 1. Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag. 2. Superintending Engineer, Minor Irrigation Circle, Hazaribag. 3. Chief Engineer, Minor Iriigation Ranchi. |

**Note:- Only e-Tender will be accepted.**
Further details can be seen on website **http://jharkhandtenders.gov.in**

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division,
Hazaribag.

PR 276664 Minor Irrigation(22-23).D

**कार्यक्रम :** राष्ट्रीय खेल दिवस पर जीएन कान्वेंट स्कूल में खेल से जुड़े विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

# खेल हमें सहयोग, समन्वय व अनुशासन का भी पाठ पढ़ाता है : मदन केशरी

**आने वाले समय में आप सभी भावी पीढ़ियों से भी देश को आशा है : सचिव सुषमा केशरी**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जीएन कॉन्वेंट (10+2) स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर स्कूली वैसे बच्चे जो खेल जगत के कई क्षेत्र में अपना नाम जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय अथवा राष्ट्रीय स्तर पर किसी भी खेल से प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को स्कूल प्रबंधन की ओर से उपहार और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन स्कूल की कैप्टन निक्की ने किया।

अपने संबोधन में निदेशक मदन केशरी ने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस प्रत्येक 29 अगस्त को हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस पर मनाया जाता है। अब हमारा देश खेल की दुनिया में एक अलग स्थान बना रहा है। जिसका प्रमाण वर्तमान में बर्मिंघम में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स है। जिसमें अपने देश के बहादुर और कर्मठ खिलडियों ने स्वर्ण, रजत और ब्रॉन्ज कुल 61 पदक हासिल किये। आने वाले खेल प्रतियोगिताओं में यह आंकड़ा और बढ़ेगा। खेल शारीरिक और मानसिक विकास में उपयोगी है, जो खेल कूद से सरोकार रखता है वह डॉक्टर और दवाई से दूर रहता है। पुराने समय में खेल केवल खेल था लेकिन वर्तमान समय में खेल पहचान और करियर भी है। इतना ही नहीं, खेल हमें सहयोग, समन्वय व अनुशासन का भी पाठ पढ़ाता है। सहनशीलता हम खेल से ही सीखते हैं।

स्कूल की सचिव सुषमा केशरी ने कहा कि आने वाले समय में आप सभी भावी पीढ़ियों से भी देश को आशा है। उन्होंने कहा कि यदि खिलाड़ी पूरे मनोयोग और टेक्नोलॉजी का उपयोग करके प्रशिक्षण लें तो कम समय एवं कम उर्जा शक्ति से सफलता हासिल करने में सक्षम हो सकता है। वहीं स्कूल के उपप्राचार्य बीके ठाकुर ने बताया कि स्कूल स्तरीय सभी प्रकार के खेलों की प्रतियोगिता में बच्चों को भाग लेना चाहिए। लगातार प्रयास, अभ्यास और अनुशासन का संकल्प आपको सदैव आगे रखेगा। वहीं सभी विजेता को प्रमाण पत्र, पेन, टॉफी और मेडल प्रदान करते हुए कुश्ती प्रतियोगिता में दशम क्लास की स्नेहा कुमारी, कबड्डी में नवम क्लास की शिल्पी कुमारी, टेबल टेनिस में दशम क्लास की माही, मुस्कान, छठी क्लास के मोहित, प्रतीक तिवारी, भास्कर तिवारी, मोहम्मद फैज, आयुष केशरी, क्लास पांच के रामपुनित तिवारी, बॉक्सिंग में पवल, शिवम, निर्भय, अंशु विश्वकर्मा, तबरेज आलम, अविनाश कुमार, पृथ्वी कुमार और करण शंकर गुप्ता को वहीं वॉलीबॉल में दशम क्लास के बॉबी केशरी, राइफल शूटिंग में 11वीं की सृष्टि आनन्द जबकि 12वीं का सृजन आनन्द को प्राप्त हुआ।

इस मौके पर सभी छात्र-छात्राएं सहित वरिष्ठ शिक्षक उदय प्रकाश, सन्तोष प्रसाद, विनय दुबे, नीलम केशरी, नीरा शर्मा, रिजवाना शाहीन, खुर्शीद आलम सहित विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग।**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 18 / 2022–23**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक 07.09.22 को 10:00 पूर्वाह्न से 3:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 08.09.22 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 08.09.22 को 4:00 बजे अपराह्न से
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
8. मद का नाम :– जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | केरेडारी | पंचायत हेवई, ग्राम पहरा स्थित किचिनया डैम में पुल निर्माण। | 3023400.00 | 5000.00 | 61000.00 | छः माह |
| 2 | केरेडारी | पाण्डेयपुरा कला से देवरिया खुर्द तक पथ निर्माण। | 2554800.00 | 5000.00 | 52000.00 | चार माह |
| 3 | डाढी | कोदवे मध्य विद्यालय का चहारदिवारी निर्माण। | 2309500.00 | 5000.00 | 47000.00 | चार माह |

नोट :–1. अद्यतन UCAN प्रमाण पत्र निविदा के साथ समर्पित करना अनिवार्य है अन्यथा कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा।
2. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग।

PR 276682 District(22-23)D

## सोलर जल मीनार का स्टार्टर किया चोरी




**मनिका (आजाद सिपाही)।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित सिंजो पंचायत के केड़ीमहुआ गांव में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के परिसर में लगे सोलर जल मीनार से अज्ञात चोरों ने रात्रि में स्टार्टर की चोरी कर लिया है। जिसके कारण विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों एवं आसपास के ग्रामीणों को पानी के लिए काफी असुविधा होती देखी गई। वहीं बातचीत के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक सत्येंद्र कुमार ठाकुर ने बताया कि सोलर जल मीनार का स्टार्टर की चोरी होने से बच्चों को और ग्रामीणों को पानी के लिए काफी दिक्कत हो रही है। उन्होंने बताया कि विद्यालय परिसर में बाउंड्री वाल नहीं होने से अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। उन्होंने जिला प्रशासन से विद्यालय परिसर में बाउंड्री वाल बनवाने की अपील किया उन्होंने कहा कि आज के दौर में अपराधी शैक्षणिक संस्थानों पर भी चोरी जैसे घटनाओं को अंजाम देने से बाज नहीं आ रहे हैं। चोरी के संबंध में लिखित आवेदन देकर मनिका थाना में मामला दर्ज करवाई जायेगी। वहीं सिंजो पंचायत के बांड़ी गांव स्थित भट्ठा टोली में लगे दो जल मीनार,और पंचायत के नतबेलवा,समेत इत्यादि गांवों में लगे अनेकों सोलर जल मीनार एवं चापाकल कई महीनों पूर्व से खराब पड़ा है। जिसकी देखभाल या मरम्मत का कार्य नहीं करवाया गया है। जिस वजह से सभी सोलर जल मीनार की स्थिति जर्जर हो चुकी है। यहां के आसपास रहने वाले ग्रामीणों को काफी दूर जाकर अपने उपयोग के लिये पानी लाना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदारों के द्वारा जैसे तैसे करके सोलर जल मीनार तो लगा दिया गया है। लेकिन मोटर के माध्यम से पानी टंकी में जाती है या नहीं,कहीं पर पाइप क्षतिग्रस्त हो गई है, तो कहीं पर जल मीनार लगने के कुछ ही दिनों बाद खराब हो जाता है। जिसका मरम्मत अभी तक नहीं हुआ है। वहीं पंचायत के नवनिर्वाचित मुखिया पति सहायक सिंह ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा पानी के लिए हो रही समस्याओं से मुझे अवगत कराया गया है। मैं हर संभव प्रयास कर लोगों को इस समस्याओं से निजात दिलाने का कार्य करूंगा। वहीं सोलर जल मीनार की स्टार्टर की चोरी के संबंध में उन्होंने कहा कि लिखित आवेदन देकर थाने में मामला दर्ज करवाई जाएगी। और जो भी व्यक्ति चोरी के घटना को अंजाम दिया है उसके ऊपर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने की पुलिस प्रशासन से मांग की जायेगी।

## अगर करना है मानव कल्याण, तो अब आप भी करें रक्तदान: प्राचार्य



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मनिका नगर इकाई के द्वारा आज डिग्री कॉलेज मनिका में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. बिमल कुमार सिंह, प्रदेश सह मंत्री रमेश उरांव, नगर मंत्री मनिका उत्तम कुमार, नगर सह मंत्री अभिषेक कुमार यादव, नगर एसएफएस प्रमुख सौरभ भारती ने स्वामी विवेकानंद एवम मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पण कर और दीप प्रज्वलित कर किया।कॉलेज के प्राचार्य डॉ बिमल कुमार सिंह ने कहा कि हमारे कॉलेज में विद्यार्थी परिषद के द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर बहुत ही सराहनीय कार्य है, इस तरह के आयोजन से छात्रों में जागरूकता बढ़ती है।अपने जीवन का 10वां रक्तदान कर रहे अंग्रेजी के प्रोफेसर श्री पृथ्वी राज ने कहा कि यह मेरे लिए सौभाग्य की बात होगी की मेरे द्वारा किए गए रक्तदान से किसी की जिंदगी बचेगी। वहीं अपने जीवन का 12 वां रक्तदान कर रहे कॉलेज के समाजशास्त्र के प्रोफेसर मनीष तिवारी ने कहा कि रक्तदान महादान होता है, हमारे मानव रक्त का कोई विकल्प नहीं है हमें समय समय में रक्तदान करना चाहिए। नगर मंत्री उत्तम कुमार ने कहा कि मनिका जैसे पिछड़े क्षेत्र में इस तरह के आयोजन से लोगों में जागरूकता बढ़ेगी और उनके मन में रक्तदान को लेकर जो भी भ्रम है वो भी दूर हो जायेगा। शिविर में कुल 10 यूनिट रक्तदान हुआ रक्तदान करने वालों में रक्तवीर कॉलेज के अंग्रेजी के प्रोफेसर श्री पृथ्वी राज, समाजशास्त्र के प्रोफेसर मनीष तिवारी, चंदन कुमार, अभिषेक कुमार, राजू उरांव, सुजीता कुमारी, जानवी, छोटू सिंह, अभिषेक यादव, उत्तम कुमार हैं। मौके पर महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर डॉ. बसंत प्रसाद, इतिहास के प्रोफेसर पंकज मनी तिवारी, वाणिज्य के डॉ. डी के वर्मा, मनोविज्ञान के उमेश रविदास, पलामू पूर्व विभाग संयोजक विकास कुमार तिवारी, एल टी विनय सिंह, हरिशंकर मिश्र, सुरेंद्र बड़ाइक समेत कई छात्र उपस्थित थें।

## पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय में दिन सोमवार को थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राकेश सहाय के नेतृत्व में प्रखंड क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये पुलिस प्रशासन के द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। 12वीं में पढ़ने वाली छात्रा अंकिता कुमारी की पेट्रोल से जलकर हुई मौत के विरोध में राज्य भर के लोगों में आक्रोश है। लोग आरोपी को फांसी देने की मांग कर रहे हैं। प्रखंड क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न ना हो इसलिए फ्लैग मार्च निकाला गया। शांति व्यवस्था बनाये रखने में लोगों से पुलिस प्रशासन को सहयोग करने की अपील की गई। फ्लैग मार्च बरवाडीह थाना से अंबेडकर चौक आदर्शनगर भ्रमण करते हुए पुनः थाना परिसर पहुंचकर समापन किया गया। मालूम हो कि दुमका जिले के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित जरुवाडीह निवासी अंकिता कुमारी का रांची में इलाज के दौरान मौत हो गई। अंकिता कुमारी को शाहरुख नामक युवक ने पेट्रोल डालकर जला दिया था। जिसकी वजह से वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। बताया जाता है कि शाहरुख नामक युवक अंकिता कुमारी से एकतरफा प्यार करता था और अंकिता शाहरुख को पसंद नहीं करती थी।

## पुलिस प्रशासन का चंदवा शहर में फ्लैग मार्च



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा दुमका की अंकिता के निधन के बाद पूरे झारखंड में झारखंड पुलिस प्रशासन पूरे मुस्तैदी के साथ सभी जगह फ्लैग मार्च कर रही है उसी प्रकार चंदवा में भी लातेहार पुलिस कप्तान के निर्देश पर मदन कुमार शर्मा के नेतृत्व में सुभाष चौक से लेकर इंदिरा गांधी चौक तक पुलिस प्रशासन पूरे मुस्तैदी के साथ फ्लैग मार्च कर रही है। वही पुलिस इंस्पेक्टर सर थाना प्रभारी मदन कुमार शर्मा ने दोनों समुदाय से कहां है कि शांति बनाये रखें कानून अपना काम कर रही है। कानून से बचने वाला कोई नहीं है। परंतु सद्भावना बनाकर रखें और स्थानीय लोगों को भी शांति बनाये रखने के लिए अपील करें पुलिस प्रशासन आप लोगों के साथ में है।

# भंडरा पुलिस ने चोर गिरोह के सरगना सहित सात अपराधी को किया गिरफ्तार

## चोर गिरोह का पर्दाफाश होने से क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला के भंडरा थाना पुलिस ने चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए सरगना समेत सात लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस गिरफ्त में आये अपराधियों की पहचान छोटू महली पिता रामनाथ महली, निशांत उरांव पिता दयानन्द उरांव, रोहित महली पिता रामनाथ महली, जेना उरांव पिता मान उरांव, संतोष उरांव पिता महता उरांव, करण महली पिता मुन्ना महली, भूषण टोप्पो पिता आसिम टोप्पो सभी भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कांजो महुआटोली के रूप में किया गया है। इस मामले में भंडरा थाना कांड संख्या-53/22 धारा-379/461 एवं 54/22 धारा-379/461/511/34 भादवि के तहत आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। बताते चलें कि बीते दिनों भंडरा थाना क्षेत्र में चोर गिरोह चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस से बच बचाव कर भागते फिर रहे थे, जिसे टीम गठित कर भंडरा पुलिस ने एक साथ चोर गिरोह के सरगना सहित कई अन्य सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। ज्ञात हो कि आये दिन भंडरा थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में संचालित दुकान एवं घरों में बढ़ते चोरी की घटना से व्यापारी जगत और ग्रामीणों में डर बना हुआ था। इधर भंडरा पुलिस के द्वारा चोर गिरोह को दबोचने से क्षेत्र के व्यवसायिक से जुड़े लोगों एवं आम लोगों में खुशी का माहौल दिखायी दे रहा है। लोग भंडरा पुलिस प्रशासन के सराहनीय कार्य से काफी प्रसन्न हैं। इस संदर्भ में थाना प्रभारी गौतम कुमार यादव ने बताया कि ये सभी चोर गिरोह के लोग टीम बनाकर लगातार थाना क्षेत्र के चट्टी, कचमची, चट्टी बाजार इत्यादि जगहों पर अल्बेसस्टर तोड़कर और शीट उजाड़कर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। थाना प्रभारी गौतम कुमार यादव ने बताया कि उक्त चोर गिरोह के द्वारा एक बार फिर से कचमची में दुकान तोड़ने का प्रयास किया जा रहा था जिसकी सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई की गई। जिसमें सभी चोर गिरोह के सरगना एवं अन्य सदस्यों को गिरफ्तार किया गया एवं कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद लोहरदगा मंडल कारा न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।



### इनकी रही मुख्य भूमिका

इधर चोर गिरोह की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी गौतम कुमार यादव, सब इंस्पेक्टर विकास कुमार विश्वकर्मा, सब इंस्पेक्टर शर्मा भगत, अस्सिटेंट सब इंस्पेक्टर लवकुश सिंह एवं भंडरा थाना के पुलिस बल आदि की भूमिका अहम रही।

## बोर्ड को हटाने को लेकर आदिवासी संगठन ने दूसरे दिन भी किया हंगामा



आजाद सिपाही संवाददाता

**महुआडांड।** पांचवी अनुसूचित क्षेत्र में प्रवेश वर्जित करने को लेकर लगाये गये बोर्ड को प्रशासन के द्वारा हटाये जाने को लेकर आदिवासी संगठन छेछारी परगना के सदस्यों के द्वारा दूसरे दिन सोमवार को भी जमकर हंगामा किया गया। आदिवासी संगठन छेछारी परगना के सदस्य दर्जनों की संख्या में अनुमंडल सह प्रखंड परिसर पहुंचे एवं सर्वप्रथम महुआडांड अनुमंडल कार्यालय मे जाकर महुआडांड अनुमंडल पदाधिकारी नीत निखिल सुरीन एवं अन्य कर्मियों को जबरन बाहर निकाल कर ताला बंदी कर दी। इसके बाद आदिवासी संगठन छेछारी परगना के सदस्य महुआडांड प्रखंड सह अंचल कार्यालय एवं कृषि तकनिकी सूचना केंद्र भवन समेत बारी बारी से सभी कार्यालयों में पहुंचे एवं वहां पर मौजूद बीडीओ अमरेन डांग, जिप सदस्य इस्तेला नगेसिया, प्रखंड उपप्रमुख अभय मिंज समेत सभी प्रखंड सह अंचल कर्मियों को जबरन बाहर निकाल कर तालाबंदी कर दी एवं अनुमंडल कार्यालय केबासर धरने पर बैठ गये। इस दरम्यान आदिवासी संगठन छेछारी परगना के सदस्यों के द्वारा 'संविधान को नही मानने वाले भारत छोड़ो-भारत छोड़ो, एक तीर एक कमान आदिवासी एक समान', पांचवी अनुसूची को नही मानने वाले भारत छोड़ो-भारत छोड़ो₹, आदिवासियों का हक एवं अधिकार नही मानने वाले भारत छोड़ो-भारत छोड़ो, 'जय आदिवासी' आदि गगनभेदी नारे लगा रहे थे। छेछाड़ी परगना के सदस्यों के द्वारा अनुमंडल एवं प्रखंड सह अंचल कार्यालय समेत सभी कार्यालयों में तालाबंदी किये जाने से जहां एक ओर विकास कार्य बुरी तरह से प्रभावित हुए तो वहीं दूसरी ओर सरकारी कार्य कलाप बंद होने से आमलोगों में भी जबरदस्त आक्रोश देखा गया। आधार कार्ड, फसल बीमा, जाति-आय प्रमाण पत्र, पेंशन बनवाने आये लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। आदिवासी संगठन छेछारी परगना के सदस्यों के द्वारा दूसरे दिन भी जमकर हंगामा करने के दरम्यान पुलिस प्रशासन पूरी तरह से बेबस नजर आये। इस दरम्यान महुआडांड एसडीएम नीत निखिल सुरीन, एसडीपीओ राजेश कुजूर, बीडीओ अमरेन डांग, थाना प्रभारी आशुतोष यादव आदि पदाधिकारी एवं पुलिस बल के जवान थे पर सभी बेबस बने रहे।

### इन्होंने काटा बवाल

चटकपुर ग्राम के ग्राम प्रधान संजय कुजूर, प्रकाश कुजूर, खीस्तोफर कुजूर, सुबेदार कुजूर, विलयम कुजूर, कार्तिक असुर, श्रद्धा एक्का, मरियानुस कुजूर, सुमन मिंज, बृजमोहन मिंज, मुकेश खलखो, तरूण उरांव, रूबिना कुजूर, प्रीति रोष कुजूर, जसिन्ता कुजूर, आदि समेत दूसरे अन्य जिलों से आये बाहरी लोग भी शामिल थे।

### क्या कहते हैं छेछाड़ी परगना के संचालक

इस संबंध में छेछाड़ी परगना (पड़हा व्यवस्था) के संचालक (बेल) श्रद्धा एक्का ने कहा कि जब तक उखाड़ा गया बोर्ड को वापस उसी जगह नही लगाती है तबतक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

## राज्यसभा सांसद पहुंचे पाखर, सुनी मजदूरों और ग्रामीणों की समस्याएं

# मजदूरों की मांग पर बालाजी कंपनी करे त्वरित समाधान: धीरज प्रसाद साहू



आजाद सिपाही संवाददाता

**किस्को/लोहरदगा।** जिला के अति सुदूरवर्ती एवं उग्रवाद प्रभावित ग्राम पंचायत पाखर के पठारी क्षेत्र में संचालित बालाजी माइंस कंपनी में स्थानीय 50 मजदूरों की बहाली, सड़क, शिक्षा, पेयजल एवं बिजली व्यवस्था बहाल कराने संबंधी मांग को लेकर विगत एक माह से पाखर पठारी क्षेत्र के स्थानीय ग्रामीण मजदूर वर्ग के लोग बालाजी कंपनी के अड़ियल रवैया से त्रस्त होकर आंदोलन करते आ रहे हैं। इधर इसकी सूचना मिलते ही राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू सोमवार को किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पाखर पहुंचकर स्थानीय ग्रामीण मजदूर एवं बालाजी कंपनी के अधिकारियों से बैठक कर सकारात्मक वार्ता की। इस दौरान राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने बालाजी कंपनी के अधिकारियों से कहा कि पाखर पठारी क्षेत्र के स्थानीय मजदूरों की मांगे जायज है। इसे गंभीरता पूर्वक तत्काल निपटारा करें। उन्होंने बालाजी कंपनी अधिकारियों से सख्त लहजे में कहा कि पाखर क्षेत्र के मजदूरों को स्थानीय होने का शत प्रतिशत लाभ देने में बालाजी कंपनी सक्रिय भूमिका निभायें और क्षेत्र के 50 गरीब असहाय मजदूर वर्ग के लोगों को तत्काल माइंस में बहाली करें। राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि पाखर पठारी क्षेत्र के लोगों के द्वारा रखी गई सभी मांगों पर शीघ्र निराकरण करें नहीं तो बालाजी कंपनी के विरूद्ध आंदोलन धारदार किया जायेगा। बता दें कि पाखर पठारी क्षेत्र के स्थानीय ग्रामीण विगत एक माह से बालाजी कंपनी में 50 लोगों को नियमित रूप से बहाल करने, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल एवं बिजली जैसी मूलभूत सुविधायें बहाल कराये जाने की मांग कर रहे हैं। जिसपर बालाजी कंपनी के द्वारा लंबे समय गुजर जाने के बाद भी कोई ठोस पहल नहीं किये जाने से नाराज ग्रामीण एवं मजदूर वर्ग के लोग अपनी मांगों पर अड़े रहे। इस बीच राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने पाखर क्षेत्र के स्थानीय ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक संज्ञान में लेते हुए हर संभव सकारात्मक पहल कराये जाने की बात कही।

### मौके पर इनकी रही मौजूदगी

मौके पर रास सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष सुखैर भगत, कांग्रेसी नेता नेसार अहमद, संजर अहमद, समाजसेवी उदय कुमार गुप्ता, आदर्श मोटर परिवहन सहयोग समिति लिमिटेड के सचिव जफर इमाम, कांग्रेसी नेता युनूस अंसारी, चमन किसान सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## कैरो में कलमबंद हड़ताल पर रहे सभी राजस्वकर्मी

**कैरो-लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य उप निरीक्षक संघ के तत्वाधान में किये जा रहे चरणबद्ध आंदोलन के तहत अपनी 11 सूत्री मांगों के समर्थन में सोमवार 29 अगस्त को कैरो प्रखंड के राजस्व कर्मचारी एक दिवसीय कलमबद हड़ताल पर रहे। जिस कारण आम लोगों का कोई काम नहीं हो पाया। दूर दरांज से आये ग्रामीण बिना काम कराये ही वापस लौटे। गौर तलब है कि बिते 21 अगस्त को रांची में हुई झारखंड राज्य राजस्व उपनिरीक्षक संघ की राज्य कार्यकारणी की बैठक में सर्वसम्मति से ग्यारह सूत्री मांगों के समर्थन में आंदोलन की रूप रेखा तैयार की गई थी, जिसमें 25 अगस्त को काला बिल्ला लगाकर काम करने, 29 अगस्त को कलमबंद हड़ताल, 02 सितंबर को जिला मुख्यालय में मशाल जुलूस तथा 08 सितंबर को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर अपनी ग्यारह सूत्री मांग का मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने के अलावा 14 सितंबर को मुख्यमंत्री आवास घेराव किया जाना शामिल है। हड़ताल करने वालों में अनूप उरांव, मोदशर हुसैन, इंद्रदेव कच्छप शामिल हैं।

## सांसद धीरज साहू को सौंपा तीन सूत्री मांग पत्र

**किस्को/लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू को सोमवार को किस्को प्रखंड क्षेत्र के अति सुदूरवर्ती एवं उग्रवाद प्रभावित ग्राम पंचायत पाखर पठारी क्षेत्र का दौरा कर इंटक द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेकर क्षेत्र के मजदूर वर्ग के लोगों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनी। इस दौरान झारखंड विकलांग मंच के किस्को प्रखंड अध्यक्ष मुजतबा अशरफ के नेतृत्व में क्षेत्र के दिव्यांगजनों ने अपनी तीन सूत्री मांग पत्र राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहु के हाथों सौंपी। इस दौरान मांग पत्र में दिव्यांगजनों के बैठने के लिये प्रखंड मुख्यालय में भवन निर्माण कार्य कराये जाने, दरी, कुर्सी टेबल एवं पाखर में रोजगार दिलाने आदि मांगें रखी गई। मौके पर दिव्यांग संघ के अध्यक्ष मुजताबा अशरफ, शिवलाल नगेसिया, प्रमोद मुंडा, सेराज अंसारी उर्फ राजू, बंधन उरांव, प्रमोद मुंडा, मुस्लिम अंसारी, इसरार अहमद इत्यादि दिव्यांगजन मौजूद थे।

## बैठक में सुखाड़ फसल राहत योजना पर चर्चा



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा पंचायत समिति की बैठक प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रमुख मनीषा उरांव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इसमें बीडीओ विजय कुमार, उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा उपस्थित थे। बैठक में पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने बैठक में सुखाड़ फसल राहत योजना में प्रज्ञा केंद्र द्वारा किसानों का फार्म आनलाइन करने में 100 से लेकर 150 सौ रुपये तक वसूली करने और पेयजल समस्या, पीएम किसान सम्मान योजना में किसानों की राशि बंद होने, पंचायत में पेयजल संकट गहराने समेत कई मुद्दा उठाया। प्रज्ञा केंद्र के द्वारा किसानों का फार्म आनलाईन करने के मामले में बीडीओ ने कहा कि आनलाइन करने में प्रत्येक किसानों से निर्धारित राशि चालीस रूपये ही लेना है। इससे अधिक की राशि प्रज्ञा केंद्र की और से वसूलने की शिकायत मिलती है तो संबंधित प्रज्ञा केंद्र पर कार्रवाई की जायेगी। पानी समस्या पर कहा कि इसका समुचित समाधान के लिये प्रयास किया जा रहा है। चकला पंचायत समिति सदस्य तारा देवी ने पंचायत सचिवालय को कभी कभार खुलने, पंचायत में सड़क और हांथियों के आतंक से बीडीओ को अवगत कराया, इसपर बीडीओ ने कार्रवाई का आश्वासन दिया, उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा ने पेयजल का समस्या सहित कई मामले को उठाया, प्रमुख मनीषा उरांव ने पेयजल समस्या पर चिंता जाहिर की है, अन्य सदस्यों ने अपने अपने पंचायत के समस्याओं को बैठक में रखा। बीडीओ विजय कुमार ने त्रिस्तरीय पंचायत मद में प्राप्त राशि को कहां और कैसे खर्च की जाय सहित कई बिंदुओं से पंचायत समिति सदस्यों को अवगत कराया। बैठक में प्रमुख मनीषा उरांव, बीडीओ विजय कुमार, उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, पंसस अयुब खान, तारा देवी, संगीता देवी, लीलामनी कुमारी, बुधन गंझू, बलकु मुंडा, अनुरोध कुजूर, लाछो देवी, मनोहर भगत, शुशीला टोपनो, मनीता देवी, दुर्गावती देवी, प्रखंड कर्मी रितेश कुमार, कुश कुमार सहित अन्य शामिल थे।

## हाथी के हमले से बाइक सवार ने भागकर बचायी जान

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत और छिपादोहर गारू मार्ग में हाथी के हमले से बाइक सवार वन विभाग द्वारा खोदे गये गड्ढे में जाकर छिप कर अपनी जान बचायी जबकि जबकि हाथी की झूठ नहीं उसको मोटरसाइकिल को छतिग्रस्त कर दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसारगारू के विद्युत कर्मी अनुज कुमार सोमवार की सुबह 9 बजे के करीब अपने मोटरसाइकिल से गारू से चैनपुर अपने घर जा रहे थे। इसी बीच छिपादोहर गारू पथ में लाभर नाका के समीप सड़क में मुख्य सड़क में हाथियों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। बाइक सवार अनुज कुमार ने किसी तरह बगल के ट्रेंच में छिप कर अपनी जान बचायी। हाथियों को झुंड ने उसकी मोटरसाइकिल को क्षतिग्रस्त कर दिया। हाथियों के झूंड चले जाने के बाद मौके पर आसपास के काफी संख्या में ग्रामीण वहां पर जुट गये और इसकी सूचना छिपाकर थाना प्रभारी को देते हुए सड़क को जाम कर दिया। घटना की सूचना पाकर छिपादोहर थाना प्रभारी विश्वजीत तिवारी, वनपाल नंद कुमार मेहता घटनास्थल पर पहुंचे। जामकर्ताओं ने वन विभाग की मनमानी के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। इसके बाद थाना प्रभारी विश्वजीत तिवारी, वनपाल नंद कुमार मेहता ने जामकर्ताओं को समझा-बुझाकर जाम को हटाया। वही वनपाल श्री मेहता ने हाथियों के झुंड द्वारा घायल किये मोटरसाइकिल को ठीक करने के लिये उचित मुआवजा देने का आश्वासन दिया। वनपाल ने कहा कि प्रावधान के तहत उचित मुआवजा दिलाया जायेगा। ग्रामीण मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

## श्रद्धालुओं के जत्था ने मां कामख्या मंदिर में की पूजा अर्चना



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय के श्रद्धालुओं का एक जत्था मां कामख्या मंदिर में पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख एवं शांति की कामना की। शहर के थाना चौक स्थित महावीर मंदिर के पुजारी एवं श्री बज्रांग देव सेवा संस्थान के संस्थापक पंडित त्रिभुवन पाठक के सानिध्य में श्रद्धालुओं ने मां कामख्या मंदिर में पूजा अर्चना की। श्री पांडेय ने कहा कि कामाख्या मंदिर असम की राजधानी दिसपुर के पास गुवाहाटी से आठ किलोमीटर दूर कामाख्या के नीलांचल पर्वत पर स्थित है। यह मंदिर शक्ति की देवी सती का मंदिर है। इसका तांत्रिक महत्व है। प्राचीन काल से सतयुगीन तीर्थ कामाख्या वर्तमान में तंत्र सिद्धि का सर्वोच्च स्थल है। मां भगवती कामाख्या का सिद्ध शक्तिपीठ सती के इक्यावन शक्तिपीठों में सर्वोच्च स्थान रखता है। उन्होंने बताया कि यहां पूजा अर्चना कर लातेहार एवं समस्त क्षेत्र वासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं में रविंद्र प्रजापति, राजू प्रसाद (ओमप्रकाश), रंजीत कुमार, पंकज प्रसाद, नवीन कुमार सिंह, अंकित पांडेय, संजय प्रसाद, बसंत प्रसाद, सतीश कुमार, गोपाल प्रसाद एवं अरविंद कुमार शामिल हैं।

## बीजेपी ने फूंका सरकार का पुतला

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** जहां एक ओर पहले से ही झारखंड जल रही थी। वहीं आज अंकिता सिंह हत्या कांड ने जले को और ताजा कर दिया है। सोमवार को अंकिता सिंह हत्या कांड को लेकर बालूमाथ प्रखंड में अंकिता सिंह के हत्यारे शाहरुख को फांसी की सजा देने और हत्यारे शाहरुख को संरक्षण दे रही। झारखंड सरकार को इस्तीफा देने को लेकर बालूमाथ प्रखंड में भाजपा कार्यकर्ताओं और आमजनो ने जुलुश निकाल कर एनएच 22 में प्रदर्शन कर सीएम सरकार की इस्तीफा को लेकर मुरपा मोड़ चौक चौराहे पर पुतला फूंका। वहीं राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का भी विरोध किया गया। बालूमाथ प्रखंड के भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, शैलेश सिंह, अमित कुमार, रामकुमार गुप्ता,देवनंदन गुप्ता,सहित दर्जनो भाजपा कार्यकर्ताओ, विहिप के कार्यकर्ताओं और आमजनों ने एक स्वर से कहा है कि शाह रुख की सनक की शिकार हुई अंकिता की जान बचाई जा सकती थी। रांची उपद्रव में घायल नदीम को राज्य सरकार एयर एंबुलेंस से सरकारी खर्च पर दिल्ली भेज मेदांता में इलाज कराती है, वहीं अंकिता को रांची भेजने तक की व्यवस्था नहीं कर पाती। उधर, भाजपा के शैलेश सिंह ने कहा है कि झारखंड शर्मिंदा है बेटी अंकिता। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार शैलेश सिंह उपेंद्र रंगीला पिंकू कुमार लालदेव गंझु अखिलेश भोक्ता रामकुमार गुप्त देवनन्दन प्रसाद उमेश ठाकुर अर्जुन साव तुलसी साव छोटू गुप्ता सोनू सिन्हा राजकुमार महतो,अनिल प्रजापति ,राजू गुप्ता ,उपेंद्र रंगीला, उदय यादव, राजेश साव ,राजा श्रीवास्तव, हेमंत प्रजापति ,कारण कुमार सहित दर्जनो लोगों शामिल रहे। तो वहीं बालूमाथ के थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद,सीओ अफताब आलम दलबल के साथ तैनात दिखे।

# बिशुनपुर में सड़क हादसा में तीन युवकों की मौत

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नदारद थे डॉक्टर, नाराज ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**सीओ, थानेदार एवं कल्याण पदाधिकारी के मुआवजा जल्द दिलाने के आश्वासन पर दो घंटे बाद ग्रामीणों ने हटाया सड़क से जाम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिशुनपुर।** थाना क्षेत्र के कोको टोली गांव के समीप सुबह के 9:30 बजे बॉक्साइट ट्रक व मोटरसाइकिल की भीषण टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बनारी गोरा टोली निवासी लालू ठाकुर (35), बजरंग महली (35) एवं सूरज महली (30) एक मोटरसाइकिल में सवार होकर बिशुनपुर की ओर आ रहे थे। तभी कोकोटोली बगीचा के पास बस को ओवरटेक करने के क्रम में विपरीत दिशा से आ रहे बॉक्साइट ट्रक से बाइक सवारों की सीधी भिड़ंत हो गई। जिससे मौके पर ही लालू ठाकुर एवं बजरंग महली ने दम तोड़ दिया, जबकि गंभीर अवस्था में घायल सूरज महली को आनन-फानन में थानेदार सदान्द सिंह के द्वारा 108 एंबुलेंस के माध्यम से समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर लाया गया, परंतु स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर नदारद थे। जिसको लेकर लोगों में नाराजगी देखने को मिली। वहीं घायल की स्थिति को देखते हुए एनएम के द्वारा प्राथमिक उपचार के उपरांत उसे सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया। जहां रास्ते में सूरज ने भी दम तोड़ दिया। ग्रामीणों ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि दूर तक आवाज सुनाई दी एवं मोटरसाइकिल ट्रक में ही लटक कर एक किलोमीटर दूर बनारी नाका के समीप गिरी। हालांकि ट्रक भाग निकलने में सफल रहा, परंतु लोगों ने ट्रक की पहचान कर ली है।

सड़क हादसे के उपरांत ग्रामीणों को जैसे ही सूचना मिली कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर नहीं हैं तो 10:00 बजे के आसपास घाघरा महुआडांड़ मुख्य पथ पर गांव के ग्रामीणों ने उतर कर जाम कर दिया और मुआवजा का मांग करने लगे। इधर सड़क जाम की सूचना जैसे ही मिली प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्य के निर्देश पर प्रखंड प्रशासन से गणेश राम महतो जाम स्थल पहुंचे। जहां उन्होंने पीड़ित परिजनों को तत्काल पांच-पांच हजार रुपये की मदद पहुंचाते हुए सरकार द्वारा सरकारी मुआवजा दिलाने की बात कही। जिसके उपरांत अंचला अधिकारी धनंजय पाठक पहुंचे। जिनसे जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने पीड़ित परिजनों के लिए आवास एवं विधवा पेंशन एवं सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा की मांग की।

मौके पर सीओ धनंजय पाठक ने स्थानीय मुखिया बसनू उरांव को पीड़ित परिजनों से मिलकर अविलंब डॉक्यूमेंट तैयार करते हुए जमा करने की बात कही, ताकि जल्द परिजनों को मुआवजा दिलाया जा सके। सीओ धनंजय पाठक, थानेदार सदानंद सिंह एवं कल्याण पदाधिकारी गणेश राम महतो के आश्वासन के उपरांत दो घंटे बाद ग्रामीणों ने सड़क से जाम हटाया और आवागमन सुचारू हुआ। इससे पूर्व सड़क के दोनों ओर गाड़ियों की लंबी कतारें लगी हुई थीं।

### सप्ताह में तीन-तीन दिन डॉक्टर करते हैं ड्यूटी

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर में वर्तमान में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी कृष्ण मुरारी सिंह एवं एक महिला डॉक्टर सोनाली डीजे मिंज पदस्थापित हैं परंतु उक्त दोनों डॉक्टरों ने आपसी सामंजस्य बनाकर सप्ताह में तीन-तीन ओपीडी संभालने का निर्णय ले रखा है। आज सोनाली मिंज की ड्यूटी थी परंतु गुमला से आने में विलंब हुआ। लोगों ने कहा कि डाक्टर को स्थायी रूप से मुख्यालय में ही रहना चाहिए ताकि जरूरत पड़ने पर लोगों को अविलंब चिकित्सा मुहैया करायी जा सके।

### डॉक्टर होते तो बच सकती थी जान : जनप्रतिनिधि

बिशुनपुर सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत की सूचना जनप्रतिनिधियों को जैसे ही मिली प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव, उपप्रमुख चंदन सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक खेरवार, बनारी मुखिया बसनू उरांव, प्रेम दत्ता आदि लोगों ने पीड़ित परिजनों को दिलासा दिया। साथ ही समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर नदारत रहने को लेकर रोष प्रकट करते हुए कहा कि इतनी बड़ी आबादी वाले क्षेत्र में डॉक्टर का गायब रहना यह बड़े दुर्भाग्य की बात है। अगर आज समय पर डॉक्टर उपस्थित होते तो शायद सूरज महली को बचाया जा सकता था। अविलंब अगर व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो हम आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## गुमला उप प्रमुख ने उपायुक्त को आवेदन देकर की पेयजलापूर्ति की मांग

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला के उप प्रमुख मोहम्मद मुस्तफा आलम ने उपायुक्त को आवेदन देकर हर घर नल जल योजना के तहत जल आपूर्ति की मांग की है। उन्होंने इस आशय का सैकड़ों ग्रामीणों का हस्ताक्षर युक्त आवेदन उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने आवेदन में कहा है कि टोटो के हजार परिवार वाली आबादी के लोग अभी भी कुआं डाड़ी आदि का पानी पीकर जीवन यापन करते हैं। जिसके कारण आये दिन यहां के लोग बीमार हो रहे हैं। सरकार द्वारा संचालित हर घर नल जल योजना के तहत टोटो में प्रत्येक परिवार में पेयजल आपूर्ति के लिए व्यवस्था कराना निहायत जरूरी है। मुस्तफा आलम ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए स्वस्थ जल की आवश्यकता है। उन्होंने उपायुक्त से गुहार लगाई कि वे टोटो ग्राम वासियों को स्वस्थ जल उपलब्ध कराने में मदद करें।

## बीडीओ ने कस्तूरबा विद्यालय के शिक्षकों के साथ बैठक कर मूलभूत सुविधाओं पर की चर्चा



**बसिया (आजाद सिपाही)।** गुमला उपायुक्त सुशांत गौरव के निर्देश के आलोक में ट्रांसफॉर्मेशन ऑफ केजीबीके अभियान को लेकर सोमवार को बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा कस्तूरबा विद्यालय के सभी पूर्णकालिक एवं अंशकालिक शिक्षकों के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। जिसमें विद्यालय में बच्चों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही उनका सम्पूर्ण विकास कैसे हो इसी को लेकर बैठक की गयी। साथ ही वार्डेन को निर्देश दिया गया कि विद्यालय में आवश्यकता की सूची बनाकर अबिलम्ब उपलब्ध करायी जाये।

## डुमरी प्लस टू उच्च विद्यालय का इंटर रिजल्ट की त्रुटि में हुआ सुधार

**डुमरी (आजाद सिपाही)।** डुमरी+2उ च्च विद्यालय टांगरडीह के बच्चों का इंटर परिणाम पत्र कुछ दिन पूर्व में घोषित हुआ था। जिसमें विद्यालय प्रबंधक के द्वारा रिजल्ट में त्रुटि हो गई थी। ज्ञात हो कि 12वीं के बच्चों की प्रायोगिक परीक्षा का अंक नहीं जुड़ा था। जिससे सभी बच्चों का प्रतिशत कम हो गया था। जिसे जिला शिक्षा अधीक्षक सुरेंद्र पांडेय ने विद्यालय पहुंचकर मामले की जांच की थी और कहा था कि प्रायोगिक परीक्षा में जिन बच्चों का अंक नहीं जुड़ पाया है उसे जोड़ने हेतु जैक में बात कर उसे ठीक किया जायेगा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमरेश कुमार टोप्पो ने बताया कि 12वीं के बच्चों की प्रायोगिक परीक्षा का अंक नहीं जुड़ा था, जिसे अब ठीक कर दिया गया है। सभी बच्चों का अंक जुड़ गया है। 55 विद्यार्थी प्रथम स्थान प्राप्त किये हैं, वहीं 19 विद्यार्थी द्वितीय स्थान लाकर विद्यालय का नाम रोशन किये हैं। उन्होंने बताया कि इस बार का रिजल्ट पिछले 10 सालों की अपेक्षा सबसे ज्यादा और अच्छा रहा है।

## अचानक बैंक बंद होने से उपभोक्ताओं में नाराजगी, किया सड़क जाम

**बैंक कर्मी की पिटाई मामले को लेकर अनिश्चितकालीन भी बंद हो सकता है घाघरा बैंक ऑफ इंडिया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** बैंक कर्मी की पिटाई मामले में सोमवार को बैंक ऑफ इंडिया घाघरा शाखा बंद रही। उपभोक्ताओं ने आधे घंटे से अधिक सड़क जाम किया। जाम की सूचना मिलते ही थानेदार अमित कुमार चौधरी व एसआई देव प्रताप प्रधान अपने दल बल के साथ जाम स्थल पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर सड़क जाम हटाया। बताते चलें कि प्रत्येक दिन की भांति बैंक के उपभोक्ता सुबह 7 बजे से ही लाइन पर लग गए पर 11 बजे तक बैंक नहीं खुलने के बाद आक्रोशित उपभोक्ताओं ने बैंक के समीप गुमला-लोहरदगा मुख्य पथ को जाम कर दिया और बैंक खोलने की मांग पर अड़े रहे। इस दौरान कुछ उपभोक्ताओं ने कहा किसी एक की गलती की सजा हम सभी को नहीं मिले। जो गलती किया है उसे अवश्य सजा मिले। ताकि आगे से कोई ऐसा ना कर सके। मंगलवार को तीज का पर्व है साथ ही करमा पर्व भी सामने आ पहुंचा है। ऐसी स्थिति में बैंक बंद होने से हम लोगों के बीच संकट उत्पन्न हो गया है। जाम स्थल पर पहुंचे थानेदार अमित चौधरी ने बताया कि वे बैंक के अधिकारियों से संपर्क किये। इस पर बैंक खोलने के संबंध में बैंक के अधिकारियों ने बैंक खोलने की बात पर स्पष्ट जवाब नहीं दिया। बैंक कर्मी के साथ मारपीट के बाद बैंक कर्मी पूरी तरह से सहमे हुए हैं। अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। जिस कारण बैंक बंद रहा। आंतरिक सूत्रों के हवाले से पता चला कि अनिश्चित कालीन के लिए भी बैंक बंद हो सकता है।

### यह है पूरा मामला

यहां बता दें कि बीते 26 अगस्त को प्रखंड प्रमुख पति कृष्णा लोहरा के द्वारा बैंक कर्मी विवेक प्रशांत कुजूर के साथ मारपीट की गयी थी, जिसके बाद घाघरा थाना में कृष्णा लोहरा के अलावे 10-12 अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

### बैंक कर्मी के साथ हुई मारपीट के विरोध में बीसी पॉइंट संचालकों ने भी केंद्रों को रखा बंद

बीसी पॉइंट संचालक ने भी बैंक कर्मी के साथ हुई मारपीट के विरोध में बीसी केंद्रों को बंद रखा। बैंक बीसी भी उपभोक्ताओं को सेवा नहीं दे रहे हैं। वह भी इस घटना को लेकर बैंक बंद का समर्थन कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार पता चला है कि रांची में बैंक के बड़े-बड़े अधिकारियों के साथ हाई लेवल मीटिंग हो रही है, जिसके बाद ही बैंक खोलने की दिशा में फैसला लिया जाएगा।

## उग्रवादी हिंसा में मारे गये बुधवा की विधवा राशन कार्ड के लिए लगा रही है दफ्तरों का चक्कर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मिशन बदलाव ने विधवा के गांव जाकर उसके लिए सहयोग का दिया आश्वासन**



**गुमला।** उग्रवादी हिंसा में मारे गए लोगों के परिजनों को एक सरकारी नौकरी के साथ ढेर सारी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। सरकार और सरकारी अमले का ये दावा कितना खोखला है इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उग्रवादी हिंसा में बुधवा अहीर की हत्या हो जाने के बाद पति देवी के पास राशन कार्ड तक नहीं है। बुधवा अहीर की हत्या 24.12.2012 को उद्रवादियों ने गोली मारकर कर दी थी। यहां तक कि उग्रवादियों ने बंदूक की बट से मारकर बुधवा की पत्नी पति देवी के दांत भी तोड़ डाले थे। वह विधवा आज एक अदद राशन कार्ड के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाकर थक चुकी है। पति देवी गुमला जिले के पालकोट के गांव तुनटोली मर्दा की रहने वाली हैं। कुदरत ने भी पति देवी से खूब इंसाफ किया है। उग्रवादियों ने उसके पति को मार डाला। इधर उनका इकलौता बेटा आग में बुरी तरह से झुलस गया। जिससे वह अपाहिज बनकर बैठा हुआ है। एक तो नक्सल प्रभावित क्षेत्र, ऊपर से कोई कमाने वाला नहीं। इससे बखूबी अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस विधवा का परिवार कैसे चलता होगा। सरकारी अफसरों को क्या है? उन्हें तो मोटी रकम तनख्वाह में मिल जाती है। लेकिन एक गरीब का परिवार कैसे चलता है इसका दर्द उन्हें कहां महसूस होने वाला। हैरत की बात तो यह है कि इस मामले का खुलासा तब हुआ जब मिशन बदलाव की टीम पति देवी के गांव पहुंची। वहां मिशन बदलाव के सदस्यों ने उक्त विधवा से बातचीत की और हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया। हालांकि मिशन बदलाव की टीम ने यह बताया है कि उपायुक्त सुशांत गौरव को इसकी सूचना दी जा चुकी है। अब इंतजार है उन घड़ियों का जब उग्रवादी हिंसा से पीड़ित पति देवी और उसके पूरे परिवार को न्याय मिल जाये।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### घाघरा थाना में बैंक कर्मी के साथ मारपीट व गणेश पूजा को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना परिसर में बैंक कर्मी के साथ मारपीट व गणेश पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को संपन्न हुई। बैठक में बैंक कर्मी के साथ में मारपीट को लेकर चर्चा की गयी। साथ ही इसकी निंदा बैठक में उपस्थित लोगों ने की। इस पर थानेदार ने कहा कार्रवाई जरूर की जाएगी। किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। हमारे वरीय पदाधिकारियों के द्वारा भी हमें निर्देश प्राप्त हुआ है। साथ ही गणेश पूजा को लेकर चर्चा की गई। जिसमें बताया गया कि घाघरा में दो जगह पर गणेश पूजा की जाती है। जिसे लेकर विधि व्यवस्था पर खास नजर रखने की बात थानेदार ने कही। वहीं असामाजिक तत्व की सूचना तुरंत थाना को दें ताकि कोई भी बड़ी घटना ना घटे। इस मौके पर मुख्य रूप से थानेदार अमित कुमार चौधरी, मानती उरांव, बिपिन बिहारी सिंह, शीला रानी कुमारी, शीला कुजूर, सीमा देवी, अमित ठाकुर, सुशीत गोस्वामी, सुखराम भगत, सरोजनी किरण भगत, मनोज कुमार, गौतम कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर डुमरी +2 उच्च विद्यालय में फुटबॉल मैच का आयोजन



**डुमरी (आजाद सिपाही)।** डुमरी +2 उच्च विद्यालय टांगरडीह के मैदान में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। मैच में वर्ग 11वीं की टीम फाइनल में पेनल्टी शूट में 10वीं की टीम को पराजित करते हुए विजेता बनी। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अमरेश कुमार टोप्पो ने खिलाड़ियों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस हम सभी के बीच खेल की भावना को जागृत करता है। कहा कि 'जादूगर' के नाम से प्रसिद्ध भारत के महान व कालजयी 'मेजर ध्यानचंद' जिन्होंने भारत को ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक दिलवाया, उनके प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए उनके जन्मदिन 29 अगस्त को हर वर्ष भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनके खेल में उपलब्धि से हम सभी भारतीयों को गर्व होता है। की सूची बनाकर अविलम्ब उपलब्ध करायी जाये।

### गणेश चतुर्थी के त्यौहार को लेकर चैनपुर थाने में की गयी शांति समिति की बैठक



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर थाना परिसर में गणेश चतुर्थी के त्यौहार के निमित्त सर्किल इंसपेक्टर बैजू उरांव की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सर्किल इंसपेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिया कि पर्व मनाने में किसी तरह की अशांति उत्पन्न ना हो। हर्षोल्लास के साथ सादगीपूर्ण और आपसी सौहार्द के साथ पर्व मनायें। किसी की भावनाओं को ठेस ना पहुंचे, बस इसका ख्याल रखें। वहीं एसआई रंजन झा ने कहा कि यह त्यौहार हिन्दू धर्मावलंबियों द्वारा मनाया जाता है और इस त्यौहार को मनाने के लिए सभी धर्म एवं समुदाय के लोग सहयोग करेंगे तथा शांति व्यवस्था कायम रखते हुए एक दूसरे से मिलकर हंसी खुशी के साथ मनाएंगे और साथ ही साथ किसी भी तरह के अफवाहों पर ध्यान नहीं देंगे। जहां पर भी समस्या हो तो थाना को सूचित करेंगे। वहीं दुर्गा पूजा सह रामनवमी पूजा के संरक्षक यमुना प्रसाद केशरी ने कहा कि हमारा देश विविधता में एकता का प्रतीक है हम वर्षों से सभी समुदाय के लोग सभी के पर्वों को आपसी सौहार्द के साथ मनाते आये हैं। इस बार भी वैसे ही मनाएंगे। मौके पर मौजूद नवनिर्वाचित जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा कि मैं आप सबों के पूजन कार्यक्रम से लेकर मूर्ति विसर्जन तक आपके साथ रहकर परस्पर सहयोग करती रहूंगी। बैठक में मुख्य रूप से एसआई मदन शर्मा, रंजन झा, कपिल दीपक नाग, माणिक मरांडी, यमुना केशरी, जिप सदस्य मेरी लकड़ा, चैनपुर मुखिया शोभा देवी, बेंदौरा पंचायत के मुखिया सुशील दीपक मिंज, मनोज कुमार, संतोष केशरी, समीर अमरदीप एक्का, मनोज साहू, नीरज मौर्य, मुकेश कुमार, शिवम केशरी, रवि रंजन, राजेश कुमार, रंजीत कुमार, सचिन कुमार, अमित किशोर पाण्डेय, बजरंग गुप्ता, अरविंद मौर्य, जावेद खान, नसीरुद्दीन खान, अफरोज खान सहित सभी धर्म के विशिष्ट गणमान्य एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## कार्यक्रम : गुमला में जोरदार तरीके से मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस

# जिले के खिलाड़ी किये गये सम्मानित

**अनुमंडल स्तरीय बालक फुटबॉल मैच का जिला मुख्यालय में किया गया आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** मेजर ध्यानचंद सिंह के जन्म दिन पर गुमला में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय खेल दिवस पर अनुमंडल स्तरीय बालक फुटबॉल मैच का अयोजन जिला मुख्यालय में किया गया। मैच का उद्घाटन एवं दीप प्रज्वलन सांसद सुदर्शन भगत ने किया। इस अयोजन में सुब्रतो मुखर्जी चैम्पियन बरवे हाई स्कूल चैनपुर की अंडर 14 फुटबॉल की बालक वर्ग की टीम, अंडर 17 फुटबॉल बालिका वर्ग सुब्रतो मुखर्जी चैम्पियन आवासीय फुटबॉल बालिका प्रशिक्षण केन्द्र इंडोर स्टेडियम गुमला की टीम ने हिस्सा लिया। मौके पर फुटबॉल के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों सुमति कुमारी, अमिषा बाखला, सालिना कुमारी को सम्मानित किया गया।

एथलेटिक्स राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों सुप्रिति कच्छप, आशा किरण बारला, सुशील उरांव, सुमित उरांव, अमित उरांव, आशीष बाखला, चन्द्र देवी साहू, विनित उरांव, प्रितम उरांव एवं साकेत मिंज को सम्मानित किया गया। साथ ही कबड्डी में सलोनी कुमारी, बैडमिन्टन में परमेश्वर दास, पुजा कुमारी, रानी प्रिया, फुटबॉल प्रशिक्षक में बीना केरकेट्टा, रीजवान अली, सुबोर कुजूर को सम्मानित किया गया। साथ ही पूर्व के खिलाड़ी कार्तिक उरांव को भी सम्मानित किया गया। इस प्रकार जिले में 2022 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुल 110 खिलाड़ी सम्मानित किए गये।

### जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में गुमला अनुमंडल ने बाजी मारी

गुमला। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। जिसमें पहला मैच चैनपुर अनुमण्डल बनाम, गुमला अनुमण्डल जिसमें गुमला अनुमण्डल 3-0 से विजयी रहा। दूसरा मैच गुमला अनुमंडल बनाम बसिया अनुमंडल बीच रहा जिसमें मैच टाई रहा। तीसरा मैच चैनपुर अनुमण्डल बनाम बसिया अनुमंडल हुआ, जिसमें बसिया 1-0 विजयी रहा। प्रथम स्थान प्राप्त किये गुमला सदर अनुमंडल के खिलाड़ियों को पचास हजार, द्वितीय स्थान प्राप्त किये गए अनुमण्डल बसिया के खिलाड़ियों को तीस हजार, तृतीय स्थान प्राप्त किये गए चैनपुर अनुमण्डल के खिलाड़ियों को दस हजार का चेक प्रोत्साहन राशि के रूप में दिया गया।

## दुर्गा पूजा समिति चांदनी चौक के पुनः अध्यक्ष अमित नाग व सचिव संजय सिन्हा बनाये गये

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** श्री दुर्गा पूजा समिति चांदनी चौक घाघरा की बैठक रविवार की देर शाम आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ संरक्षक विपिन बिहारी सिंह ने की। जहां पुरानी कमेटी को यथावत रखा गया। जिसमें अध्यक्ष अमित नाग, उपाध्यक्ष भूपेंद्र नाथ राम, अरुण कुमार पांडे, पंकज कांस्यकार, नीरज कुमार सिंह आसित कुमार सिंह, सहसचिव शैलेश कुमार सिंह व सुरेश चौरसिया, सचिव संजय सिन्हा, कोषाध्यक्ष मनोज महापात्रा सहित वरिष्ठ संरक्षक व सदस्यों का नाम शामिल है।

बैठक में मौजूद कमेटी के अध्यक्ष अमित नाग ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष पूजनोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। साथ ही बताया कि विगत दो वर्ष कोरोना काल के कारण पूजन में जो कमियां रह गई थीं, उसे इस बार और अत्यधिक धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है।

इस मौके पर मुख्य रूप से अशोक पुरा मनोज कुमार सिन्हा, योगेंद्र भगत, पंकज कुमार, मिथिलेश महापात्रा, ललन साहू, अरुण पांडे, हर्ष राज गुप्ता, कुश साहु, रितिक गुप्ता, गौतम साहू, विकास साहू, अजित साहू, प्रवीण साहू, नीरज सिंह, अरविंद जयसवाल, सुशील प्रसाद गुप्ता, सुरेश कुमार, रामजतन साहू, नीरज जयसवाल, रामचंद्र बढ़ाई, संजय वर्मा, अमित ठाकुर, ॠषि महापात्रा सत्यम कुमार गुप्ता सहित कई लोग समिति के कई पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।

### 4 अगस्त को रक्तदान शिविर के आयोजन का निर्णय

इधर समिति द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन आगामी 4 अगस्त को करने का निर्णय लिया गया। जिसे सफल बनाने में समिति के तमाम पदाधिकारी व सदस्यगण को शामिल होने की बात कही।

## पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने जिला सीएसआर समिति की बैठक की

# सीएसआर के तहत लेस्लीगंज एवं सतबरवा में वर्षा मापक यंत्र का होगा अधिष्ठापन




**मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने समाहरणालय स्थित सभागार में सोमवार को जिला सीएसआर समिति की बैठक ली।इसमें वित्तीय वर्ष 2020-21,2021-22 में विभिन्न कंपनियों के तहत किए गए कार्यों की समीक्षा की गयी साथ ही वर्तमान वित्तीय वर्ष 2022-23 में विभिन्न कंपनियों के एजेंडा से भी अवगत हुए। बैठक में समाज कल्याण,शिक्षा, स्वास्थ्य,आजीविका,आदि से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने जिले में कार्यरत हिंडालको,सीसीएल राजहारा,पावर ग्रीड व ग्रासिम इंडस्ट्रीज के सीएसआर कार्य की विस्तारपूर्वक जानकारी ली।

**सीएसआर के तहत लेस्लीगंज व सतबरवा में वर्षा मापक यंत्र का होगा अधिष्ठापन**

बैठक में वित्तीय वर्ष 2022-23 में सीएसआर के तहत लेस्लीगंज व सतबरवा में वर्षा मापक यंत्र अधिष्ठापन कराने का निर्णय लिया गया साथ ही जपला के जवाहर नवोदय विद्यालय में वाटर कूलर व सोलर पावर सप्लाई यंत्र लगाने का भी निर्णय लिया गया।वहीं संप्रेषण गृह में भी आवश्यक सामग्रियों की आपूर्ति हेतु कंपनियों को निर्देशित किया गया।इसी तरह विशेष केंद्रीय सहायता मद से संचालित कोयल अपैरल पार्क में मार्केट लिंकेज प्रदान करने के लिए सीसीएल राजहरा से सहयोग लिया जाएगा।बैठक में उप विकास आयुक्त मेघा भारद्वाज,योजना पदाधिकारी रमन कुमार समेत सीएसआर समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## शहर के खगड़िया मुहल्ला का ट्रांसफार्मर जला

### वार्ड नौ व दस में छाया अंधेरा

**वार्ड पार्षद ने बिजली एसडीओ को आवेदन देकर अविलंब ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की**



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद शहर के वार्ड नौ एवम दस के बिजली उपभोक्ताओं के लिए खगड़िया मुहल्ला में लगा हुआ ट्रांसफार्मर विगत तीन दिन पूर्व जल गया।ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण वार्ड नौ एवम दस में अंधेरा छा गया है ।साथ ही बिजली उपभोक्ताओं को उमस भरी गर्मी में पानी व अन्य मूलभूत सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है।इस संबंध में वार्ड नौ के वार्ड पार्षद नजीर अहमद ने बिजली विभाग के सहायक अभियंता को एक आवेदन देकर अविलंब ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने की मांग की है।बिजली एसडीओ ने वार्ड पार्षद को आश्वस्त किया है कि बिजली उपभोक्ताओं की कठिनाई को देखते हुए यथाशीघ्र नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा जाएगा।आवेदन देने वालो में मुख्य रूप से युवा समाजसेवी अंशु अग्रवाल समेत क्षेत्र के दर्जनों बिजली उपभोक्ता मौजूद थे।

## विद्या मंदिर जपला में खेल प्रतियोगिता का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,जपला में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा ने मां सरस्वती तथा ध्यानचंद के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। हॉकी के जादूगर पदम भूषण मेजर ध्यानचंद का नाम विश्व के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ियों में गिना जाता है उन्होंने अपने कौशल से देश की राष्ट्रीय खेल को पूरे विश्व में सम्मान दिलाया। उनके रहते भारतीय टीम ओलंपिक खेलों में तीन बार स्वर्ण पदक विजेता बनी।अपने संबोधन में प्रभारी प्रधानाचार्य ने कहा कि खेलकूद का हम सबके जीवन में बहुत महत्व है खेल शारीरिक,मानसिक एवं बौद्धिक विकास करता है,विद्या मंदिर समय-समय पर खेल का आयोजन करता रहा है। इस खेल प्रतियोगिता में एथलेटिक्स प्रतियोगिता जैसे-छात्र-छात्राओं की 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़,लंबी कूद,गोला फेंक एवं मुख्य खेल कबड्डी,खो-खो जैसे प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यालय में शारीरिक शिक्षक अभिषेक कुमार पाठक ने मेजर ध्यानचन्द के जीवन पर प्रकाश डालते हुये कहा कि मेजर ध्यानचंद जी की जयन्ती मनाने का वास्तविक अर्थ की सिद्धि तभी होगी जब हम उनके गुणों को अपने अन्दर समाहित करें तथा अपने राष्ट्र का नाम खेल जगत में उन्नति के शिखर पर ले जायें। इस खेलकूद में शेष प्रतियोगिता 30 अगस्त को आयोजित की जाएगी। मंच संचालन हर्षदा चौबे ने किया।इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक मृत्युंजय प्रसाद, जयनारायण सिंह,अजय कुमार, धर्मेंद्र कुमार सहित सभी आचार्य-दीदी जी उपस्थित थे।

## डीसी ने कृषि,गव्य विकास,पशुपालन व मत्स्य विभाग के कार्यों की समीक्षा की

**मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी अंजनेयुलू दोड्डे ने सोमवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में कृषि, पशुपालन,गव्य,मत्स्य एवं सहकारिता विभाग से संबंधित योजनाओं और उनके प्रगति से जुड़े कार्यों की समीक्षा की।इस दौरान उन्होंने सभी विभाग के अधिकारियों को पलामू में कम बारिश की वजह से उत्पन्न समस्याओं के मद्देनजर सरकार द्वारा चलाई जा रही झारखंड राहत फसल योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ जिलेवासियों तक पहुंचाने को लेकर संबंधितों को निर्देशित किया।उपायुक्त ने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड योजना कृषकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।इसमें अपेक्षित प्रगति नहीं हो रही है।इस संबंध में उन्होंने कृषि पदाधिकारी को इसके लिए बैंकवार पेंडेंसी लिस्ट तैयार कर अग्रणी जिला प्रबंधक से समन्वय स्थापित कर लंबित किसान क्रेडिट कार्ड के आवेदनों को यथाशीघ्र स्वीकृत करने का निर्देश दिया। वहीं जिला पशुपालन पदाधिकारी को जागरुकता अभियान चलाकर कर मुख्यमंत्री पशुधन योजना के बारे में लाभुकों को जागरूक करने निर्देश दिया। पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान पशुपालन पदाधिकारी ने बताया कि सभी पंचायतों में शिविर लगाकर वैक्सीनेशन का कार्य किया जा रहा है।इसी तरह उन्होंने भूमि संरक्षण पदाधिकारी को तालाबों का जीर्णोद्धार करने की बात कही। उन्होंने कृषि पदाधिकारी को पलामू में कम वर्षा की स्थिति को देखते हुए किसानों का सर्वे कराने हेतु निर्देशित किया तथा अधिक से अधिक किसानों को सब्जी की खेती करने के संबंध में जागरूक करने की बात कही।

## एनसी पास सहायक अध्यापकों की हुई बैठक

### संगठन का किया गया विस्तार



**हैदरनगर/पलामू (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज के सहायक अध्यापक/अध्यापिकाओं की बैठक हैदरनगर देवी मंदिर परिसर में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष बिनोद तिवारी उपस्थित थे। बैठक में एनसी पास सहायक अध्यापकों के संबंध में विशेष चर्चा की गई। अंक प्रमाण पत्र प्रखंड संसाधन केंद्र कार्यालय में जमा करने का निर्णय लिया गया। जिससे उन्हें प्रशिक्षित का मानदेय भुगतान हो सके। बैठक में सर्वसम्मति से संघ का विस्तर किया गया। जिसमे निरंजन कुमार सिंह सहायक अध्यापक को अनुमंडलीय अध्यक्ष चुना गया। जबकि सुशील कुमार सिंह हुसैनाबाद प्रखंड अध्यक्ष, सिकेश सिंह हैदरनगर प्रखंड अध्यक्ष व दिलीप कुमार को मोहम्मदगंज के प्रखंड अध्यक्ष चुना गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि अगली बैठक हुसैनाबाद में आयोजित होगी। बैठक में विनय कुमार सिंह, रविरंजन कुमार सिंह, अवधेश यादव, उदित सिंह, बालयोगेश्वर पाल, कामेश्वर पाल आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## वेंटिलेटर तोड़ हुसैनाबाद ग्रामीण बैंक में चोरी का प्रयास, जांच में जुटी पुलिस

### सुरक्षा व्यवस्था की खुली पोल, बैंक का सीसीटीवी व अलार्म भी खराब



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद शहर के मुख्य बाजार स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में चोरी का प्रयास किया गया। रविवार देर रात चोरों ने वेंटिलेटर को काटकर बैंक के अंदर घुसे और बैंक में चोरी करने की कोशिश की। हालांकि अपराधी चोरी की घटना को अंजाम देने में असफल रहे।चोरों द्वारा लॉकर व कागजात रखे गोदरेज को तोड़ने का प्रयास असफल रहा।बैंक मैनेजर चेतन प्रकाश कराड़िया ने बताया कि शनिवार व रविवार को साप्ताहिक छुट्टी होने के कारण बैंक बंद था।सोमवार की सुबह बैंक खुलने के उपरांत देखा कि बैंक के कई कागजात इधर-उधर बिखरे पड़े है और लॉकर व गोदरेज का ताला को भी तोड़ने का प्रयास किया गया है।उन्होंने बताया कि बायोमेट्रिक मशीन व चाभियों का गुच्छा गायब है।इसके अलावे बैंक के कैश व कागजात सभी सुरक्षित है।घटना की सूचना मिलने पर हुसैनाबाद थाना प्रभारी जगरनाथ धान व एसआई अजित कुमार ने बैंक पहुँचकर घटना की जानकारी लिया।थाना प्रभारी द्वारा बैंक मैनेजर से पूछताछ के क्रम में जानकारी मिली कि बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे भी घटना की रात बंद था और अलार्म भी तकनीकी रूप से काम नही कर रहे थे। मैनेजर ने बताया कि बैटरी डिस्चार्ज रहने के कारण सीसीटीवी कैमरे बंद थे।थाना प्रभारी ने बैंक में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने प्रथम दृष्टया चोरी की मामला को संदिग्ध बताया।

**सुरक्षा व्यवस्था की खुली पोल,बैंक का सीसीटीवी व अलार्म भी खराब**

रविवार की रात ग्रामीण बैंक की शाखा में चोरी की हुई घटना के बाद बैंक की सुरक्षा व्यवस्था की भी पोल खुल गयी है।थाना प्रभारी द्वारा जांच के क्रम में सीसीटीवी खराब मिले वही सायरन में भी खराबी थी।थाना प्रभारी ने बैंक प्रबंधक को तमाम सुरक्षा में मिली खामियों को तत्काल दुरुस्त कराने का निर्देश दिया है।साथ ही थाना प्रभारी ने शहर के सभी बैंक प्रबंधक से बैंकों की सुरक्षा के सभी मानक को दुरुस्त करने की अपील की है।

## जिप सदस्य मुखिया व पंचायत समिति के द्वारा धोती साड़ी व लुंगी का वितरण



**पांडू/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांडू पंचायत में दिन सोमवार को पांडू जिप सदस्य मीना देवी,मुखिया प्रियंका कुमारी , व पंचायत समिति सदस्य संगीता देवी, ने सामूहिक रूप से अपने पंचायत में सरकार के द्वारा चलाए गए धोती,साड़ी वितरण योजना में शामिल हो कर गरीब असहाय लोगों के बीच धोती,साड़ी लुंगी का वितरण किया,जिसमे धोती लुंगी ,10 रुपया व साड़ी ,10 रुपया यानी प्रत्येक व्यक्ति 20रुपया में देना है,वही पांडू पंचायत के डीलर लखन पासवान मुलुकराज कुंवर ,राम पुकार सिंह,राम परिखा सिंह,के साथ कई डीलर ने वितरण किया,,मौके पर उप मुखिया चंदन मेहता,वार्ड सदस्य संजू देवी, गिरु सिंह अरविंद जहरीला,प्रिंस सिंह,अतुल्य कुमार सिंह नरेंद्र कुमार,के साथ दर्जनों लोग सामिल थे।

**कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा**

**सूचना**

झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश के आलोक मे जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा मे स्थापित Legal Aid Defence Counsel System ( LADCS) के तहत कोडरमा मे Deputy Chief Legal Aid Defence Counsel के 02 पद एवं Assistant Legal Aid Defence Counsel के 03 पदो के लिए योग्य उम्मीदवारो से विहित प्रपत्र मे आवेदन आमंत्रित किए जाते है। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि दिनांक 05/09 /2022 की संध्या 05:00 बजे तक निर्धारित की गई है। उक्त पदो के लिए योग्य उम्मीदवार विहित प्रपत्र मे भरे हुए आवेदन सभी प्रमाण पत्रो की स्व–अभिप्रमाणित प्रतिलिपि के साथ स्पीड पोस्ट के माध्यम से अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा के कार्यालय मे सीधे जमा कर सकते हैं। इस संबंध मे विस्तृत जानकारी झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (JHALSA)के वेबसाइट www.jhalsa.org तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के नोटिस बोर्ड को देखा जा सकता है। साथ ही साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के कार्यालय से इस संबंध मे जानकारी प्राप्त किया जा सकता है।

ह0/–
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार
कोडरमा

ह0/–
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार
कोडरमा

PR 276629 (Law)22-23*D

# ज्योति प्रकाश की जयंती पर विशेष

### साहित्य,संगीत और सरस्वती के संगम का नाम ज्योति प्रकाश था : प्रो. एससी मिश्रा



स्वर्गीय ज्योति प्रकाश

**पलामू के रत्न थे ज्योति बाबू**

**मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)।** पलामू के रत्नों में से एक थे ज्योति प्रकाश। 30 अगस्त 1920 को पलामू के रत्न ज्योति प्रकाश जी का जन्म हुआ था। जिन्हें शहरवासी ज्योतिन बाबू के नाम से जाना करते थे। ज्योति प्रकाश जी लोहरदगा व्यवसायिक परिवार में जन्मे मृदुभाषी,सामाजिक व्यक्तित्व के साथ साथ साहित्य, संगीत और विद्या के लिए समाज में समर्पित थे। स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी द्वारा पलामू प्रमंडल का पहला चलचित्र 1940 में मोहन सिनेमा के नाम पर खोला गया था। ज्योति प्रकाश जी की साहित्य साधना 1934 से 1956 काफी प्रचलित रही। इनकी रचनाओं को पढ़ने के बाद स्पष्ट हो जाता है कि वह एक बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। साहित्य साधना के क्रम में इन्होंने झिलमिल, सीधा रास्ता, बुलबुल, दिल की गहराई से और धूप और छाया के नाम से प्रकाशित हुई है जो काफी लोकप्रिय हुई। कहानियों का संकलन नवनीत,ज्ञानोदय और कादिमबनी में हमेशा छपते रहे हैं। उनके प्रयास से 1962 में सार्वप्रथमा डालटनगंज में अखिल भारतीय संगीत और साहित्य सम्मेलन का आयोजन किया गया था, इस सम्मेलन में गोपाल सिंह नेपाली जैसे कवि के साथ-साथ उस दौर के भारत के जाने-माने अन्य प्रसिद्ध कवि भी मौजूद थे। स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी की लेखनी को भारत के साहित्य सम्राट शिव पूजन सहाय, वृंदावन लाल वर्मा, राहुल संस्कृत आयन, सुमित्रानंदन पंत, हजारी प्रसाद द्विवेदी, अमरनाथ झा, दिनकर, लक्ष्मीनारायण सुधांशु, योगेश्वर प्रसाद जख्मी, डॉ राधाकृष्णन जैसे दिग्गजों ने सराहा था। उनकी विशेष रुचि क्लासिकल संगीत में भी हमेशा बनी रहती थी यही कारण था कि हर वर्ष होली के बाद पलामू जैसे पिछड़े जिले में संगीत सम्राट पद्मश्री बिस्मिल्लाह खान,पंडित नारायण राव व्यास , सुनंदा पटनायक, शोभा गुटूर,परवीन सुल्ताना, प्रख्यात नृत्यांगना पद्मश्री सितारा देवी, प्रतिमा बेदी, पंडित सियाराम तिवारी, पद्मश्री गुदई महाराज, पद्मश्री पंडित किशन महाराज, पंडित बैजनाथ मिश्र एवं फिल्म स्टार गोविंदा की मां श्रीमती निर्मला अरुण आदि सैकड़ों कलाकारों का कई वर्षों तक आगमन हुआ। पद्मश्री गिरिजा देवी तथा किशन महाराज तो इनके परिवार की तरह ही थे। जिले की शिक्षा के विकास की चिंता उन्हें बराबर रही थी। उन्हीं के सौजन्य एवं सहयोग से डालटनगंज में जनता- शिवरात्रि कॉलेज की स्थापना हुई जिसका पूर्व में नाम ज्योति प्रकाश जनता शिवरात्रि कॉलेज था। कई वर्षों तक इस कॉलेज के शासी- निकाय के सचिव भी रहे। यह कॉलेज फल- फूल कर एक बड़े वृक्ष का रूप अब ले चुका है जो पलामू की पहचान में एक है। ज्योति बाबू धार्मिक विचार के व्यक्ति थे। अपने घर में जहां उन्होंने शिव मंदिर की स्थापना की वही अंबेडकर पार्क के बगल में ज्ञान शंकर सार्वजनिक दुर्गा- मंडल का भी निर्माण कराया। स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी ने उस दौर का पहला इंग्लिश मीडियम स्कूल आनंद शंकर बाल विद्या मंदिर की स्थापना भी अपने दोस्तों के कहने पर की थी जिसका नाम अब रोटरी स्कूल आनंद शंकर है। उनकी कृति के चलते ज्योति बाबू का नाम पलामू के इतिहास में अमर रहेगा। उन्होंने अपने पीछे परिवार में अपने धर्मपत्नी द्रौपदी देवी के अलावे दो पुत्र आनंद शंकर एवं ज्ञान शंकर तथा एक पुत्री सीमा जयसवाल जो अब नहीं रही को छोड़ गए हैं। उनके दोनों पुत्रों द्वारा उनके बनाए मार्ग पर चलते हुए शिक्षा के क्षेत्र में हेरिटेज स्कूल,जेनी किड्स, ज्योति प्रकाश महिला बीईडी कॉलेज का निर्माण कराया वही कई व्यवसायिक कार्य कर हजारों लोगों को रोजगार दे रहे। स्वर्गीय ज्योति प्रकाश की पुत्रवधू अरुणा शंकर जो मेदिनीनगर की महापौर हैं। वहीं दूसरी बहू शिक्षा की पूरी व्यवस्था को सवारने में लगी है। शहर के जाने माने साहित्यकार प्रो. एससी मिश्रा ने बताया कि ज्योति बाबू साहित्य,संगीत और सरस्वती के संगम के क्षेत्र में बहुत ही सराहनीय कार्य किए है। आज उनको सभी सामाजिक कार्यो को करने के दौरान उन्हें याद किया जाता है।

## हैदरनगर रेलवे स्टेशन पर 42 यात्रियों ने करायी कोविड जांच, एक मिला संक्रमित



**हैदरनगर/पलामू(आजाद सिपाही)।** हैदरनगर रेलवे स्टेशन पर विभिन्न ट्रेनों से आने जाने वाले 42 यात्रियों की कोविड जांच सोमवार को की गई है। एक यात्री संक्रमित पाया गया। उसे जरूरी दावा व हिदायत देकर घर भेज दिया गया है। इस अभियान में शामित स्वास्थ्यकर्मी प्रमोद कुमार सिंह व सिपाही राम ने बताया कि यात्रियों के जांच के दौरान रेल प्रशसन का भी सहयोग लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने जांच का काम तेज कर दिया है। उन्होंने कहा कि जीडीआर अप व डाउन शटल ट्रेन के गुजरने के क्रम में सोमवार रेलयात्रियों की कोविड जांच की गई। जिसमे एक यात्री पॉजिटिव पाए गए। उन्होंने बताया कि तीन दिनों के दौरान करीब डेढ सौ यात्रियों की जांच की जा चुकी है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि संक्रमण से बचने के लिए यात्रियों को जांच के बाद ही कहीं भी यात्रा शुरू करना चाहिए। जिससे उनकी यात्रा सुखद व सुरक्षित हो सकेगी। उन्होंने बताया कि रेलवे स्टेशन के अलावा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरनगर में जांच निशुल्क किया जाता है।

## लटपौरी पंचायत में ग्रामसभा एक सितंबर से निर्धारित

**हैदरनगर/पलामू(आजाद सिपाही)।** लटपौरी ग्राम पंचायत के विभिन्न गांव में ग्राम सभा एक सितंबर से आयोजित किया जायेगा। इस संबंध में पंचायत के मुखिया उमेश राम ने पत्र जारी किया है। पत्र के माध्यम से कहा गया है कि 15 वें वित्त आयोग, मनरेगा व डीएमएफटी के तहत वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए ग्राम सभा के माध्यम योजनाओं का चयन किया जायेगा। जारी पत्र के अनुसार प्राथमिक विद्यालय भगड़ा में सुबह 11 बजे, सार्वजनिक स्थल पचपोखरी में दोपहर 2 बजे, दो सितंबर को मध्य विद्यालय डाली में सुबह 11 बजे, सार्वजनिक स्थल गजरही दोपहर 2 बजे, तीन सितंबर उर्दू मध्य विद्यालय सबनवा सुबह 11 बजे, न्यू प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर दोपहर 2 बजे, पांच सितंबर पंचायत सचिवालय लटपौरी सुबह 11 बजे व मध्य विद्यालय माली दोपहर 2 बजे ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। मुखिया उमेश राम ने इस संबंध में सभी वार्ड सदस्यों, आंगनबाड़ी सेविका, स्वास्थ्य व जल सहिया के अलावा समाज के अग्रणी लोगों को कहा है कि वह अपने अपने गांव टोला में आम लोगों को ग्राम सभा में अधिक से अधिक लोगों को पहुंचने के लिए प्रेरित करेंगे। मुखिया ने वार्ड सदस्यो से व्यापक प्रचार करने की बात भी कही है।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम–अफरोज, उम्र–35 रंग–सॉवला,

उपरोक्त लापता व्यक्ति अफरोज, पे0–मुस्तकीम अंसारी, सा0–माईल, पो0–साण्डी, थाना–रामगढ़, जिला–रामगढ़, जो दिनांक–19.07.2022 को घर से बगैर बताए कहीं चले गए जो आजतक अपने घर वापस नहीं आए है। इनकी खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलता हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपा0 मु0, द्वितीय, रॉंची–9431706142

वरीय पुलिस अधीक्षक,
रॉंची

PR 276628 Police(22-23)#D

## महत्वपूर्ण न्यूज

### ईएसएल 9वें ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवार्ड्स 2022 से सम्मानित



बोकारो (आजाद सिपाही)। वेदांता समूह की कंपनी और प्रमुख राष्ट्रीय स्टील उत्पादक, ईएसएल स्टील लिमिटेड को स्वास्थ्य देखभाल के प्रचार की श्रेणी में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए 9वां वार्षिक ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवार्ड्स 2022 से सम्मानित किया गया। ग्रीनटेक फाउंडेशन ने असम के गुवाहाटी में इस पुरस्कार समारोह का आयोजन किया था। ग्रीनटेक फाउंडेशन भारत की एक अग्रणी संगठन है जो पर्यावरण प्रबंधन, सीएसआर और मानव संसाधन के क्षेत्रों में हमेशा कॉर्पोरेट जगत के बीच सर्वोत्तम प्रथाओं को बनाने, पहचानने और पुरस्कृत करने के लिए समर्पित है। ईआर व पीआर के सीएसआर के हेड आशीष रंजन, और ईएसएल के सीनियर अफसर निधि चावड़ा ने पुरस्कार को ग्रहण किया। यह पुरस्कार उन कंपनियों या संगठनों को दिया जाता है जिन्होंने सीएसआर के प्रति उच्चतम स्तर की प्रतिबद्धता प्रदर्शित की हो। समारोह में एस लक्ष्मणन, आईएएस, वाणिज्य, उद्योग और सार्वजनिक उद्यम सचिव, और रविशंकर प्रसाद, आईएएस, अतिरिक्त मुख्य सचिव, पर्यावरण, डॉ. अरूप कुमार मिश्रा, असम प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष, कमलेश्वर शरण, ग्रीनटेक फाउंडेशन के अध्यक्ष और सीईओ, और किरण डीएम, ओएनजीसी फाउंडेशन के सीईओ उपस्थित थे। इस अवसर पर ईएसएल के सीईओ एनएल वट्टे ने कहा कि यह ईएसएल के लिए बड़े सम्मान की बात है। इससे हमें आगे और बेहतर करने के लिए प्रोत्साहन मिलता है। ईएसएल की महत्वपूर्ण सफलताएं एवं विभिन्न सीएसआर पहलों के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को प्रमाणित करती हैं, जिसमें मोबाइल हेल्थ वैन और वेदांता,ईएसएल ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र परियोजना के तहत प्रोजेक्ट-आरोग्य में शामिल हैं एवं मल्टी बुजुर्गों के लिए गतिविधि केंद्र और वेदांता कोविड केयर फील्ड अस्पताल। ईएसएल हमेसा आगे भी इसी प्रकार से समुदायों के विकास में उनकी सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

### प्रश्नमंच प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले सम्मानित



करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)। जरीडीह बाजार विभागीय स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जरीडीह बाजार के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परचम लगाते हुए अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है। सिंदरी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आयोजित संस्कृति ज्ञान महोत्सव की प्रतियोगिता में अवध बिहारी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जरीडीह बाजार के शिशु वर्ग की प्राची कुमारी, रीता कुमारी एवं परी कुमारी ने प्रतिभा का लोहा मनवाया। पूरे विभाग (धनबाद और बोकारो जिले) में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बहनों को स्थानीय विद्यालय के सचिव समाजसेवी अनिल अग्रवाल, प्रधानाचार्य कमलजीत सिंह एवं समिति के सदस्य सागर प्रसाद ने मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया और उनका उत्साहवर्धन किया। अनिल अग्रवाल ने कहा कि बच्चे परिश्रम करते रहे। इनको किसी प्रकार की कठिनाई आती है तो उनका निराकरण किया जाएगा। हम विद्यालय के साथ हैं। उन्होंने आगे की प्रतियोगिता की जानकारी दी। वहीं, मंच का संचालन सुभाष चंद्र झा ने किया। इधर, समारोह को सफल बनाने में सुरेश लाल, महेंद्र मंडल, जलमंडल, काजल मंडल, रुबीना, शकुंतला, रिया और दीक्षा आदि की भूमिका सराहनी रही।

### आजसू प्रतिनिधि ने की बोकारो जिला श्रम अधीक्षक और जिला नियोजन पदाधिकारी के साथ मुलाकात



बोकारो (आजाद सिपाही)। स्थानीय बेरोजगारों को निजी क्षेत्र में 75 फीसदी रोजगार को लेकर अजासू बोकारो जिलाध्यक्ष सचिन महतो के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिदल जिला श्रम अधीक्षक एवं जिला नियोजन पदाधिकारी से मिलकर ज्ञापन सौंपा। साथ ही संबंधित पदाधिकारी से रोजगार को लेकर बात की गयी। इसी मुद्दा को लेकर आठ सितंबर को बोकारो जिला आजसू की ओर से जिला मुख्यालय में एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष महेंद्र चौधरी, लखन ख्वास, जिला प्रवक्ता प्रकाश शर्मा, जिला सचिव अमर लाल, बंकू बिहारी सिंह और शंकर गिरी आदि उपस्थित थे।

### जमीन विवाद को लेकर रैयतों व बांसजोड़ा कोलियरी प्रबंधक के बीच हुई अहम वार्ता



लोयाबाद (आजाद सिपाही)। बांसजोडा कोलियरी कार्यालय में सोमवार को बांसजोडा बस्ती के रैयतों और कोलियरी प्रबंधन के बीच जमीन विवाद को लेकर वार्ता हुई। दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी जमीन संबंधित कागजात एक दूसरे को दिखाया। प्रबंधन और रैयतों के बीच पुराने और नये खतियान को काफी देर तक जिच चला। अंत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आठ सितंबर को आहूत वार्ता में दोनों पक्षों के लोग जमीन संबंधी कागजात साथ में ले कर आएंगे। उसी दिन कागजात देखने के बाद किसकी जमीन कितनी इस बात पर सहमति बनेगी। वार्ता में प्रबंधन की ओर से पीओ एके झा, स्टेट ऑफिसर बीडी महतो, परमजीत, पर्सनल ऑफिसर राजीव कुमार, सर्वेयर एसके मित्रा और रैयतों की ओर से आजसू नेता मंटू महतो, गीता सिंह, रामप्रवेश गुप्ता, कोकिल महतो, हीरालाल रवानी, जय नारायण सिंह, राजू रवानी, रमेश सिंह, पप्पू रवानी, राजू महतो, महेश सिंह आदि शामिल थे। इधर, पीओ ने पूछे जाने पर बताया कि आठ सितंबर की बैठक होगी उसी में यह स्पष्ट हो जाएगा कि कितनी जमीन पर विवाद है। कुछ जमीन पर मामला न्यायालय में लंबित है। 10 लाख टन कोयले का उत्पादन होना बाकी है। जमीन विवाद के कारण काम रुका हुआ है।

### मोबाइल दुकान से हजारों की चोरी

कतरास (आजाद सिपाही)। कतरास थाना क्षेत्र के छाताबाद पुल के समीप स्थित मोबाइल दुकान का शटर तोड़कर रविवार की रात चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। दुकान मालिक मो वसीम कुरैसी ने कतरास पुलिस को लिखित शिकायत देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग कि है। वहीं पुलिस भी जांच में जुट गई है। भुक्तभोगी वसीम ने बताया कि रोजाना की तरह रविवार की रात को भी दुकान बंद कर भंडारीडीह स्थित अपने आवास चला गया। इसी बीच देर रात अपराधियों ने दुकान का शटर तोड़कर 10 मोबाइल फोन, 40 हेडफोन, एक मोबाइल वाच, 15 स्पीकर, एक पावर बैंक और दो पीस बड़ा बुफर आदि लेकर चंपत हो गए, जिसकी कीमत 50 हजार रुपये है।

हादसा : 11 हजार वोल्ट का तार टूट कर गिरने से जला सामान, बाल-बाल बचे लोग

# ग्रामीणों ने कनीय अभियंता को घंटों बनाया बंधक

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** मधुबन थाना क्षेत्र स्थित बिराजपुर बस्ती के ग्रामीणों ने सोमवार को 11 हजार वोल्ट का तार टूटकर गिरने से हुई क्षतिपूर्ति की मांग को लेकर विद्युत विभाग के के कनीय अभियंता देवीलाल सोरेन को घंटों बंधक बनाए रखा। ग्रामीण विद्युत विभाग के अधिकारी को मौके पर बुलाने और 11 हजार के केबलयुक्त जाली के साथ तार लगाने के अलावा शॉर्टसर्किट से हुई क्षतिपूर्ति की भरपाई की मांग कर रहे थे। जानकारी के मुताबिक रविवार की देर रात बिराजपुर बस्ती के समीप से गुजरे 11 हजार बोल्ट का तार टूटकर बस्ती में गए बीसीसीएल की लाइटिंग तार पर गिर गया जिससे बिराजपुर और पांडुआभीठा बस्ती के दर्जनों घरों का टीवी, फ्रीज, बल्ब, कुलर और पंखा आदि उपकरण जलकर राख हो गए। साथ ही बिराजपुर बस्ती के दो व्यक्ती भी बिजली के झटके से बेहोश हो गए। उनकी पहचान कन्हाई महतो और सचिन कुमार के रूप में हुई है। दोनों को स्थानीय चिकित्सक से इलाज कराया गया। फिलहाल दोनों स्वस्थ हैं। दूसरी ओर, आक्रोशित ग्रामीण तार जोड़ने पहुंचे विद्युत विभाग के लोगों को तार जोड़ने नहीं दिया, जिससे बाघमारा फिडर से जुड़े, बाघमारा, हरिणा, डुमरा, मुराईडीह बस्ती, दरीदा, घोराठी और निचितपुर सहित 45 गांव की बिजली बाधित हो गयी है। इधर, मामले में ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को भी लिखित सूचना देकर उचित कार्यवाई की मांग की है। लोगों का आरोप है कि संभावित खतरे को देखते हुए कई बार विद्युत विभाग को लिखित एवं मौखिक सूचना देकर 11 हजार वोल्ट के नंगे तार के नीचे (गार्ड वाल) जाली लगाने की मांग की जा रही थी पर अधिकारियों ने कोई तवज्जो नहीं दिया।

इधर, सोमवार की सुबह सूचना देने के बाद भी विलंब से पहुंचने पर विद्युत विभाग के कनीय अभियंता को ग्रामीणों के बंधक बना लिया। करीब दो घंटे ग्रामीणों के चंगुल में बंधक रहने के बाद कनीय अभियंता को छोड़ा गया। इस मामले में देवी लाल सोरेन ने बताया कि ग्रामीणों की मांग को वरीय अधिकारियों के समक्ष रखा जाएगा और उनके आदेशनुसार आगे की कार्यवाई की जाएगी।



आक्रोशित लोगों के बीच बंधक बने बिजली विभाग के कनीय अभियंता।

**कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी खूँटी**
**नया समाहरणालय भवन, ब्लॉक-C, चाईबासा रोड खूँटी, पिन - 835210**
Email Id – deoofficekhunti@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

खूँटी जिला अन्तर्गत अधिसूचित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/स्नातक प्रशिक्षक शिक्षक/स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक का स्वीकृत, कार्यरत, रिक्त पदों का विवरण एवं पदस्थापना विवरणी विद्यालयवार तथा Zone वार सूची जिले के वेबसाईट www.khunti.nic.in पर अपलोड कर दिया गया है। जिसका अवलोकन वेबसाईट में किया जा सकता है। सूची में किसी प्रकार की त्रुटि के निराकरण हेतु दिनांक 30.08.2022 से 03.09.2022 तक कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी खूँटी में अपना आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

ह0/–
जिला शिक्षा पदाधिकारी
खूँटी

PR276608 (District)22-23*D

# बोकारो से चोरी हुई बोलेरो गाड़ी बिहार से बरामद, एक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो से चोरी हुई एक बोलेरो गाड़ी को बिहार के वैशाली जिला से बरामद कर लिया गया है। साथ ही बोकारो पुलिस ने घटना में संलिप्त एक अपराधी को भी गिरफ्तार कर लिया है। बतातें चलें कि बालीडीह थाना क्षेत्र के रेलवे फाटक निवासी रीता देवी की बोलेरो विगत 30 अप्रैल को घर के बाहर से ही चोरी हो गई थी। गाड़ी चोरी करने के बाद चोरों ने उसे बिहार के वैशाली जिला अंतर्गत महुआ थाना क्षेत्र के छतवारा में राजीव कुमार नामक व्यक्ति से बेच दिया गया था। डीएसपी (मुख्यालय) मुकेश कुमार ने बताया कि जरीडीह थाना क्षेत्र से 25 मई को एक वाहन की चोरी हुई थी। जिसके आरोप में अजीत कुमार साहनी और शिवम कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उनसे पूछताछ करने पर बता चला कि बोकारो को वैशाली में बेचा दिया गया है। इस स्वीकारोक्ति बयान के बाद पुलिस ने एसआइटी गठित किया, जो बिहार के लिए रवाना हुई। वहां छापामारी के बाद राजीव के आवास पर खड़ी चोरी की बोलेरो को पुलिस ने बरामद कर लिया। साथ ही राजीव को भी गिरफ्तार कर कार को पुलिस बोकारो ले आई। डीएसपी ने बताया कि गठित एसआईटी टीम एसपी चंदन कुमार झा के निर्देश पर लगातार वाहन चोरों के खिलाफ अभियान चला रही है। पुलिस की इस अभियान में अवर निरीक्षक निखिल आनंद, अवर निरीक्षक दिलीप कुमार आदि शामिल थे।



बरामद गाड़ी और गिरफ्तार व्यक्ति की जानकारी देती पुलिस।

**District Legal Services Authority, Ranchi**
No. **01/LADCS/2022**/Date: 26th August 2022

**NOTICE INVITING APPLICATIONS FOR ENGAGEMENT AS FULL TIME LEGAL AID LAWYERS IN LEGAL AID DEFENSE COUNSEL OFFICE IN RANCHI DISTRICTS OF THE STATE UNDER JHARKHAND STATE LEGAL SERVICES AUTHORITY (JHALSA)**

The State Legal Services Authority, established under the Legal Services Authorities Act, 1987 with mandate to provide free and competent legal services to the underprivileged and disadvantaged sections of the society to ensure that opportunities for securing justice are not denied to any citizen by reason of economic or other disabilities and to secure that the operation of the legal system promotes justice on a basis of equal opportunity to all. Please visit website https://www.jhalsa.org/ for full details.

Realising the need to ponder over the reforms required in the Legal Aid Movement of India a new model of Legal Services Delivery, the **'Legal Aid Defense Counsel System' (LADCS)**, in line with public defender system, is introduced by NALSA. As envisaged, LADCS involve full time engagement of lawyers with support system, dealing exclusively with legal aid work in criminal matters at every stage starting from the pre-arrest, arrest & remand stage to the conclusion of trials and appeals etc. It will enhance the availability and accessibility of Legal Aid in a timely manner and help in creating a mechanism to provide qualitative and competent legal services in a professional manner to underprivileged and disadvantaged section of the society.

The Ranchi Legal Aid Defense Counsel Office may have **01 Chief Legal Aid Counsel, 02 Deputy Chief Legal Aid Defense Counsels, 06 Assistant Legal Aid Defense Counsels** (number of positions depending upon legal aid work in the district). This system will have the effect of enhancing the responsiveness of the Legal Aid Mechanism in country and will ensure accountability on the part of the Legal Aid providers.

The Legal Aid Defense Counsel System will also provide a unique opportunity for Law Students to learn from the best. The Chief Legal Aid Defense Counsel will be given the liberty to engage law students as interns, to give them exposure to practical aspects of criminal law including preparation of defense strategy and doing legal research in various factual scenarios.

JHALSA under the aegis of NALSA (www.nalsa.gov.in) is in process of implementation of LADCS in the Ranchi Districts among other a few Districts in Jharkhand State.

**Applications are invited from eligible lawyers having requisite qualifications for Contractual full-time engagement for the posts of Chief Legal Aid Counsel, Deputy Chief Legal Aid Defense Counsels, Assistant Legal Aid Defense Counsels as per scheme in the Ranchi District. The Lawyers so engaged therein will not be allowed to take any other private cases or any other retainership.**

The Scheme of engagement along with application form may be downloaded from the official website of JHALSA (https://www.jhalsa.org/) and from the official website of Civil Courts, Ranchi (https://www.districts.ecourts.gov.in/ranchi) and also from Notice board of DLSA, Ranchi. The duly filled application form along with self-attested copies of documents may be submitted to DLSA, Ranchi wherein the candidate desires to apply through speed post or in an envelope personally in the office of the Secretary, DLSA, Ranchi on or before **5th September 2022 by 17.00 Hrs**. Any application received after due date shall not be considered.

Note: Applying for engagement does not create any right/ assurance whatsoever.

**Sd/-26.08.2022**
Secretary
DLSA, Ranchi

PR 276694 Law(22-23)D

## अलकडीहा पुलिस ने डीजल चोरी के संदेह में चार कर्मियों को पकड़ा, फिर दबाव में छोड़ा

**झरिया/अलकडीहा (आजाद सिपाही)।** बरसात के पानी को परियोजना में जाने से रोकने के लिए पहाड़ीगोड़ा में नाला खुदाई कार्य में लगी एनटीएसटी और आउटसोर्सिंग परियोजना की मशीनों से रविवार कि रात डीजल चोरी करने के दौरान मौके पर पहुंची अलकडीहा ओपी पुलिस ने बीसीसीएल और आउटसोर्सिंग परियोजना के चार कर्मियों को पकड़ लिया। पुलिस ने मशीन के समीप से दो बड़े गैलन में भरा चोरी का 100 लीटर डीजल व एक खाली गैलन भी जब्त किया है.। हालांकि हिरासत में लिए गए जीनागोरा परियोजना के शावेल ऑपरेटर मुन्ना बीपी एवं डंफर ऑपरेटर गूरूबिगन कहार को छुड़ाने को लेकर संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में कर्मियों ने परियोजना में हड़ताल कर अलकडीहा ओपी का घेराव कर किया। कर्मियों को छुड़ाने के लिए मोर्चा समर्थकों के साथ परियोजना के पीओ एसके सिंहा और प्रबंधक डीके माजी भी ओपी पहुंच गए। पता चला है कि हिरासत में लिए गए दोंनो कर्मी जमसं (कुंती गुट) के समर्थक बताए जा रहे हैं। सूचना के अनुसार दोंनो कर्मियों सहित चार लोगों को पुलिस ने मशीन से डीजल चोरी के दौरान घटनास्थल से नदारत होने पर चोरी में संलिप्त होने के संदेह में हिरासत में लिया था। जिसे घेराव और हड़ताल होने के दबाव में 18 घंटे के बाद छोड़ना पड़ा। परियोजनाओं में कर्मियों के हड़ताल के चलते दूसरी पाली में भी कोयला उत्पादन पभावित हुआ। जिससे कंपनी को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। इस मौके पर संयुक्त मोर्चा के मल्लू सिंह, बंटी सिंह, सुदर्शन प्रसाद, अनिल सिंह, मुंद्रिका पासवान, धर्मेंद्र सिंह आदि शामिल थे।

## सीआइएसएफ ने जब्त किया 10 टन अवैध कोयला

लोयाबाद (आजाद सिपाही)। सीआईएसएफ जवानों ने रविवार की रात बासदेवपुर 12 नंबर में छापामारी कर वहां से करीब 10 टन अवैध कोयला जब्त किया। जिसे कोल डंप में जमा कर दिया गया। मालूम हो कि बासुदेवपुर कोलियरी में इन दिनों सिंडिकेट के गुर्गों द्वारा कोलियरी उत्खनन परियोजना और कोल डंप से भारी मात्रा में कोयले की तस्करी हो रही है। है। कोयला तस्करों के गुर्गों से कोलियरी प्रबंधन काफी परेशान हैं। शाम ढलते ही सिंडिकेट के लोग सक्रिय हो जाते हैं। इसी कड़ी में बासदेवपुर 12 नंबर में कोयला टपाने के लिए जमा कर के रखा गया था कि इसकी भनक सीआईएसएफ जवानों को लग गई। छापामारी का नेतृत्व एएसआई बीके पांडेय कर रहे थे। गौरतलब है कि 30 जुलाई को भी 20 टन कोयला जब्त हुआ था।

धनबाद डेकोरेटर्स एसोसिएशन कतरास शाखा का चुनाव संपन्न

# हंगामों के बीच अशोक अग्रवाल बने अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** गुरु तेग बहादुर मेमोरियल हॉल रानी बाजार में रविवार को धनबाद जिला डेकोरेटर्स एसोसिएशन के कतरास शाखा का चुनाव हंगामे के बीच संपन्न हुआ। चुनाव करवाने जिला से आए प्रवेक्षको ने बंटी खंडेलवाल नामक एक प्रत्याशी पर फंड का पैसा वापस मांगने को लेकर अधिकारीगण को बंदी बनाने का आरोप लगाया। धनबाद से आए चुनाव पर्यवेक्षक ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराते हुए लगभग दो घंटे विलंब से चुनाव शुरू करवाया।

### क्या है पूरा मामला

डेकोरेट एसोसिएशन के चुनाव में एक पक्ष की ओर से अध्यक्ष पद के लिए अशोक अग्रवाल, सचिव पद के लिए संदीप साव एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए आकाश महतो खड़े थे। जबकि दूसरे पक्ष से अध्यक्ष पद प्रत्याशी बंटी खंडेलवाल, सचिव पद के लिए अभिजीत कुमार एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए विक्की मालाकार मैदान में थे। चुनाव में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अशोक अग्रवाल ने 48 वोट लाकर जीत हासिल की। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी बंटी खंडेलवाल को 18 मतों से पराजित किया।

वहीं सचिव पद के उम्मीदवार संदीप साव 41 वोट लाकर अभिजीत कुमार को पराजित किया। कोषाध्यक्ष पद के उम्मीदवार आकाश महतो ने 41 वोट लाकर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी विक्की मालाकार को चार वोट से पराजित किया। सभी विजेता पदाधिकारियों को धनबाद सेंट्रल से आए महासचिव पुरुषोत्तम रंजन एवं द्वारिका प्रसाद तिवारी ने माला और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। वहीं, चुनाव संपन्न कराने में हरभजन लाल गंभीर उर्फ मधु विजय कुमार विजन, गोपाल बोस, शैलेंद्र सिन्हा आदि की भूमिका सराहनीय रही।



विजयी पदाधिकारी को बधाई देते धनबाद डेकोरेटर्स एसोसिएशन कतराश शाखा के सदस्य।

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची**

**मत्स्य कृषकों के लिए आवश्यक सूचना**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना वर्ष 2022–23 अंतर्गत निर्गत विभागीय राज्यादेश सं0– 10 रा0 (वि0) दिनांक 21.06.2022 के द्वारा स्वीकृत लक्ष्य के आलोक में निम्नांकित तालिका में दिये गये विवरणों के अनुरूप कार्यक्रम कियान्वयन किया जाना है–

| क0 | कार्यक्रम | इकाई | भौतिक लक्ष्य लघु शीर्ष 796 | भौतिक लक्ष्य लघु शीर्ष 789 | इकाई अनुमान्य लागत | लाभुक का अंशदान | चयन हेतु अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वर्ष 2017–18 के पूर्व निर्मित केज के लिए ग्रो–आउट नेट 6x4x4 मी0 साईज का 45 ply के 12 – 24एम0एम0 eye size नाईलॉन 210 डी0 नाईलॉन Knotless | सं0 | 05 | – | 30,425/– रू0 प्रति इकाई | 25 प्रतिशत या 7606/– रू0 प्रति इकाई जो कम हो। | वर्ष 2017–18 के पूर्व निर्मित केजो में मछली पालन करने वाले मत्स्यपालक। |
| 2 | मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के लिए मोटरचालित नाव 4 से 6 सीट क्षमता वाले FRP Boat Size 14'.0"x5'-4"x2'-0" के साथ 9.9 HP OBM HIDEA Manual Rope start 2 stroke petrol operated तथा Accessories-Oars (2 Nos.) एवं PP Rope-50 Ft. | सं0 | 01 | – | अधिकतम 4,45,000/– रू0 | 10 प्रतिशत या 44,500/– रू0 जो कम हो। | जलाशय मत्स्यजीवी सहयोग समिति आवेदन कर सकते है। |
| 3 | मत्स्यजीवी सहयोग समितियों/सदस्यों के लिए गिल नेट (Fish net Nylon Poly, Twin size 1/3, mesh size 75mm-150mm, M.D 100) 5 किलोग्राम प्रति लाभुक | सं0 | 70 | 06 | 638/– रू0 प्रति कि0ग्रा0 के अनुमान्य दर से 3190/– रू0 प्रति लाभुक | 10 प्रतिशत या 319/– रू0 जो कम हो। | जलाशयों में मछली की शिकारमाही करने वाले जलाषय म0जी0स0स0 समिति/सदस्य/विस्थापित/कोविड– 19 के प्रवासी मजदूर जो जलाषय में शिकारमाही करते है या करना चाहते है। |
| 4 | केज हाउस का अधिष्ठापन तकनीकी स्वीकृति प्राप्त योजना प्राक्कलन के अनुरूप | सं0 | 02 | – | 5,06,000/– रू0 अधिकतम | 10 प्रतिशत या 50,600/– रू0 जो कम हो। | पूर्व में निर्मित केजो के ऐसे लाभुक जिन्हें केज हाउस का लाभ नहीं मिला है। वे इस योजना का लाभ लेने हेतु सामुहिक रूप से/समिति से माध्यम से आवेदन कर सकते है |
| 5 | नाव | सं0 | 08 | 01 | अधिकतम 33,000/– रू0 | 10 प्रतिशत या 3,000/– रू0 जो कम हो। | जलाशय मत्स्यजीवी सहयोग समिति आवेदन कर सकते है। |

एतद् द्वारा उक्त तालिका में दिये गये विवरणों के आलोक में राँची जिला के ऐसे मत्स्य पालकों से जो आवेदन करने की अर्हता रखते है एवं आवेदित कार्यक्रम के कियान्वयन में अंशदान हेतु सक्षम है, से आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :– 20.09.2022**
**आवेदन जमा करने का स्थान :– जिला मत्स्य कार्यालय, राँची।**
**आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, राँची से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।**

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची

PR 276644 Fish(22-23)#D

तैयारी : रिलायंस एजीएम में मुकेश अंबानी ने किया एलान

# दिवाली तक मेट्रो सिटीज में मिलेगी '5जी' सर्विस

● आकाश जियो, अनंत न्यू एनर्जी और ईशा रिटेल बिजनेस संभालेंगी



आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआइएल) की 45वीं एनुअल जनरल मीटिंग (एजीएम) में 5जी सर्विस लॉन्च करने का ऐलान हुआ। मीटिंग में कंपनी के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने बताया कि 5जी की शुरुआत मेट्रो सिटीज से दिवाली तक होगी। 2023 तक पूरे भारत में 5जी सर्विस मिलने लगेगी। वहीं उन्होंने कहा कि आकाश अंबानी जियो, ईशा अंबानी रिटेल और अनंत अंबानी न्यू एनर्जी बिजनेस की जिम्मेदारी संभालेंगे। ईशा अंबानी ने रिटेल बिजनेस के जानकारी देते हुए बताया कि देश के 260 शहरों में जियो मार्ट पहुंच चुका है। रिलायंस एफएमसीजी बिजनेस भी लॉन्च करेगी। अंबानी ने कहा, जियो 5जी दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे एडवांस्ड 5जी नेटवर्क होगा। जीओ 5जी के लेटेस्ट वर्जन को डिप्लॉय करेगा, जिसे स्टैंडअलोन 5जी कहा जाता है। इसकी 4जी नेटवर्क पर शून्य निर्भरता है। स्टैंडअलोन 5जी के साथ जियो लो लेटेंसी कनेक्टिविटी, बड़े पैमाने पर मशीन-टू-मशीन कम्युनिकेशन, 5जी वॉयस, और मेटावर्स जैसी नयी और पावरफुल सर्विसेज करेगा। उन्होंने कहा कि कंपनी 5जी सर्विस के लिए 2 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी दिवाली तक दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता सहित कई प्रमुख शहरों में 5जी लॉन्च करेगी। दिसंबर 2023 तक पूरे भारत में 5जी कवरेज होगा। कंपनी ने माइक्रोसॉफ्ट, मेटा और इंटल के साथ भी पार्टनरशिप की है। क्वालकॉम के साथ पार्टनरशिप का ऐलान किया गया है।

### लॉन्च से पहले जियो एक्सपीरियंस सेंटर

जियो के डायरेक्टर किरण थॉमस ने कहा कि रिलायंस मुंबई में एक जियो एक्सपीरियंस सेंटर खोलने जा रही है, जहां लोगों को इसके लॉन्च से पहले 5जी का अनुभव करने का मौका मिलेग। हम सभी को जियो ट्रू 5जी के मैजिक को एक्सपीरियंस करने के लिए आमंत्रित करते हैं।

### रिटेल स्टोर्स की संख्या 15,000 के पार पहुंची

रिटेल की डायरेक्टर ईशा अंबानी ने कहा कि डिजिटल कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर हर दिन लगभग 6 लाख ऑर्डर मिले, जो पिछले साल की तुलना में 2.5 गुना ज्यादा है। पिछले साल कंपनी ने करीब 2500 नए स्टोर भी खोले। इसके साथ ही स्टोर्स की संख्या 15,000 से ज्यादा हो गयी है।

इंडिया स्टील कॉन्फ्रेंस 2022 का आयोजन

# जिंदल स्टेनलेस ने जीता 'एमर्जिंग स्टील कंपनी ऑफ द ईयर' पुरस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुंबई।** जिंदल स्टेनलेस ने बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसइ) के सहयोग से आयोजित इंडिया स्टील कॉन्फ्रेंस 2022 और स्टील यूजर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसयूएफआइ) स्टील अवाड्र्स 2021 में 'एमर्जिंग स्टील कंपनी ऑफ द ईयर' का पुरस्कार जीता। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वन एवं संस्कृति मंत्री, महाराष्ट्र सरकार सुधीर मुनगतीवार शामिल हुए। कंपनी को यह पुरस्कार प्रधान मुख्य आयुक्त, सीमा शुल्क मुंबई, प्रमोद के अग्रवाल (आइआरएस) और अध्यक्ष, मुंबई पोर्ट अथॉरिटी और इंडियन पोट्र्स एसोसिएशन राजीव जलोटा (आइएएस) द्वारा प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में टाटा स्टील, जेएसपीएल, जेएसडब्ल्यू स्टील, एएम/एनएस, वेलस्पन कॉर्प लिमिटेड, एलएंडटी कंस्ट्रक्शन, एपीएल अपोलो ट्यूब्स आदि के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

इस उपलब्धि पर प्रबंध निदेशक जिंदल स्टेनलेस अभ्युदय जिंदल ने कहा कि बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के परिसर में, भारतीय उद्योग जगत के दिग्गजों की ऐसी प्रतिष्ठित सभा में इस पुरस्कार से सम्मानित होने पर हमें गर्व है। भारतीय स्टेनलेस स्टील उद्योग की अग्रणी कंपनी के रूप में, जिंदल स्टेनलेस देश के लिए एक सतत भविष्य के निर्माण की दिशा में प्रतिबद्ध है। विश्व स्तरीय गुणवत्ता वाले उत्पादों, बहुराष्ट्रीय उपस्थिति और ग्राहकों की संतुष्टि केंद्रित प्रयास के साथ, हमने भारतीय स्टेनलेस स्टील विनिर्माण को विश्व स्तर पर स्थापित किया है। साथ ही, मैं भारतीय इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत और सतत बनाने के लिए भारत सरकार के अथक प्रयासों का भी आभार व्यक्त करना चाहता हूं। हम इन प्रयासों का समर्थन करते रहेंगे और भारत के विकास में अपनी प्रतिबद्धता पर कायम रहेंगे।

'भारतीय इस्पात उद्योग के बदलते आयाम' पर आयोजित एक पैनल चर्चा में भाग लेते हुए, इस्पात उद्योग के विशेषज्ञों और विचारकों ने विभिन्न चुनौतियों और अवसरों पर विचार-विमर्श किया। इस चर्चा के दौरान, राष्ट्रीय महत्व की कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए स्टेनलेस स्टील का महत्व बताया गया। इसके अलावा, इस बात पर जोर दिया गया कि स्टेनलेस स्टील आधुनिक घरेलू और औद्योगिक समाधानों के लिए एक लंबे समय तक चलने वाली और पर्यावरण के अनुकूल सामग्री के रूप में कार्य करता है।

जिंदल स्टेनलेस घरेलू स्टेनलेस स्टील उद्योग के लिए एक आत्मनिर्भर इकोसिस्टम विकसित करने की दिशा में काम कर रही है, युवा पेशेवरों को प्रशिक्षण दे रही है और स्टेनलेस स्टील के लिए नए अनुप्रयोगों में दोहन कर रही है।

किट और किस ने राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया

# ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार विजेताओं को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** राष्ट्रीय खेल दिवस सोमवार को किट और किस हॉकी स्टेडियम में ओलंपियन अर्जुन पुरस्कार विजेताओं और विभिन्न खेल विषयों के 5000 छात्रों की उपस्थिति में मनाया गया। यह दिवस हॉकी के दिग्गज मेजर ध्यानचंद की जयंती पर उनकी याद में मनाया गया है। मुख्य समारोह किट और किस हॉकी स्टेडियम में आयोजित किया गया था जिसमें ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार विजेता अमित रोहिदास, ओलंपियन लिलिमा मिंज, भारतीय राष्ट्रीय वॉलीबॉल टीम के भारतीय नौसेना कैंपर राज्य रग्बी टीम, राज्य खो खो टीमें और राज्य तीरंदाजी टीमें के साथ 5000 क्रीड़ा छात्राओं ने भाग लिया था। किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत, किट के कुलपति प्रो सस्मिता सामंत, महानिदेशक खेल किट और किस डॉ गगनेंदु दास और किट रजिस्ट्रार प्रो ज्ञान रंजन महांती इस समारोह में सामिल थे।

डॉ सामंत ने अपने संबंधित विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और विभिन्न खेल आयोजनों में देश को गौरव दिलाने के लिए स्टार आर्चीवर्स को सम्मानित किया गया। उनमें दुती चंद ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार विजेता स्राबनी नंद, ओलंपियन शिवपाल सिंह, ओलंपियन अमिय मल्लिक राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक 100 मीटर पुरुष, स्पंदन रथ अंतर्राष्ट्रीय ट्रायआथलेट, अमित रोहिदास ओलंपियन और अर्जुन अवार्डी और लिलिमा मिंज ओलंपियन शामिल थे।

# सोनिया गांधी के पीए पर लगा रेप का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के निजी सचिव पर दो महीने पहले रेप का आरोप लगाने वाली महिला का एक वीडियो सामने आया है। इसमें पीड़िता ने पुलिस पर आरोपी को बचाने और और कंप्लेंट वापस लेने के लिए धमकी मिलने का आरोप लगाया है। दिल्ली की एक दलित महिला ने सोनिया के निजी सचिव पीपी माधवन के खिलाफ नौकरी और शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में केस दर्ज करवाया है। 26 जून को दिल्ली के उत्तम नगर थाने में पुलिस ने एफआइआर भी दर्ज किया है।

पीड़ित महिला ने एफआइआर में बताया कि उसका पति कांग्रेस कार्यालय में होर्डिंग लगाने का काम करता था। दो साल पहले उसकी मौत हो गयी थी। इसके बाद उसने नौकरी के लिए पीपी माधवन से संपर्क किया। एफआइआर के मुताबिक 21 जनवरी 2022 को माधवन ने पहली बार महिला को अपने घर पर बुलाया था। इस दौरान कई बार महिला ने अपने साथ जबरदस्ती किये जाने की बात एफआइआर में कही है।

**माधवन बोले : महिला को जानते हैं, पर आरोप गलत**

महिला का आरोप है कि माधवन ने नौकरी और शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार रेप किया। वहीं, उत्तम नगर थाने में महिला की शिकायत पर माधवन के खिलाफ धारा 376, 506 के तहत केस दर्ज किया था। इधर, आरोपों पर माधवन ने कहा कि वो महिला को जानते हैं, लेकिन आरोप गलत हैं।

# मधुबन में प्रदेश भाजपा का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** मधुबन में आयोजित प्रदेश भाजपा का तीन दिवसीय (27 से 29 अगस्त) प्रशिक्षण शिविर का समापन सोमवार को संपन्न हुआ। इसमें भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, रांची की मेयर आशा लकरा, बोकारो विधायक बिरंची नारायण एवं झारखंड भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मारंडी एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह आदि उपस्थित रहे। प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन अंतिम सत्र में प्रदेश नेताओं को भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री मुरलीधर राव ने अनुशासन का पाठ पढ़ाया साथ ही संगठन मजबूती का गुरुमंत्र भी दिया ताकि राजनीतिक विपक्षियों को मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके। सत्र को संबोधित करते हुए मुरलीधर राव ने कहा कि भाजपा कभी भी किसी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का दल बनने वाला नहीं है, बल्कि यह कार्यकर्ताओं से बना है और कार्यकर्ताओं के लिए बना है। पार्टी के एक एक कार्यकर्ता और समर्थक का दल भाजपा है, इसलिए कार्यकर्ताओं को जब भी मौका मिले, एक गोल दाग देना है।



















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**